भाद्रपद कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 31 अगस्त 2024
वर्ष 3, अंक 11, पृष्ठ 14
2 राज्य, 5 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शेख हसीना और उनके परिवार की विशेष सुरक्षा वापस ली 14

सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म युधा का ट्रेलर रिलीज 13

## भर्ती परीक्षा कराने के लिए तत्काल कदम उठाएं


### हाईकोर्ट का आदेश, सहायक शिक्षक के 27,713 पदों पर भर्ती का मामला

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार व बेसिक शिक्षा परिषद को आदेश दिया है कि वह वर्ष 2018 में शुरू की गई प्रक्रिया के तहत के 27,713 पदों के सम्बन्ध में सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा (एटीआरई) कराने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

न्यायालय ने कहा है कि यदि इस सम्बन्ध में कोई कानूनी बाधा न हो तो एटीआरई कराने का निर्णय दो माह के भीतर लिया जाए, साथ ही न्यायालय ने मामले में अपील दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा सम्बन्धी लाभ दिये जाने पर भी विचार करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि यदि एटीआरई कराने में कोई बाधा हो तो इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अखबारों में प्रकाशित कराई जाए ताकि अभ्यर्थियों को पता चल सके कि उक्त परीक्षा क्यों नहीं कराई जा रही है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अलोक कुमार व अन्य समेत दर्जनों विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। उक्त अपीलें एकल पीठ के वर्ष 2018 के उस आदेश के विरुद्ध दायर की गई थीं जिसमें 21 मई 2018 के शासनादेश को निरस्त करते हुए, एकल पीठ ने एटीआरई 2018 के न्यूनतम मार्क्स को सामान्य व आरक्षित वर्ग के लिए क्रमशः 45 व 40 बरकरार रखने का आदेश दिया था। 21 मई 2018 के शासनादेश के तहत उक्त न्यूनतम मार्क्स को क्रमशः 33 व 30 कर दिया गया था। अपीलार्थियों का कहना था कि एकल पीठ के आदेश के बाद हुए एटीआरई 2018 में 41,556 अभ्यर्थी ही सफल हो सके लेकिन बचे हुए 27,713 पदों के लिए इसके बाद एटीआरई नहीं कराया गया। वहीं राज्य सरकार व परिषद की ओर से न्यायालय को बताय गया कि तमाम मुकदमों के लम्बित रहने के कारण दूसरी एटीआरई नहीं कराई जा सकी। इस पर न्यायालय ने एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने के सम्बन्ध में उक्त अपीलों को खारिज कर दिया, हालांकि सरकार व परिषद के जवाब से भी असंतुष्टि जताई व एटीआरई कराने के लिए तत्काल कदम उठाने का आदेश दिया।




## पैरालंपिक : दो स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं अवनि

### 11 वर्ष की उम्र में कमर के नीचे के हिस्से में मार गया था लकवा

पेरिस, एजेंसी

वंडर गर्ल अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं, जिन्होंने तोक्यो के बाद पेरिस पैरालंपिक में भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। अवनि ने फाइनल में 249.7 का स्कोर बनाकर एक नया पैरालंपिक रिकॉर्ड दर्ज किया। 11 वर्ष की उम्र में कार दुर्घटना में कमर के नीचे के हिस्से में लकवा मारने के कारण अवनि व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। वह तोक्यो पैरालंपिक 2021 में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थीं। क्वालीफिकेशन में गत चैम्पियन अवनि ने 625.8 स्कोर किया और वह इरिना एस के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। दो बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मोना ने क्वालीफिकेशन में 623.1 स्कोर करके पांचवां स्थान हासिल किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत ने पैरालंपिक 2024 में अपने पदकों का खाता खोला। अवनि लेखरा को आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में पदक जीतने पर बधाई।

## एक नजर

### डॉ. सोमनाथन ने कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. टीवी सोमनाथन ने शुक्रवार को केंद्र में कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला। डॉ. सोमनाथन ने राजीव गौबा की जगह ली है जो सेवानिवृत्ति हो गए हैं। कैबिनेट सचिव के रूप में शामिल होने से पहले, वह वित्त मंत्रालय में वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव का कार्यभार देख रहे थे। डॉ. सोमनाथन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1987 बैच के तमिलनाडु कैडर के अधिकारी हैं। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्ट्रेट की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के कार्यकारी विकास कार्यक्रम को भी पूरा किया है, और वह मान्यताप्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंट, कॉस्ट अकाउंटेंट और कंपनी सचिव भी हैं।

### तालाब में डूबने से चार स्कूली छात्राओं की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को स्कूल से लौट रही चार छात्राओं की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बिलोदा गांव में स्कूल से लौट रही चारों छात्राओं में से एक छात्रा का तालाब में पांव फिसल गया और वह डूबने लगी उसे बचाने के प्रयास में तीन अन्य छात्राएं भी पानी में उतर गई और तालाब की गहराई में डूबने से चारों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## निवेशकों से किए हर वादे धरातल पर उतारेंगे : योगी

### 32 औद्योगिक इकाइयों को 1333 करोड़ प्रोत्साहन राशि दी , बतायी 2017 के पहले की स्थिति

- मुख्यमंत्री ने 4884 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली 11 इकाइयों को दिया लेटर ऑफ कम्फर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में 32 औद्योगिक इकाइयों को 1333 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का देते हुए 4884 करोड़ से ज्यादा निवेश करने वाली 11 औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में अव्यवस्था, अराजकता और अपराध का माहौल था। प्रदेश में व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं था तो पूंजी कैसे लगाता।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विकास यात्रा में औद्योगिक समूहों को सहभागी बनाने के प्रदेश सरकार के संकल्प को साझा करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया है कि निवेशकों से किए कमिटमेंट (वादे) को धरातल पर उतारने में कोई संकोच नहीं करेंगे। विरोधी दलों की सरकारों पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की सोच संकीर्ण थी। उनके पास कोई विजन नहीं था। आज प्रदेश में कानून का राज है और निवेश का बेहतर माहौल है। यही वजह है कि निवेश के मामले में भारत का ड्रीम डेस्टिनेशन उप्र बन गया है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिनके लिए प्रदेश में निवेश के बारे में सोचना भी असंभव था। वे लोग देख लें हमारी सरकार ने असंभव को संभव करके दिखाया है। योगी ने कहा कि फरवरी 2023 में आयोजित हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इसमें 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भूमिपूजन के साथ धरातल पर उतर चुके हैं। योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। वहीं, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग की स्थित बेहतर हुई है। योगी ने कहा कि प्रदेश में 27 सेक्टोरियल पॉलिसी लागू हैं। इन पॉलिसी को बनाने के लिए हमने स्टेकहोल्डर्स से सुझाव लिए। उसमें शासन के दायरे में रहकर जो बिंदु जोड़े जा सकते थे उन्हें हमने जोड़ा।



लोकभवन में उद्यमियों को प्रोत्साहन राशि का चेक देते योगी।

### अपराधी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

योगी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश में 125 सीएम फेलो तैनात किए हैं, जो औद्योगिक विकास विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। अपराध, अपराधी और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

### वादा पूरा करने में कोई संकोच नहीं : मुख्यमंत्री

योगी ने कहा कि निवेशकों से जो वादा किया है, उन्हें धरातल पर उतारने में कोई संकोच नहीं है। निवेशकों को सहूलियत देने के लिए शासन की नीति के अंतर्गत डबल इंजन की सरकार सारे बैरियर तोड़ेगी। मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में ग्रोथ इंजन के रुप में कार्य हो रहा है।

## आज के न्यू इंडिया ने गुलामी की जंजीरों को पीछे छोड़ा : मोदी

### कहा - मैं शिवाजी महाराज के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं

- महाराष्ट्र के पालघर में वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी

पालघर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का न्यू इंडिया अपनी ताकत जानता है और उसने गुलामी की जंजीरों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वधावन बंदरगाह देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा। इस बीच मोदी ने 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

मोदी ने कहा कि परियोजना का उद्देश्य एक विश्व स्तरीय समुद्री प्रवेश द्वार स्थापित करना है, जो बड़े कंटेनर जहाजों की जरूरतों को पूरा करते हुए, समुद्र के तटीय तल को गहरा बनाकर तथा अति विशाल मालवाहक जहाजों को समायोजित करके देश के व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के तटीय सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भारत के इस वीर सपूत के साथ ही, इस घटना से आहत लोगों से माफी भी मांगी। मोदी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज... मेरे लिए सिर्फ नाम नहीं हैं, हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं। पिछले दिनों सिंधुदुर्ग में जो हुआ, आज मैं सिर झुकाकर मेरे आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज जी के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा हमारे संस्कार अलग हैं। हम वह लोग नहीं हैं जो आए दिन भारत मां के महान सपूत, इसी धरती के लाल वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं, अपमानित करते रहते हैं, देशभक्तों की भावनाओं को कुचलते हैं।


रिमोट दबाकर वधावन बंदरगाह की आधारशिला व अन्य कार्यों की शुरूआत करते मोदी।

### मोदी ने पिछले वर्ष शिवाजी की प्रतिमा का किया था अनावरण

मोदी ने पिछले साल दिसंबर में सिंधुदुर्ग जिले में नौसेना दिवस समारोह के दौरान प्रतिमा का अनावरण किया था। प्रतिमा का उद्देश्य समुद्री रक्षा के प्रति छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत का सम्मान करना था। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और तकनीकी विशेषज्ञों वाली नौसेना की अध्यक्षता में एक संयुक्त तकनीकी समिति सोमवार को मूर्ति गिरने के कारणों की जांच करेगी।

## चंपई सोरेन अब भाजपा में

- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा की मौजूदगी में हुए शामिल

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) छोड़ने के दो दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शुक्रवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी की वर्तमान कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने और खुद को अपमानित किए जाने का आरोप लगाते हुए सोरेन ने झामुमो से दशकों पुराना नाता तोड़ लिया था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा की मौजूदगी में सोरेन बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया, जिससे सोरेन कुछ समय के लिए भावुक भी हो गए।



### शिबू सोरेन के करीबी थे

चंपई को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का सबसे निकट सहयोगी माना जाता था। हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद सोरेन को 2 फरवरी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया था। हेमंत को जमानत मिलने के बाद उन्हें 3 जुलाई को पद छोड़ना पड़ा था।

## दो लाख 71 हजार ने छोड़ी परीक्षा, 19 पर रिपोर्ट

### सिपाही भर्ती परीक्षा

- 22 गिरफ्तार किए गए, अंतिम परीक्षा आज, पुलिस और प्रशासन मुस्तैद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिपाही भर्ती परीक्षा शुक्रवार को प्रदेश के 67 जिलों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा के चौथे दिन प्रदेशभर के 1,174 केंद्रों पर 6,91,936 उम्मीदवार उपस्थित हुए। जांच के दौरान 94 संदिग्धों की पहचान की गई। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने परीक्षा को हैक करने के प्रयासों से संबंधित 19 एफआईआर दर्ज की और 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने कहा कि परीक्षा के दूसरे दिन दो पालियों में 6,91,936 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। पहली पाली में 3,44,590 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 4,01,870 ने अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया था। इस पाली के दौरान, 61 संदिग्ध उम्मीदवारों की पहचान की गई, लेकिन फिर भी उन्हें परीक्षा देने की अनुमति दी गई। भर्ती बोर्ड उनकी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेगा। उन्होंने कहा कि दूसरी पाली में 3,47,346 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 4,01,972 ने अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड किए थे। इस पाली में भी 33 संदिग्ध अभ्यर्थी नोट किए गए।

हालांकि उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी, परीक्षा के बाद भी उन पर नजर रखना जारी रखेगा। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में हर केंद्र पर पुलिस तैनात की गई थी। तीन दौर की सुरक्षा जांच से गुजरने के बाद ही उम्मीदवारों को प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षा के चौथे दिन शुक्रवार को पुलिस ने 19 एफआईआर दर्ज कर 22 लोगों को गिरफ्तार किया, जिन्हें बाद में जेल भेज दिया गया।


लखनऊ में अभ्यार्थियों की चेकिंग करते कर्मी।

## एनआईए का छापा, दो हिरासत में

- प्रयागराज में पीसीएस-जे की तैयारी कर रहा छात्र भी हिरासत में, महराजगंज में भी एक युवक को हिरासत में लेने की सूचना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एनआईए ने प्रयागराज और महराजगंज जिले के विभिन्न इलाकों में शुक्रवार को छापेमारी की। यह छापेमारी रेड अर्बन नक्सल फंडिंग के मामले में की गई। इस दौरान एनआईए ने प्रयागराज में इंकलाबी छात्र मोर्चा के सदस्य के बारे में पूछताछ की। प्रयागराज से एक जबकि महराजगंज से दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

शुक्रवार को प्रयागराज में एनआईए टीम कर्नलगंज थाना क्षेत्र पहुंची। यहां इंकलाबी छात्र मोर्चा से जुड़े देवेंद्र आजाद को लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान पीसीएस-जे की तैयारी कर रहे एक युवक को भी हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिया गया छात्र आगरा का रहने वाला था। उधर, शिवकुटी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर इलाके के स्थित लॉज की तलाशी ली गई है। इसके बाद टीम उस छात्र को दूसरी जगहों पर भी लेकर गई। बताया जा रहा है यह छात्र देवेंद्र आजाद के संपर्क में है। उधर, महराजगंज में दो युवकों की तलाश में निचलौल थाना क्षेत्र के करमहिया गांव में छापा मारा गया। यहां एनआईए, स्वाट टीम और स्थानीय पुलिस के साथ एक युवक के घर छापा मारा। टीम ने युवक के घरवालों से भी पूछताछ की। टीम एक युवक को हिरासत में लिया और अपने साथ ले गई। पूछताछ के लिए बेटे को ले गई टीम महराजगंज में जिसके घर में छापेमारी की गई, उसका नाम छेदी गुप्ता बताया जा रहा है। जांच-पड़ताल के बाद छेदी के बेटे जितेंद्र गुप्ता को हिरासत में लेकर मुसहर बस्ती के गांव डोमा पहुंची। यहां पर जितेंद्र मेडिकल स्टोर है। यहां से भी एक युवक को हिरासत में लिया गया।

## गिरी जीडीपी, जून तिमाही में 6.7%

### 15 महीने के निचले स्तर पर, फिर भी तेजी से बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था बना भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली अप्रैल-जून तिमाही में घटकर 15 महीने के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मुख्य रूप से कृषि और सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के चलते वृद्धि दर घटी है।

एक साल पहले वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। हालांकि, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था बना हुआ है। अप्रैल-जून तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर दो प्रतिशत रही। बीते वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में यह आंकड़ा 3.7 प्रतिशत था। दूसरी ओर विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सालाना आधार पर पांच प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सात प्रतिशत हो गई।



### कृषि क्षेत्र में वृद्धि 3.7 प्रतिशत से घटकर दो प्रतिशत रही

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, कृषि क्षेत्र में जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) वृद्धि 3.7 प्रतिशत से घटकर दो प्रतिशत रह गई। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में जीवीए वृद्धि भी सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत से घटकर 7.1 प्रतिशत रह गई। वहीं, इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के मुकाबले वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में धीमी हो गई (7.8 प्रतिशत से घटकर पांच तिमाही के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर)।

ज्ञान-विज्ञान | खगोलविदों ने दूर की आकाशगंगाओं मे अलग तरह की पहली खोज शुरू की

## एलियन की खोज में दूसरी आकाशगंगाओं में पहुंचा सेटी

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** अलौकिक बुद्धिमत्ता की खोज यानी सर्चिंग फॉर एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल इंटेलिजेंस (सेटी) अब दूर की आकाशगंगाओं में बुद्धिजीवियों की खोज करने में जुट गया है।

ऑस्ट्रेलिया में खगोलविदों ने 2,800 दूर की आकाशगंगाओं मे अलग तरह की पहली खोज शुरू की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्रह्मांड में हमसे कहीं अधिक बुद्धिमान जीवन एलियंस मौजूद है। दरअसल सेटी पिछले कई दशक से एलियंस की खोज में जुटा है। संस्था के खगोलशास्त्रियों ने अधिकतर खोज हमारी ही आकाशगंगा के तारों में की है। मगर अभी तक वह सफलता नही मिल पाई है, जिसकी तलाश की जा रही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अंतरिक्ष में हम जैसा ही नही बल्कि हमसे भी अधिक बुद्धिमान जीवन है। जिनकी तकनीक हमसे कहीं अधिक आगे है। इस अनुमान के पीछे छिपे सबूत भले ही अभी तक नही मिले हैं, लेकिन कई संकेत मिलते हैं, जो एलियन के अस्तित्व का संकेत देते हैं। इस खोज में सेटी के खगोलविद जुटे हुए हैं। जिन्होंने अभी तक अपनी मिल्की वे में खोजी अभियान चलाया है। मगर अब इस अभियान में आगे निकल चुके हैं। जिसके तहत खोज के दायरे में 2800 दूसरी आकाशगंगाओं को स्कैन किया गया है। यह पहली बार किया गया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि विदेशी सभ्यताएं हमसे कहीं अधिक उन्नत हैं, जो सिग्नल संचारित कर सकती हैं या इतनी ऊर्जा का उपयोग कर सकती हैं, जो आकाशगंगाओं की बीच की दूरियों का पता लगाया जा सके। उन्होंने 26 अगस्त को नई खोज की घोषणा की और बताया आकाशगंगाओं को स्कैन करने के लिए पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में मर्चिसन वाइडफील्ड ऐरे (एमडब्ल्यूए) का इस्तेमाल किया। खोज की यह नई दिशा है, जो संभवतः एलियन के अस्तित्व का पता लगा सके।



### उड़नतश्तरियों का खूब होता था जिक्र

**नैनीताल :** कभी उड़नतश्तरियों का नजर आना आम हुआ करता था और जिक्र भी। मगर करीब तीन दशकों से इनका दिखाई देना बंद हो चुका है। बताया जाता है कि जब उड़नतश्तरियां आती थी तो कुछ पलों के एक बड़ा क्षेत्र रोशनी से नहा उठता था। अब क्यों नही आती, यह प्रश्न अभी तक अनुत्तरित बना हुआ है।

## एक नजर

### कछुआ तालाब में कूदकर पुजारी के बेटे ने दी जान

**कानपुर।** पनकी के रहने वाले देवीदयाल पाठक के 43 वर्षीय बेटे साहब दयाल पाठक ने गुरुवार रात कछुआ तालाब में कूदकर अपनी जान दे दी। पिता देवी दयाल ने बताया वह कछुआ तालाब स्थित मंदिर में पुजारी हैं। बेटा किराने का काम करता था। गुरुवार रात बेटा पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ रहा था। जिस पर उन्होंने उसे डांट दिया। इसी बात पर उसने जान दे दी। आरोप है कि ससुरालीजन बेटे को प्रताड़ित करते थे। वहीं ससुरालीजनों ने पिता और छोटे भाई पर दामाद को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया।

पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### सार्वजनिक स्थलों पर की मॉकड्रिल

**कानपुर।** डीजी फायर के निर्देश पर जनपद में दमकल विभाग ने अग्निशमन जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न फायर अफसरों ने अपने अपने क्षेत्र में स्थित मॉल अस्पताल, स्कूल समेत अन्य सार्वजनिक स्थलों पर मॉक ड्रिल की। बड़ा चौराहा स्थित जेड स्क्वायर मॉल में भी अभियान चलाया गया। फायर स्टेशन लाटूश रोड प्रभारी कैलाश चंद्र संजीव श्रीवास्तव, ड्यूटी मैनेजर सूफियान, फायरमैन लक्ष्मीकांत मिश्रा, शिवा राठौर, संदीप कुमार, दीपक आदि मौजूद रहे।

### बिठूर फायर स्टेशन का किया निरीक्षण

**कानपुर।** सीएफओ दीपक शर्मा ने निर्माणाधीन फायर स्टेशन बिठूर के प्रशासनिक व आवासीय भवनों का कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को समय सीमा के भीतर मानक के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।





पहली पाली की परीक्षा छूटी तो टाट मिल के पास जाम लग गया। करीब एक घंटे तक वाहन फंसे रहे। झकरकटी बस अड्डे पर इतनी भीड़ रही कि लोग खिड़कियों से बस के अंदर घुसे। अमृत विचार

# प्रपत्रों से छेड़छाड़ में तीन अभ्यर्थी गिरफ्तार

**○ नजीराबाद में दो और छावनी में पकड़ा गया एक शातिर ○ पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कर रही पूछताछ**

**सिपाही भर्ती परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिपाही भर्ती परीक्षा में चौथे दिन दो थानाक्षेत्रों में तीन लोग गिरफ्तार किए गए। परीक्षार्थियों के आधार कार्ड तथा हाईस्कूल की मार्कशीट में अंतर पाया गया।

नजीराबाद थानाक्षेत्र में एएनडी कॉलेज हर्ष नगर परीक्षा केन्द्र से दो शातिरों को गिरफ्तार किया गया। नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि केंद्र से राजेश सिंह उर्फ राज धनगर निवासी ग्राम जैत जिला मथुरा और चरन सिंह उर्फ पवन कुमार निवासी नन्दपुर मनिगांव थाना किसनी मैनपुरी को प्रपत्रों में छेड़छाड़ पर गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की गई। थाना प्रभारी



**▸▸ आधार कार्ड व मार्कशीट में जन्म तिथि में अंतर पाया गया, पुलिस कर रही जांच**

आरोपी राजेश सिंह उर्फ राज, चरन सिंह उर्फ पवन कुमार व प्रदीप सिंह।

ने बताया कि आधार कार्ड में दोनों की जन्मतिथि में अंतर है।

इसी प्रकार छावनी थानाक्षेत्र में स्थित जुहारी देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्रथम पाली में अभ्यर्थी प्रदीप सिंह निवासी खिरिया नगवा, चितैन, किशनी, मैनपुरी के आधार कार्ड तथा हाईस्कूल की मार्कशीट में जन्मतिथि में अंतर पाया गया है। उसने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा दो अलग-अलग नाम से उत्तीर्ण किया था जिस कारण दोनों हाई स्कूल की परीक्षा में जन्मतिथि में भिन्नता है। इंस्पेक्टर कैंट कमलेश राय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कैंट थाने में धोखाधड़ी, कूटरचित तरीके से दस्तावेजों को तैयार करने की धारा में एफआईआर दर्ज की गई।

### सिपाही भर्ती परीक्षा में 12,206 परीक्षार्थी गैरहाजिर

- **कानपुर।** सिपाही भर्ती परीक्षा के चौथे दिन दोनों पाली में पंजीकृत 51,600 परीक्षार्थियों में 39,394 ने परीक्षा दी। सुबह व शाम पाली की परीक्षा में 12,206 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। अब तक परीक्षा में 53,699 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। परीक्षा में चौथे दिन सुबह पाली में 19,554 व शाम को 19,840 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने निरीक्षण किया।

### सेंट्रल से 10 व डिवीजन से 24 स्पेशल ट्रेनें चलीं

- सेंट्रल स्टेशन से दस स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। वहीं फर्रुखाबाद, लखनऊ, प्रयागराज व झांसी डिवीजन से भी 24 स्पेशल ट्रेनें परीक्षार्थियों के लिए चलाई गईं। उसके बाद भी काफी संख्या में परीक्षार्थी सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनों से रवाना हुए। ज्यादातर युवक आरक्षित कोचों में भी घुस गए।

### मंगलसूत्र उतरवाने पर बहस

- **कल्याणपुर।** पनकी रोड स्थित जवाहर लाल स्कूल में फर्रुखाबाद निवासी परीक्षार्थी रूबी की महिला सिपाहियों से बहस हो गई। चेकिंग के दौरान रूबी ने मंगलसूत्र को छोड़ झुमके, पायल, चूड़ी, बिंदी उतारकर पति संतोष को दे दिए। लेकिन जब महिला सिपाही ने मंगलसूत्र को भी उतारने के लिए कहां तो रूबी बहस करने लगी।

### बसों की खिड़कियों से चढ़कर कब्जाई सीट

- **कानपुर।** परीक्षार्थियों के बीच रोडवेज बसों में सीट के लिए जमकर खींचतान हुई। परीक्षार्थी सड़क पर भागते और धक्कामुक्की कर बसों में सवार हुए। खिड़कियों से घुसकर सीट कब्जाई। परिवहन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताकर परीक्षार्थियों ने नारेबाजी भी की। परीक्षा देने के बाद युवाओं की भीड़ एकदम झकरकटी, रावतपुर और चुन्नीगंज बस अड्डा पहुंची। इधर दूसरी पाली के परीक्षार्थियों की भी भीड़ थी। इस कारण व्यवस्था गड़बड़ा गई।

### सेंट्रल पर परीक्षार्थियों का रेला

- **कानपुर।** सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए गुरुवार रात से ही सेंट्रल स्टेशन पर भीड़ लगनी चालू हो गई थी। शुक्रवार को सेंट्रल सहित अनवरगंज व रावतपुर स्टेशनों पर भी जबरदस्त भीड़ रही। परीक्षा देकर जाने वाले व पांचवें दिन की परीक्षा के लिए आने वाले अभ्यर्थियों के कारण शुक्रवार को सेंट्रल का हर प्लेटफार्म खचाखच रहा। ट्रेनों में सवार होने के लिए परीक्षार्थी धक्कामुक्की करते हुए आगे बढ़े।




सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए मची मारामारी। अमृत विचार

### एसटीएफ और खुफिया एजेंसियों का रहा कड़ा पहरा

- **कानपुर।** सिपाही भर्ती परीक्षा में बनाए गए 69 केंद्रों पर दो पालियों में अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस दौरान पुलिस, एसटीएफ और खुफिया एजेंसियों का परीक्षा केंद्रों पर कड़ा पहरा रहा। अलग-अलग टीमें शहर में बनाए गए केंद्रों पर घूमती रहीं और पल-पल की अपडेट लेती रहीं। परीक्षा केंद्रों से 50 मीटर तक कोई भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित था। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर, डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी, पश्चिम राजेश कुमार सिंह, पूर्वी श्रवण कुमार सिंह व दक्षिण रविंद्र कुमार केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।



परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी चेक करते एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर।



जानकारी देते डॉ. उमेश पालीवाल, डॉ. प्रवीण कटियार, डॉ. एएस प्रसाद आदि। अमृत विचार

# सीएसजेएमयू में 30 दानदाताओं को आज किया जाएगा सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● भारत लोक शिक्षा परिषद की ओर से होगा आयोजन**

**अमृत विचार।** एकल विद्यालय अभियान भारत लोक शिक्षा परिषद कानपुर चैप्टर का शनिवार को सीएसजेएमयू सभागार में वार्षिकोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में शिक्षा के लिए दान देने वाले देश के 30 श्रेष्ठ दानदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी भी रहेंगे।

यह जानकारी शुक्रवार को संस्था के अध्यक्ष डॉ एएस प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि एकल अभियान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ सामाजिक गैर सरकारी शिक्षा संगठन है। एकल अभियान प्राथमिक शिक्षा देने का पिछले 35 साल से सतत अभियान चला रहा है।

यह अभियान कुल 86,239 गावों तक पहुंच गया है। वार्ता के दौरान संस्था के उपाध्यक्ष डॉ उमेश पालीवाल व युवा विंग के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण कटियार ने बताया कि कानपुर चैप्टर की ओर से 780 गांवों में एकल विद्यालय संचालित हैं। इसमें लगभग 23,400 बच्चे प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन विद्यालयों में दान देने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए शुक्रवार को एकल कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## समझौता कराने की बात पर थाने से ले जाकर पीटा

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश पर गाली गलौज, मारपीट की शिकायत करने थाने पहुंचे पीड़ित को दूसरे पक्ष के साथी समझौते करने की बात कह गेट से लौटा ले गए और पीटा।

मछरिया निवासी दाऊद के मुताबिक गुरुवार शाम को इलाके के पुरानी रंजिश के कारण वसीम गाली गलौज करने लगा, विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। जिस पर दाउद अपने भाई कैश और मुजम्मिल के साथ नौबस्ता थाने पहुंचे। इस दौरान थाने के गेट के पास खड़े थे, तभी दूसरे पक्ष की ओर से नदीम आए और कहा कि चलो समझौता कर लो सब माफी मांगेगे। बात मानकर वह लौटे तो नदीम के इशारे पर वसीम, सैफ, शेरू रजा व अज्ञात ने उन पर तीनों भाई पर हमला बोल दिया।

# महाराजपुर-ट्रांसगंगा पैकेज के टेंडर खुले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● पैकेज टू बी का चार सितंबर को खुलेगा टेंडर**

**अमृत विचार।** 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड परियोजना के पैकेज-2(ए) महाराजपुर-ट्रांसगंगा सिटी के टेंडर गुरुवार को दिल्ली मुख्यालय में खोले गए। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाली कंपनियों के टेक्निकल बिड की जांच की जा रही है। सितंबर माह के अंत में पैकेज-2(ए) की कार्यदायी संस्था का चयन किया जाएगा। साथ ही 4 सितंबर को पैकेज-2(बी) के टेंडर खोले जाएंगे।

रिंग रोड परियोजना 7800 करोड़ की लागत की है। 1754 करोड़ की लागत से बनने वाले 23.325 किलोमीटर लंबे पैकेज-1 मंधना से सचेंडी व 1604 करोड़ की धनराशि से तैयार होने वाले पैकेज-4 मंधना से रमईपुर का टेंडर राज कारपोरेशन लिमिटेड को दिया गया है। वहीं ऋषिकेश की हिलवेज कंपनी को 613 करोड़ की लागत से 19.235 किलोमीटर लंबे पैकेज-3 रमईपुर से आटा तक के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं पैकेज-2 (ए) महाराजपुर से ट्रांसगंगा सिटी व पैकेज-2 (बी) ट्रांसगंगा सिटी से आटा में बांटा गया है। जिसकी कुल लंबाई 27.900 किलोमीटर है। तीन पैकेजों की टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को पैकेज-2(ए) के टेंडर खोल दिए गए। टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने वाली कंपनियों का तकनीकी परीक्षण किया जा रहा है।

अमृत विचार क्लासीफाइड डिस्प्ले
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7985205326, 8081445811




अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रानी मौर्या पुत्री रवीन्द्र मौर्या, निवासिनी- ग्राम- कालीमुरादपुर, पोस्ट नारायणपुर कला, सुवांसा, पोस्ट सुवांसा, पट्टी, जिला प्रतापगढ़, उ0प्र0-230306,** यह कि मेरी हाईस्कूल (वर्ष 2019 अनुक्रमांक-2340616) एवं इण्टरमीडिएट (वर्ष 2021 अनुक्रमांक-216891757) की अंकतालिका वास्तव में खो गयी हैं।

**NOTICE**

I declare that I have passed ICSE (Class 10) in 2019 with my UID 6937680 and Index No. 1196114/084 and ISC (Class 12) in 2021 with Index No.2213783/043 from Jesus & Mary School and College Balrampur and the correct name of my father is NAUSAD AHMAD. Mohd Hussain Ansari S/O Nausad Ahmad R/O Mohalla Naushahra, Balrampur-271201 (U.P.), Mob # 9651193114.

**NOTICE**

I, Sarojani Verma M/O Garima Verma R/o 137, Piyarepur Neri, Sitapur. My daughter was student of Class- VIth, St. Thomas School. In school record my name mentioned as Sarojini Verma where as my correct name as per Aadhar Card is SAROJANI VERMA. It should be corrected in documents.

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम तबस्सुम सुल्ताना ज़ैदी से बदलकर तबस्सुम सुल्ताना कर दिया है। भविष्य में मुझे तबस्सुम सुल्ताना के नाम से जाना पहचाना जाये। **तबस्सुम सुल्ताना पत्नी श्री मंज़र हसनैन ज़ैदी ,निवासी 904/A-2 पारिजात अपार्टमेंट ,विक्रांत खण्ड-3 , गोमती नगर , लखनऊ**

**NOTICE**

I, Sarojani Verma M/O Mahima Verma R/o 137, Piyarepur Neri, Sitapur in her ICSE Delhi, Certificate Class Xth Unique ID- 7681512, Index No. 1224044/055 & ISC- Delhi, Class 12th Unique ID-7681512, Index No. 2241796/002 Year- 2024 my name mentioned as Sarojini Verma where as my correct name as per Aadhar Card is Sarojani Verma. It should be corrected in documents.

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2015 अंक पत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1338305 व इंटरमीडिएट प्रमाण पत्र व अंक पत्र वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0943752 वास्तव में कही खो गया है। **अभिषेक कुमार पुत्र अरूण कुमार, निवासी पूरे गोसाई मजरे डीह, जिला रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल यू0पी0 बोर्ड का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक नं0- 1229747 वर्ष 2015 एवं इण्टरमीडिएट यू0पी0 बोर्ड का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक नं0- 0884118 वर्ष 2017 है। वास्तव में कहीं खो गये है। **सिमरन सिंह पुत्री बृजेन्द्र कुमार नि0- सूरजपल्ली, हाइडिल कालोनी, सरोजनी नगर, पो0- अमौसी, लखनऊ।**

**सूचना**

शपथकर्ता का नाम प्रपत्रों में उमाशंकर अंकित है। जबकि बीएससी व एमएससी से उमा शंकर अंकित हो गया है। यह दोनों नाम शपथकर्ता के ही हैं। अब भविष्य में मुझे उमाशंकर राजपूत के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जाये। **उमाशंकर राजपूत पुत्र उमेश चन्द्र निवासी रेल मंडी जसवन्त नगर, जिला इटावा।**

**सूचना**

सूचित हो कि इण्डियन बैंक में मेरी तीन एफ.डी. हैं जो कि एफडी सं.- 0046758, 0046789 एवं 0046339 है। मेरे आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम संत कुमारी (SANT KUMARI) दर्ज है जो कि सत्य व सही है। जब इण्डियन बैंक एफडी में मेरा नाम सत्या कुमारी (SATYA KUMARI) दर्ज है। अत: बैंक की एफडी में सत्या कुमारी (SATYA KUMARI) के स्थान पर संत कुमारी (SANT KUMARI) दर्ज किया जाये। **संत कुमारी पत्नी रामदीन नि0- 8/157, गुरू रविदास नगर, वजीर हसन रोड, लखनऊ।**



मदरसा में पौधरोपण करते दरगाह मख्दूम शाह आला कमेटी के अध्यक्ष इरशाद आलम, सज्जादानशीन अदनान राफे, मौलाना हाशिम अशरफी। अमृत विचार

# कैंट अस्पताल में डायलिसिस यूनिट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**▸▸ कैंट बोर्ड ने हरियाणा से मंगवाई हैं छह डायलिसिस मशीनें**

**▸▸ डायलिसिस के साथ ही अस्पताल में डिजिटल एक्सरे की भी सुविधा**

**अमृत विचार।** कैंट और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले किडनी रोगियों के लिए यह राहत भरी खबर है। अब उनको जांच व डायलिसिस के लिए अन्य अस्पतालों में नहीं जाना होगा। कैंट अस्पताल में ही जांच और डायलिसिस की सुविधा मिलेगा।

कैंट बोर्ड के अंतर्गत कैंट अस्पताल संचालित है। कैंट बोर्ड के सदस्यों ने कैंट अस्पताल में ही किडनी रोगियों को डायलिसिस की सुविधा मिल सके, इसपर योजना तैयार की और बोर्ड में प्रस्ताव रखा, जिसपर बोर्ड की मंजूरी मिल गई है। तय हुआ कि कैंट अस्पताल के न्यू ब्लाक में छह डायलिसिस यूनिट का संचालन किया जाएगा। यूनिट के संचालन के लिए कैंट बोर्ड ने हंस फाउंडेशन के साथ एमओयू साइन किया है। यहां पर हरियाणा से छह डायलिसिस मशीनें मंगाई गई हैं।

कैंट बोर्ड के सदस्य लखन ओमर ने बताया कि बोर्ड बैठक में कैंट अस्पताल में डायलिसिस यूनिट संचालित करने की मंजूरी दी है। मुख्य अधिशाषी अधिकारी पीडी स्टीफन के निर्देश में प्रक्रिया शुरू हो गई है। किडनी मरीजों को निशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही अस्पताल में डिजिटल एक्सरे की भी सुविधा न्यूनतम दर पर मिलेगी।

### तीन लाख लोगों को मिलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

- कैंट सार्वजनिक अस्पताल के पास सामने ही 30 बेड का एक और अस्पताल शुरू किया है। आफिसर्स के मुताबिक जल्द ही इसे पूरी क्षमता के साथ शुरू किया जाएगा। इसके लिए मेडिकल स्टाफ की भर्ती की जाएगी। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होने से कैंट बोर्ड के आठ वार्ड में रहने वाले करीब तीन लाख लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कैंट बोर्ड के पीआरओ अमित यादव के मुताबिक सितंबर में डायलिसिस यूनिट शुरू करने की तैयारी चल रही है।

# सज्जादानशीन ने जुमा के बाद किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● जाजमऊ में शाह आला का उर्स कल से, सोमवार को 11 बजे कुलशरीफ**

**अमृत विचार।** जाजमऊ में हजरत मख्दूम शाह आला का उर्स मुबारक रविवार की शाम से शुरु होगा और सोमवार को सुबह 11 बजे कुलशरीफ होगा। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु शिरकत करेंगे।

शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मदरसा अशरफुल मदारिस गद्दियाना में दरगाह कमेटी के अध्यक्ष इरशाद आलम और सज्जादानशीन अदनान राफे, मौलाना हाशिम अशरफी ने पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि अपने परिवार के हर सदस्य के नाम से एक पौधा जरुर लगायें। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष इरशाद आलम ने कहा कि नयी पीढ़ी को बचाना है तो पौधरोपण करना ही होगा। आल इंडिया गरीब नवाज कौंसिल के अध्यक्ष मौलाना हाशिम अशरफी ने हजरत मख्दूम शाह आला की जीवन पर प्रकाश डाला।

जाजमऊ में हजरत मख्दूम शाह आला का उर्स मुबारक रविवार से शुरु हो रहा है। बाबूपुरवा, बेगमपुरवा, चमनगंज, बेकनगंज समेत विभिन्न क्षेत्रों से जाजमऊ तक बसें चलाने की कोशिश हो रही है। दरगाह के सज्जादानशीन ने बताया कि रविवार शाम को उर्स मुबारक शुरू होगा। सोमवार को सुबह 11 बजे कुलशरीफ होगा।

**मुहिम** समिति में सेवानिवृत्त अधिकारियों की टीम को भी रखा जायेगा

# इंसाफ दिलाने के लिए कांग्रेस न्याय समिति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश की जनता समस्याओं से जूझ रही है, पीड़ितों को इंसाफ तो दूर, फरियाद तक कोई सुनने वाला नहीं है, कांग्रेस प्रदेशस्तरीय अभियान चलाकर पीड़ितों को इंसाफ दिलायेगी। इसके लिये न्याय समिति का गठन किया जायेगा जिसमें सेवानिवृत्त अधिकारियों को जोड़ा जायेगा।

शुक्रवार को तिलक हाल में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, शबनम आदिल एडवोकेट, करिश्मा ठाकुर आदि ने पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशभर में न्याय समिति गठित करके पीड़ितों को इंसाफ दिलायेगी। लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए आवाज को बुलंद करेगी। कांग्रेसियों ने कहा कि राहुल गांधी ने जो यात्राएं की हैं, उन्होंने अनुभव शेयर करते हुए कहा है कि जनता विभिन्न परेशानियों से जूझ रही है लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नही है। पत्रकार वार्ता में अमित पांडेय, दिलीप शुक्ला, धवल पांडे, उरूज हसन, अमरनाथ ,करन अवस्थी, बंटू बाजपेई ,इमरान एडवोकेट, अमित कुमार , तुफैल अहमद, राजलक्ष्मी सिंह, मदन गोपाल राखरा आदि थे।



कांग्रेस दिलाएगी न्याय अभियान की शुरुआत करते कांग्रेसी। अमृत विचार

### कांग्रेस की रणनीति

- प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय, सीएमओ ऑफिस, बस अड्डा, एसपी कार्यालय के बाहर, सीडीओ ऑफिस के बाहर, रेलवे स्टेशनों एवं ब्लाक, तहसील स्तर पर न्याय पेटिका लगाई जायेगी। पीड़ित अपनी समस्या लिखकर पेटिका में डाल सकता है। इस पेटिका पर हेल्पलाइन नंबर, व्हाट्सएप नंबर लिखा होगा। इसकी देखभाल सोशल आउटरीच विभाग के जिला संयोजक की देख-रेख में जिला न्याय समिति की होगी। जिलास्तर पर न्याय समिति होगी जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारियों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, मीडिया एवं प्रेस से जुड़े कार्यकर्ता व समाजसेवियों को रखा जायेगा।

**आज का मौसम**

गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

35.4° अधिकतम तापमान | 26.6° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 48 | सूर्यास्त 06 : 29

❍ गोल्डन पैलेस गेस्ट हाउस संचालक ने लिखाई एफआईआर ❍ फरार चल रहे कमलेश फाइटर व साथियों पर दो रिपोर्ट दर्ज कराई गईं

# कारोबारी से मांगी रंगदारी, पत्रकार समेत पांच पर रिपोर्ट

**कसा शिकंजा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में गेस्ट हाउस संचालक ने आरोप लगाया है कि एक पत्रकार ने अपने साथियों के साथ रंगदारी मांगी। विरोध किया तो उनकी कनपटी पर पिस्टल लगाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लाजपत नगर निवासी आगम बग्गा ने पुलिस को बताया कि वह सरोजनी नगर में गोल्डन पैलेस गेस्ट हाउस का संचालन करते हैं। आरोप है कि पत्रकार कमलेश फाइटर ने गेस्ट हाउस का संचालन करने के लिए रंगदारी की मांग की। रंगदारी न देने पर गेस्ट हाउस न चलने देने तथा केडीए के अधिकारियों के सहयोग से गेस्ट हाउस को गिरवा देने की धमकी दी। इस घटना की शिकायत नजीराबाद थाने में की लेकिन कमलेश फाइटर के प्रभाव के कारण पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कारोबारी का आरोप है कि कमलेश फाइटर ने उनके व्यापारिक प्रतिष्ठान को बदनाम करने के लिए झूठी और फर्जी खबरें प्रकाशित कीं। इसके बाद 29 मई 2022 को तकरीबन करीब 12 बजे कमलेश फाइटर अपने 4-5 साथियों के साथ जबरदस्ती उनके गेस्ट हाउस में घुस आया और उनकी कनपटी पर पिस्टल लगा दी और कहा कि 1 लाख रुपये की वसूली दो। नहीं दोगे तो जान से मार देंगे। उन्होंने 1 लाख रुपये कमलेश फाइटर को दे दिए। फाइटर ने धमकी दी कि हर महीने 1 लाख रुपये रंगदारी देते रहोगे तभी गेस्ट हाउस चला पाओगे। इस संबंध में नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि आगम बग्गा की तहरीर पर पत्रकार कमलेश फाइटर समेत 4-5 अज्ञात साथी के खिलाफ रंगदारी, बलवा, धमकी, बिना अनुमति के घर में घुसकर मारपीट करने की धारा में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### 10 लाख मांगे, हत्या के लिए निकाली पिस्टल

- कारोबारी का आरोप है कि आरोपी ने नजीराबाद थाने में एक फर्जी व झूठी घटना बनाकर रिपोर्ट दर्ज करा दी। पीड़ित का आरोप है कि वह जान से मारने की धमकी देकर लगातार वसूली करता रहा। उन्होंने कई बार थाने में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। पिछले वर्ष अक्टूबर में उनसे 10 लाख रुपये मांगे गये। न देने पर जान से मार देने की धमकी दी गई। इतनी बड़ी रकम दे पाने में असमर्थता जताई तो कमलेश फाइटर ने गोली मारकर हत्या करने के लिए पिस्टल निकाल ली। इस पर उन्होंने शोर मचाया तो काफी लोगों के आ जाने पर वह भाग निकला।

## पिस्टल न देने पर व्यापारी को पीटा, तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में शस्त्रों का व्यापार करने वाले व्यापारी ने पत्रकार कमलेश फाइटर और दो अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार कमलेश और साथियों ने पिस्टल की मांग की। उन्होंने लाइसेंस मांगा तो मना करते हुए दबाव बनाने लगा। आरोप है कि होली के समय आरोपियों ने उन्हें रोका और मारपीट के साथ धमकी दी।


लाजपत नगर निवासी बलजीत सिंह सहगल ने पुलिस को बताया कि उनका जोत आर्मरी के नाम से दुकान है। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्रकार कमलेश फाइटर 13 फरवरी को दुकान पर एक अन्य आदमी के साथ आया और एक पिस्टल की मांग करने लगा। उन्होंने शस्त्र लाइसेंस मांगा तो कमलेश फाइटर कहने लगा लाइसेंस नहीं है। बिना लाइसेंस के पिस्टल देने के लिए दबाव बनाने लगा। मना करने पर धमकाया कि तुमने मुझे पिस्टल नहीं दी तो देखना मैं तुम्हारे साथ क्या करता हूं। तुम्हारी दुकान बंद करा दूंगा। पीड़ित बलजीत का आरोप है कि 24 मार्च 2024 को रात 8 बजे होलिका दहन के दिन जेके धर्मशाला के पास अपनी कार से जा रहे थे तभी कमलेश फाइटर ने उनकी कार को रोका और फाइटर के दो साथी जो मुंह ढके हुए थे, उनके साथ गालीगलौज करने लगे और लात घूंसों से मारपीटा और धमकी दी। कमलेश ने कहा कि अगर पिस्टल नहीं दी तो जान से मार देंगे। पीड़ित का आरोप है कि थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस संबंध में नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि पीड़ित बलजीत सिंह सहगल की तहरीर पर कमलेश फाइटर व दो अज्ञात साथी के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज और धमकी में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### वसूली में गिरफ्तार दिवस पांडेय भेजा गया जेल



- **कानपुर।** प्रेसक्लब के कार्यकारिणी सदस्य दिवस पांडेय को बर्रा पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गुरुवार देर रात उसे पुलिस ने वीरा मैगी प्वाइंट गिरफ्तार किया था। दिवस पांडेय समेत तीन वसूलीबाजों के खिलाफ नरवल के पनौरी गांव निवासी मोटर मालिक गौरव सिंह ने दिवस पांडेय, सत्यम गोस्वामी, अभिषेक शर्मा युवा के खिलाफ वसूली, मारपीट और अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि खबर चलाकर मुकदमा लिखवाने के नाम पर आरोपी अब तक करीब एक लाख रुपये की वसूली कर चुके हैं। बर्रा इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में कई बातें बताई हैं, जिनका सत्यापन किया जा रहा है। उसके ऊपर किदवई नगर में दो, बाबूपुरवा और बर्रा में 1-1 मुकदमा दर्ज है।

### फाइटर का साथी संजय पाल गया जेल



- नजीराबाद थानाक्षेत्र में रहने वाले एकता अपार्टमेंट निवासी ज्ञान निकेतन स्कूल के निदेशक हरप्रीत सिंह ने कमलेश फाइटर और दो अन्य साथियों के खिलाफ वसूली, धमकाने व अन्य धारा में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में जांच करते हुए पुलिस ने फाइटर के साथी संजय पाल उर्फ दद्दा को गिरफ्तार कर लिया। नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई की गई।

**एक नजर**

### उत्पादों की जानकारी दी

**कानपुर।** प्रयाग पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड (बाथ वेयर) ने होटल एमवीआर ग्रैंड में प्रयाग डीलर्स मीट का योजना बनाई। कंपनी के अध्यक्ष अनिल मल्होत्रा और सहायक उपाध्यक्ष अकील रिज़वी ने वितरकों और डीलरों को संबोधित किया। उत्पादों की जानकारी दी। उपहार भी बांटे। कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर्स न्यू रवि ट्रेडिंग और आशिमा ट्रेडिंग कानपुर और एरिया मैनेजर सिद्धार्थ श्रीवास्तव और विशाल धीर उपस्थित रहे।

### अवर अभियंता निलंबित

**कानपुर।** मरम्मत कार्य की गलत रिपोर्ट विकास नगर उपकेंद्र के अवर अभियंता राज किशोर को निलंबित कर दिया गया है। शिकायत की जांच केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन ने अपनी टीम से कराई तो रिपोर्ट गलत निकली। अवर अभियंता भी सटीक उत्तर नहीं दे सके तो यह कार्रवाई की गई।

## कंडक्टर ने लोकतंत्र सेनानी को जंगल में उतार दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रात के अंधेरे में नोएडा की गलियों में रातभर भटकते रहे बुजुर्ग
- सेनानी ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से की शिकायत, जांच शुरु

**अमृत विचार।** किदवई नगर रोडवेज डिपो के कंडक्टर पर कानपुर के एक लोकतंत्र सेनानी को नोएडा के जंगलनुमा स्थान पर रात में जबरन उतारने का आरोप लगा है। कंडक्टर पर सेनानी से अभद्रता करने का भी आरोप है। शिकायत के बाद एआरएम किदवई नगर ने जांच शुरु कर दी है।

किदवई नगर साइट नंबर 2 निवासी सन्तोष कुमार मिश्र ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक किदवई नगर से शिकायत की है कि 28 अगस्त 2024 को सायं 7 बजे दिल्ली के आनन्द विहार टर्मिनल से किदवई नगर की बस संख्या UP 78 HT 5080 पर कानपुर के लिए सवार हुए। कंडक्टर कन्हैया को उन्होंने अपना परिचयपत्र देते हुए बताया कि वे लोकतंत्र सेनानी हैं। सेनानी का आरोप है कि बस कंडक्टर ने उनसे अभद्रता की और नोएडा सेक्टर 37 में रात के अंधेरे में सुनसान इलाके में उतार दिया। उन्होंने बताया कि उनकी उम्र 69 वर्ष है, अनजान क्षेत्र होने की वजह से वे बेहद परेशान हुए। शिकायत के मुताबिक रात के कारण कोई संसाधन नहीं मिलने के कारण करीब पांच किमी पैदल चलकर वे किसी तरह एक बस स्टाप पर पहुंचे और रात दो बजे एक प्राइवेट बस से कानपुर के लिए रवाना हुए। इस मामले में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल का कहना है कि शिकायत की जांच हो रही है, पीड़ित और कंडक्टर के बयान दर्ज किये जायेंगे। दोषी कंडक्टर पर कार्रवाई की जायेगी।

## धूमधाम से निकली दधिकांधव शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



शोभायात्रा में शामिल राधा- कृष्ण की मनोहारी झांकी। अमृत विचार

- राधा-कृष्ण, यशोदा, रामलला के स्वरूप में सजे बच्चों ने मनमोहा

**अमृत विचार।** धर्मशाला लाला गोकुल प्रसाद ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को दधिकांधव उत्सव व शोभायात्रा निकाली गई। मान्यता है कि श्रीकृष्ण जन्म के बाद जब नंद के घर आए तो गोकुलवासियों ने लगातार तीन दिन तक उत्सव मनाया। तीसरे दिन दूध और दही से होली खेली। तभी से दधि (दूध व दही) के कंडव (कीचड़) की प्रतीकात्मक होली दधिकांदव उत्सव मनाया जाता है।

दधिकांधव उत्सव की शोभायात्रा शहर की सबसे पुरानी शोभायात्रा है। हर साल भादों माह में जन्माष्टमी के बाद एकादशी के दिन धर्मशाला लाला गोकुल प्रसाद ट्रस्ट की ओर से यह शोभायात्रा निकाली जाती है। शुक्रवार शाम शोभायात्रा मनीराम बगिया स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से शुरू हुई। जो लाठी मोहाल, सिरकी व शतरंजी मोहाल, काहूकोठी, नयागंज चौराहा, एक्सप्रेस रोड, नागेश्वर मंदिर, जनरलगंज, रानीराम बगिया, मूलगंज, चौक, टोपी बाजार, प्रयागनारायण शिवाला, द्वारिकाधीश मार्ग, कमला टावर होते हुए मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में अलग-अलग रथों पर राधा-कृष्ण के स्वरुप में बैठे थे। रथों पर मां यशोदा, राम-दरबार, रामलला, कृष्ण, के रूप में सवार बच्चों ने सबका मन मोह लिया। राधा-कृष्ण चांदी के रथ सवार थे, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हुए। शोभायात्रा में भक्तों ने जयकारे लगाए, प्रभु के दर्शन कर आनंदित हुए।

कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ गुप्ता, मैनेजिंग ट्रस्टी अचल कुमार गुप्ता व अन्य ट्रस्टी धनीराम गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, श्रीनारायण गुप्ता, हेमंत गुप्ता, अर्पित गुप्ता आदि रहे। शोभायात्रा में कई सामाजिक संस्था का सहयोग रहा।

## ट्रांस गंगा में एलिम्को का वेयरहाउस बनेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एलिम्को को 13,532.82 वर्ग मीटर भूमि आवंटित

**अमृत विचार।** यूपीसीडा के औद्योगिक क्षेत्र ट्रांस गंगा सिटी में एलिम्को अपना वेयरहाइस बनाने जा रहा है। इसके लिए एलिम्को को 13,532.82 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि नीतियों में बदलाव के साथ ही यूपीसीडा बड़ा निवेश आकर्षित कर रहा है।

यूपीसीडा ने ट्रांस गंगा सिटी में एलिम्को को वेयरहाउस की स्थापना के लिए भूमि आवंटित कर दी है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस वेयरहाउस की स्थापना से 1 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ होने की संभावना है। एलिम्को एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो भारत सरकार के अंतर्गत आता है। इसका मुख्य उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को पुनर्वास सहायता प्रदान करना है।

बताया गया कि औद्योगिक भूखंडो के अलावा, ट्रांस गंगा क्षेत्र में कमर्शियल भूखंडों के लिए भूमि उपलब्ध है। जिसमें क्लब के लिए 5,443 वर्ग मीटर, सामुदायिक केंद्र के लिए 4,034 वर्ग मीटर, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के लिए 9,643 वर्ग मीटर, अस्पताल के लिए 19,769 वर्ग मीटर, बहुउद्देश्यीय हॉल (बैंक्वेट हॉल) के लिए 5,320 वर्ग मीटर, कार्यरत महिला छात्रावास के लिए 4,751 वर्ग मीटर, ऑफिस या बीपीओ-1 के लिए 7,832 वर्ग मीटर, पेट्रोल-सीएनजी फिलिंग स्टेशन के लिए 2,504 वर्ग मीटर और सेक्टर शॉपिंग के लिए 14,237 वर्ग मीटर शामिल हैं। इन भूखंडों को यूपीसीडा ई-नीलामी के माध्यम से खरीदा जा सकता है।

## सीपीसी माल गोदाम में रखे स्लीपर से पंचर हो रहे ट्रकों के टायर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ज्ञापन सौंपते ज्ञानेश मिश्रा व अन्य व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीपीसी रेलवे गोदाम में जलभराव, गंदगी, पीने के पानी व सड़क पर स्लीपर डालने से ट्रकों के टायर पंचर होने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को व्यापारियों ने डिप्टी सीटीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान कारोबारियों ने कानपुर में रेलवे की ओर से कोपरगंज साइडिंग, झकरकटी मे आवंटित प्लाटों का लाइसेंस शुल्क पिछले दो वर्षों से जमा न किये जाने की समस्या को भी उठाया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि यदि जल्द ही उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो उन लोगों को प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह ने जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

व्यापारियों में मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल वहीद, युवा महामंत्री विनायक पोद्दार व कोपरगंज साइडिंग के दुकानदारों मे भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष अतहरुद्दीन व ओमकारनाथ मल्होत्रा, छावनी अध्यक्ष अजय गुप्ता राजू सहित अन्य मौजूद रहे।

## फांसी लगाने से हुई थी महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुरुवार देर रात महिला का शव घर में मिला था
- पति द्वारा पत्नी की हत्या किए जाने की उड़ी थी अफवाह

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा क्षेत्र के न्यू आजाद नगर गंगापुर कॉलोनी में संदिग्ध हालत में घर में मृत मिली महिला का शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई। मायके पक्ष से शिकायत न मिलने पर पुलिस ने पति को छोड़ दिया। गुरुवार रात पड़ोसियों ने महिला के चीखने की आवाज सुनी थी, जिस पर पड़ोसियों ने पति को बच्चे के साथ पकड़ लिया था। पति के पत्नी की हत्या कर देने की अफवाह उड़ गई थी।

मूलरूप से साढ़ के पासीपुरवा निवासी ई-रिक्शा चालक अजय कुमार तीन वर्षों से गंगापुर ईडब्लूएस कॉलोनी में पत्नी सोनी (28) व बेटे अभय (5) के साथ रहता है। गुरुवार रात पड़ोसियों ने बताया था कि अजय नशे की हालत में घर पहुंचा था, इसके बाद पति पत्नी में झगड़ा हुआ। देर रात अजय बेटे को लेकर भागता हुआ दिखा तो लोगों ने पकड़ लिया। उसे घर में लेकर पहुंचे तो सोनी का शव जमीन पर पड़ा था, जिस पर लोगों ने पुलिस को हत्या की सूचना दी। मौके पर पहुंची सेन पश्चिम पारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर पति को हिरासत में लिया था।

## कागज पर बंद पर चलता मिला अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईजीआरएस में आई शिकायत पर अधिकारियों ने की जांच

**अमृत विचार।** सीएमओ की टीम को जांच में जीडी अस्पताल बंद मिला, लेकिन जब चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक ने जांच कराई तो वह अस्पताल चलता मिला। अपर निदेशक ने सात दिन में सीएमओ ने जवाब मांगा है।

कल्याणपुर निवासी एकेआरएस ने आईजीआरएस पर पुराना शिवली रोड स्थित जीडी हॉस्पिटल के खिलाफ शिकायत की थी। साथ ही स्वास्थ्य अधिकारियों से मामले के संबंध में जवाब मांगा था। आईजीआरएस में आई शिकायत का संज्ञान लेकर सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने जीडी हॉस्पिटल की जांच कराई। उसके बाद 27 अगस्त को जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की, जिसमे बताया कि अधोहस्ताक्षरी के स्तर से संबंधित अस्पताल का निरीक्षण कराया गया, जिसमें कोई भी मरीज भर्ती नहीं था। नर्सिंग होम के संचालक डॉ.सौरभ सिंह चौहान ने फोन पर बताया कि नर्सिंग होम के लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया है और नर्सिंग होम का संचालन अभी नहीं किया जा रहा है। सीएमओ की इस रिपोर्ट से असंतुष्ट शिकायतकर्ता ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल से आईजीआरएस पर शिकायत की। अपर निदेशक ने जब मामले की जांच कराई तो उनकी टीम को अस्पताल चलता मिला, जहां पर दो मरीज भर्ती थे।

अस्पताल का मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से पंजीकरण नहीं पाया गया। कोई एमबीबीएस डॉक्टर नहीं मिला और न ही पंजीकृत स्टाफ नर्स मिलीं। बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का पालन भी नहीं होता मिला। फायर सेफ्टी के प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं थे।

अस्पताल के बाहर आईसीयू, एनआईसीयू व मॉड्यूलर ओटी की सुविधा दर्ज थी, लेकिन मौके पर चिकित्सालय में संबंधित कोई सुविधा उपलब्ध नहीं मिली। वहीं, भर्ती के समय से लेकर निरीक्षण के दौरान तक मरीज को कोई भी एमबीबीएस या प्रशिक्षित डॉक्टर द्वारा परीक्षण नहीं दिया गया, इसके साथ ही कई अन्य मानक भी पूरे नहीं थे।

यह मरीजों के प्रति घोर लापरवाही दर्शाती है, जो मरीजों की जान से खिलवाड़ है। अपर निदेशक ने सीएमओ को कार्रवाई और सात दिनों में सूचना देने के निर्देश दिए।

**शेयर बाजार** निफ्टी की रफ्तार नहीं थम रही, लगातार तीसरे दिन बना नया रिकॉर्ड

## शहर के निवेशकों को 290 करोड़ का मुनाफा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लगातार 12वें दिन दोनों इंडेक्स हरे निशान पर हुए बंद, निवेशकों में उत्साह




**अमृत विचार।** शेयर बाजार में शुक्रवार का दिन एक बार फिर से ऐतिहासिक साबित हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने नया ऑलटाइम हाई छूते हुए रिकॉर्ड बना दिया। खास बात यह है कि यह लगातार तीसरा दिन है, जब निफ्टी ने नया रिकॉर्ड हाई पर बनाया है। इसके अलावा बाजार में यह लगातार 12वां दिन है जब दोनों इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। बाजार के इस रुख पर शहर के निवेशकों के पोर्टफोलियों में लगभग 290 करोड़ के मुनाफे का अनुमान बाजार विशेषज्ञ लगा रहे हैं।

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह ने बताया कि शेयर बाजार में इन दिनों जबरदस्त तेजी के चलते निवेशकों का उत्साह चरम पर है। इसके साथ ही शेयर ट्रेडिंग के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वालों की तादाद भी बढ़ती जा रही है। इससे बचने के लिए वित्तीय साक्षरता और जागरूकता की अहम भूमिका हो सकती है। शेयर बाजार में पैसा लगाकर रातों-रात अमीर नहीं बना जा सकता है। ठगी करने वाले इसी तरह का प्रलोभन देते हैं। इसलिए ठगी से बचने के लिए जागरुकता का होना बहुत जरूरी है।

### सोशल मीडिया से बचें

- उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर मोटा मुनाफा दिलाने का दावा करने वाले जालसाजों से बचना चाहिए। सोशल मीडिया पर ऐसे जालसाजों की भरमार है जो कई गुना मुनाफे का दावा करते हैं। लालच में आकर भोले-भाले लोग फंस जाते हैं। गारंटीड मुनाफे के झांसे में न आयें। शेयर बाजार में मुनाफे की गारंटी नहीं होती है।

### इनका भी रखें ख्याल

- डीमैट और ट्रेडिंग खाता खोलते समय कंपनी के बारे में पता करना चाहिए कि कंपनी सेबी और एक्सचेंज में पंजीकृत (रजिस्टर्ड) है या नहीं।
- अनजान व्यक्ति से अपना पैन, आधार , बैंक विवरण , मोबाइल नंबर, ईमेल, ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी साझा करने से बचे।
- यदि कोई व्यक्ति शेयर बाजार का रिसर्च एनालिस्ट (अनुसंधान विश्लेषक) होने का दावा करता है तो ये जांच कर लें कि वो सेबी से प्रमाणित है नहीं।
- यदि ऑनलाइन निवेश करने में सहज नहीं हैं तो किसी रजिस्टर्ड ब्रोकर की मदद ली जा सकती है। रजिस्टर्ड ब्रोकर बारीकी से समझा सकते हैं।
- डीमैट खाता, बैंक खाता, ईमेल आईडी में मुश्किल पासवर्ड रखें, जिसका अनुमान लगाना बहुत ही मुश्किल हो और कुछ अंतराल पर बदलते रहें।
- शेयर बाजार के जानेमाने विशेषज्ञों के नाम पर जालसाज सोशल मीडिया में फ़र्ज़ी आईडी बनाकर भी ठगी कर रहे हैं। उनका सत्यापन जरूरी है।
- अफवाहों के ऊपर शेयर बाजार में निवेश मत करें। सच्चाई की पड़ताल करें। पंप एंड डंप से बचें। इससे निवेशकों को बहुत नुकसान हो सकता है।

## कोचिंग को निकले छात्र पहुंचे दिल्ली

**कल्याणपुर।** पुराना शिवली रोड गायत्रीपुरम निवासी आठवीं का छात्र बुधवार शाम इलाके में दो सहपाठियों के साथ कोचिंग के लिए घर से निकला था। जो वापस घर नहीं लौटे। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम परिजनों के साथ छात्रों को लेने दिल्ली गई है।

## पोस्टमार्टम पहुंचे मजिस्ट्रेट, जांच की

**कानपुर।** शुक्रवार सबह ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शिव शंकर प्रसाद अचानक पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए तो कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पोस्टमार्टम प्रभारी डॉ नवनीत चौधरी से मुलाकात कर पोस्टमार्टम रिपोर्टों के संबंध में जानकारी ली।

## मकान में दुकान चला रहे लोगों को थमाया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मकान में दुकान चलाने के लिए कॉमर्शियल कनेक्शन लेना हर हाल में जरूरी है

**अमृत विचार।** घरेलू कनेक्शन पर मकान में दुकान, कारखाने या फैक्ट्री संचालन करने वाले एक हजार से अधिक लोगों को केस्को ने नोटिस दिया है। इनके पास कॉमर्शियल कनेक्शन नहीं मिला है।

केस्को ने शहर में कई क्षेत्रों का सर्वे कराकर एक हजार से अधिक ऐसे घरेलू कनेक्शन धारकों को नोटिस जारी किया है, जो घरेलू कनेक्शन पर अपने मकान में दुकान, कारखाने या फैक्ट्री का संचालन कर रहे हैं। इस संबंध में उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने केस्को को निर्देश जारी किया था। जिन लोगों को नोटिस जारी किया है। तय समय पर नोटिस का जवाब नहीं दिया तो उनके कनेक्शन की विधा बदल दी जाएगी। केस्को अधिकारियों के मुताबिक दुकान पर अलग कॉमर्शियल कनेक्शन ना होने पर घरेलू कनेक्शन को ही कॉमर्शियल कर दिया जाएगा। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक जिन उपभोक्ताओं को नोटिस दिया गया है, उनको नोटिस पीरियड के दौरान मकान में बनी दुकान के लिए कॉमर्शियल कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा।

# धनतेरस, दिवाली व छठ पूजा पर कई स्पेशल ट्रेनें

## पटना, बांद्रा, महबूबनगर व गोरखपुर के लिए सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे ने धनतेरस, दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर कई स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। जिसमें बिहार, गोरखपुर, दिल्ली, महबूबनगर सहित कई रूट शामिल हैं। इन ट्रेनों का संचालन सितंबर माह से चालू होगा, जो दिसंबर तक जारी रहेगा। सभी स्पेशल ट्रेनों में आज से ही यात्री रिजर्वेशन करा सकते हैं। स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू करने से यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।



### ये हैं पर्व स्पेशल ट्रेनें

- 02391 स्पेशल ट्रेन हर शनिवार पटना से आनंदविहार के लिए 5 अक्टूबर से 9 नवंबर तक चलेगी। पटना से 10.20 बजे चलेगी और सेंट्रल पर 7.35 बजे पहुंचेगी। इसी तरह 02392 स्पेशल ट्रेन आनंदविहार से हर रविवार 6 अक्टूबर से 10 नवंबर के बीच चलेगी। यह ट्रेन आनंदविहार से 11.20 बजे चलेगी व सेंट्रल 6.20 बजे आएगी। 10 मिनट ठहराव के बाद सोमवार को 5.20 बजे पटना पहुंचेगी।
- 03255 स्पेशल ट्रेन हर रविवार, गुरुवार पटना से 3 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच चलेगी। पटना से यह ट्रेन 10.20 बजे चलकर दूसरे दिन सुबह 7.45 बजे सेंट्रल आएगी। 03256 स्पेशल ट्रेन आनंदविहार से हर शुक्रवार, सोमवार 11.20 बजे चलकर सेंट्रल पर दूसरे दिन 6.20 बजे आएगी। प्रयागराज होते हुए दूसरे दिन 5.20 बजे पहुंचेगी।
- 03257 स्पेशल ट्रेन दानापुर से हर रविवार 6 अक्टूबर से 10 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन दानापुर से 7.30 बजे चलकर सेंट्रल पर 4.40 बजे आएगी। 03258 स्पेशल ट्रेन आनंदविहार से 7 अक्टूबर से 11 नवंबर तक हर सोमवार चलेगी। आनंदविहार से 5 बजे चलकर सेंट्रल पर दोपहर 12.20 बजे आएगी। पांच मिनट बाद चलकर सोमवार को 8.45 बजे दानापुर पहुंचेगी।
- 05053 स्पेशल ट्रेन गोरखपुर से हर शुक्रवार 6 सितंबर से 29 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन गोरखपुर से 9.30 बजे चलकर सेंट्रल पर 4.05 बजे आएगी। 05054 स्पेशल ट्रेन हर शनिवार बांद्रा से 7 सितंबर से 30 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन बांद्रा से 9.15 बजे चलकर सेंट्रल पर दूसरे दिन 10.45 बजे आएगी। पांच मिनट ठहराव के बाद दूसरे दिन सुबह 6.25 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।
- 05303 गोरखपुर से हर शनिवार 7 सितंबर से 30 नवंबर तक महबूबनगर को चलेगी। यह ट्रेन गोरखपुर से 8.30 बजे चलेगी व उसी दिन 3.05 बजे सेंट्रल आएगी। 05304 स्पेशल ट्रेन महबूब नगर से हर रविवार 8 सितंबर से एक दिसंबर तक चलेगी। यह ट्रेन महबूबनगर से रात 10.10 बजे चलकर मंगलवार सुबह 5.45 बजे सेंट्रल आएगी।
- 05325 हर मंगलवार और गुरुवार को गोरखपुर से 24 सितंबर से 28 नवंबर तक चलेगी। ट्रेन गोरखपुर से 9.15 बजे चलेगी दूसरे दिन सेंट्रल 5.25 बजे आएगी। इसी तरह 05326 हर गुरुवार और शनिवार को एलटीटी से 26 सितंबर से 30 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन एलटीटी से 10.25 बजे चलेगी व दूसरे दिन सेंट्रल 10.10 बजे आएगी। पांच मिनट बाद रवाना होकर शाम 6.00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

## आरटीओ का सिस्टम धड़ाम, लोग परेशान

**कानपुर।** संभागीय परिवहन कार्यालय का सिस्टम कुछ देर के लिए धड़ाम हो गया जिससे अपना कार्य कराने आये सैकड़ों लोग परेशान रहे और काउंटरों पर लंबी लाइन लग गई।

शुक्रवार को अपराह्न 1 बजे आरटीओ कार्यालय ने सिस्टम ने कार्य करना बंद कर दिया जिससे ज्यादातर काम ठप हो गया जिस समय सिस्टम में दिक्कत आई, संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आलोक कुमार सिंह, आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह, एआरटीओ अंबुज भास्कर आदि के साथ बैठक कर रहे थे।

# वीआईपी व डायरेक्टरेट पवेलियन में तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कमिश्नर की फटकार के बाद आई काम में आई तेजी, सी-बालकनी में भी काम चालू

**अमृत विचार।** कमिश्नर की फटकार के बाद उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने टेस्ट मैच की तैयारी तेज कर दी है। वीआईपी व डायरेक्टरेट पवेलियन में पानी टपकने की समस्या के समाधान को एक कंपनी को टेंडर दिया है। सी-बालकनी में मरम्मत का काम चालू है, मगर जब तक आईआईटी जांच नहीं कर लेती, तब तक यहां दर्शक क्षमता पर विचार नहीं किया जाएगा। जांच के बाद ही यह सुनिश्चित होगा कि सी-बालकनी में कितने दर्शक बैठ सकते हैं।

भारत-बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से होने वाले अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच के लिए एक माह से भी कम का समय बचा है। 24 सितंबर को दोनों टीमें ग्रीनपार्क पहुंच जाएंगी। 25 व 26 को स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। मगर स्टेडियम में कई काम आधे-अधूरे पड़े हैं। दो दिन पहले कमिश्नर अमित गुप्ता ने अचानक ग्रीनपार्क का निरीक्षण किया तब तैयारियों की पोल खुली। इस पर उन्होंने यूपीसीए व खेल विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जल्द काम पूरा कराने का आदेश दिया। उसके बाद दोनों विभाग ने तेजी पकड़ी। वीआईपी व डायरेक्टरेट पवेलियन में बारिश का पानी टपकता है, जिससे सोफे आदि भीग जाते हैं। यूपी ने दोनों पवेलियन में मरम्मत के लिए एक कंपनी को टेंडर दिया है। वहीं पीडब्ल्यूडी की जांच रिपोर्ट के बाद सी-बालकनी की मरम्मत का काम चालू है। कमिश्नर ने अन्य बालकनी व गैलरी की टूटी कुर्सियां जल्द बदलवाने का आदेश दिया है। बी गर्ल्स बालकनी, डी चेयर, बी इनविटेशन में कमियों को तेजी से दूर किया जा रहा है। सी-बालकनी की क्षमता की जांच आईआईटी से कराई जाएगी।

### मैच को लेकर यूपीसीए की हुई बैठक

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के मध्य 27 सितंबर को होने वाले टेस्ट मैच की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने ग्रीनपार्क स्टेडियम में समीक्षा बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता यूपीसीए सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने की। जिसमें तय हुआ कि आगामी मैच से पूर्व स्टेडियम में सभी तैयारियों को पूरा कर सफल आयोजन किया जायेगा। तीन साल बाद ग्रीनपार्क में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच को लेकर आज पहली बार तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में यूपीसीए सचिव के अलावा पूर्व सचिव युद्धवीर सिंह, रियासत अली, प्रेम मनोहर गुप्ता, डा. संजय कपूर, संजीव सिंह, अंकित चटर्जी, सुजीत श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# 52 लाख हड़पने को की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सनिगवां के प्रापर्टी डीलर का कानपुर देहात में मिला था शव

**कानपुर।** सनिगवां देहली सुजानपुर के प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या की गई थी। शव छिपाने के इरादे से कानपुर देहात के भोगनीपुर के तालाब में हाथ-पैर बांधकर फेंका गया था। गुरुवार को पोस्टमार्टम में रीढ़ की हड्डी में गोली मिलने से मामले का खुलासा हुआ।

सेन पश्चिमपार पुलिस ने चार के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलर ने 800 वर्ग गज प्लॉट खरीदने के लिए 52 लाख रुपये एडवांस दिए थे, जिन्हें हजम करने के लिए हत्या कर दी।

सनिगवां के देहली सुजानपुर निवासी मो. हुसैन उर्फ राजा (38) प्रॉपर्टी डीलर थे। पत्नी जोया के मुताबिक 25 अगस्त को पति सेन पश्चिम पारा क्षेत्र के परसौली के दीपू राजपूत व उसकी मां से मिलने गए थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। दीपू के घर पहुंचे तो पति की बाइक उसके घर के बाहर खड़ी थी। पत्नी ने 27 अगस्त को सेन पश्चिम पारा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। बुधवार को भोगनीपुर के जगदीशपुर गांव के तालाब में हाथ-पैर बंधा शव मिला। गुरुवार को शिनाख्त हुई। इसके बाद दीपू राजपूत समेत चार के खिलाफ हत्या का मुकदमा तरमीम हुआ। शुक्रवार को कानपुर देहात में पोस्टमार्टम से रीढ़ में गोली मारे जाने का पता चला। भाई हसन के मुताबिक दीपू के पिता से 800 वर्ग गज प्लॉट का सौदा हुआ था।25 अगस्त को दीपू ने रुपये देने के लिए बुलाया था। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने कहा कि जांच हो रही है।

## सार-संक्षेप



डॉट नाला देखतीं महापौर प्रमिला पांडेय और साथ में पार्षद नीरज वाजपेयी।

### महापौर ने देखा धंसा डॉट नाला

**कानपुर।** मंडलायुक्त के आवास के पास धंसे डॉट नाले की जानकारी होने पर शुक्रवार को महापौर प्रमिला पांडे जोन चार के अधिकारियों और आधा दर्जन से अधिक पार्षदों के साथ मौके पर पहुंची। महापौर को यहां पर जलापूर्ति की लाइन फटी मिली, जिससे पानी बह रहा था और डॉट नाला भी धंसा मिला। कहा जल्द से जल्द यहां पर पानी के बहाव को रोका जाए। इस दौरान पार्षद नीरज बाजपेयी, पार्षद पवन पाण्डेय, पार्षद कमलेश त्रिवेदी, पार्षद रामनारायण, पार्षद संजय बाथम, पार्षद सौरभ देव, जोनल अधिकारी, जोन-4 राजेश सिंह, अधिशासी अभियंता आरके तिवारी आदि मौजूद रहे।



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का शपथ ग्रहण समारोह। अमृत विचार

### मृत्युंजय सिंह जिलाध्यक्ष बने

**कानपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा प्रकोष्ठ कानपुर नगर में मृत्युंजय सिंह जिलाध्यक्ष मनोनीत किये गये। महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह भदौरिया ने मनोनीत किया। महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को प्रमाण पत्र सौंपा। सौरभ सिंह को जिला उपाध्यक्ष, रवि ठाकुर एवं आलोक सिंह को जिला महामंत्री, हरिओम परिहार एवं शैलेंद्र सिंह को जिला सचिव, आकाश भदौरिया, प्रियांशु ठाकुर, साहिल सिंह, अभय प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह को जिला मंत्री मनोनीत किया गया। संरक्षक मनबोधन सिंह एवं धीरेंद्र सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

### ओपन इंडिया शूटिंग में गिरधारी को स्वर्ण

**कानपुर।** इंडिया ओपन चैंपियनशिप का आयोजन 18 से 27 अगस्त तक गोवा में हुआ। प्रतियोगिता में शहर के द परफेक्ट राइफल शूटिंग अकेडमी के पैरा शूटर गिरधारी अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। गिरधारी ने .177 पीप साइट 10 मीटर एयर राइफल पैरा केटेगरी में स्वर्ण जीता है और पैरा केटेगरी के नेशनल में जगह बनाई है। द परफेक्ट राइफल शूटिंग अकेडमी के कोच व सेक्रेटरी अमर निगम ने बताया कि गिरधारी पूर्व में भी स्टेट, ओपन और इंटर स्कूल स्तर पर सात मेडल जीत चुका है। जिसमें 3 स्वर्ण, 2 सिल्वर और 2 कांस्य पदक शामिल हैं।



गिरधारी अग्रवाल। अमृत विचार

### महिला सुरक्षा के वातावरण से बढ़ती है साख

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर की ओर से 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' पर गोष्ठी हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि किसी भी संस्थान या इकाई जहां पर महिला सुरक्षा के उपाय किए जाते हैं वहां की साख मजबूत होती है। कार्यक्रम की शुरुआत आईआईटी के उपनिदेशक प्रोफेसर ब्रज भूषण और संस्थान के रजिष्ट्रार विश्व रंजन ने की। उन्होंने सभी कर्मचारियों और छात्रों के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराया। अधिवक्ता और श्रम एवं औद्योगिक कानूनों के विशेषज्ञ आलोक भसीन ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 का विस्तृत विवरण दिया। एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने प्रश्न पूछे और अधिनियम से संबंधित विशिष्ट बिंदुओं पर चर्चा की।



श्रम एवं औद्योगिक कानूनों के विशेषज्ञ आलोक भसीन को सम्मानित करतीं आईआईटी की प्रो देवलीना चटर्जी।

### भारत मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन, सरकार को कोसा

**कानपुर।** किदवई नगर में भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय से एनएलसी चौकी तक पैदल मार्च किया और धरना प्रदर्शन करने के साथ ही सरकार पर हर मोर्चे पर फेल होने का आरोप लगाकर नारेबाजी की। शुक्रवार को भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी आंदोलन के क्रम में किदवई नगर एनएलसी चौकी के पास राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के साथ धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बच्चियों के साथ रही दरिंदगी करने वालों को फांसी की सजा देने की मांग की। इस मौके पर जिला महासचिव पूजा यादव ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसीपी बाबूपुरवा को सौंपा।

# पूर्व विधायक के दामाद का कौशांबी में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सूचना मिलने के बाद परिवार वाले कौशांबी रवाना हुए

**अमृत विचार।** जालौन के पूर्व विधायक के दामाद के गुमशुदा होने के बाद शुक्रवार को एक शव कौशांबी जनपद में नदी में उतराता मिला। पुलिस ने मामले की जानकारी पूर्व विधायक के परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन कौशांबी रवाना हो गए। पूर्व विधायक के दामाद सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में भैरव घाट पर सीढ़ियां उतरते हुए गंगा नदी की तरफ जाते दिखे थे, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला।

जालौन के पूर्व विधायक दयाशंकर वर्मा के दामाद सत्येंद्र कुमार बीते 24 अगस्त को लापता हुए थे। नवाबगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। सतेंद्र के भाई मनोज कुमार के मुताबिक वह 24 अगस्त की सुबह 7:35 बजे नवाबगंज सिग्नेचर सिटी स्थित अपने आवास से स्कूटी लेकर निकल गए थे, जिसके बाद नहीं लौटे। पर्स और मोबाइल कमरे में मिला। मंगलवार को उनकी स्कूटी भैरवघाट के पास खड़ी मिली। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले तो वह घाट की ओर जाने वाली सीढ़ियों की तरफ जाते दिखे लेकिन लौटते नहीं दिखे। गंगा में डूबने की आशंका के चलते फतेहपुर बॉर्डर तक पीएसी की फ्लड टीम ने स्टीमर से उनकी खोज की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है।

सोमवार को एक युवक का शव कौशांबी में नदी में मिला। शव पुराना होने के कारण सड़ चुका था। पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। परिजन शिनाख्त करने के लिए कौशांबी रवाना हो चुके है।

## स्कूलों से 39 साल पुराने अभिलेख मांगे

**कानपुर।** प्रदेश के विभिन्न जिलों के एडेड इंटर कॉलेज में 10 जुलाई 1981 से 2020 के मध्य यानी 39 साल के बीच प्रदेश भर में हुई शिक्षकों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्तियों में अनियमितताओं की शिकायत हुई है। इन 39 सालों में जिले में भी करीब 300 शिक्षक व 150 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति हुई है। विजिलेंस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए निदेशालय से अभिलेख मांगे हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक यानी जेडी ने मंडल के डीआईओएस को पत्र भेजकर अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। माध्यमिक शिक्षक संघ के शर्मा गुट के मंडल मंत्री मोहित मनोहर तिवारी, जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी, मंत्री अनिल सचान सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को बैठक की। जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि करीब 39 वर्ष पुराने रिकार्ड उपलब्ध हो पाना बहुत ही कठिन है।

# कोर्ट में पावर ऑफ अटार्नी के गवाहों के बयान दर्ज हुए



जमीन का जुर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मैरी एंड मैरीमैन स्कूल पर कब्जे का मामला

**अमृत विचार।** शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने पॉश इलाके सिविल लाइंस में स्तिथ मैरी एंड मेरीमैन स्कूल कम्पाउंड को लेकर अवनीश दीक्षित को दी गई पावर ऑफ अटार्नी के गवाहों के बयान दर्ज किए। इसके अलावा अधिवक्ता अजय शर्मा के मुंशी के भी बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस अब इन्हीं में से लोगों को सरकारी गवाह बनाने की तैयारी कर रही है।

श्री आनंदेश्वर एसोसिएट्स और मैरी एंड मेरीमैन स्कूल कम्पाउंड के बीच 25 लाख के लेन देन की पुष्टि होने के बाद कोतवाली पुलिस की तरफ से कम्पनी के साझेदारों और पावर ऑफ अटार्नी में शामिल लोगों को बयान दर्ज कराने के लिए सफीना जारी किया था। गुरुवार को इस मामले में शरद शुक्ला और अमित सिंह उर्फ मीतू के बयान दर्ज किए गए थे। वहीं शुक्रवार को कोतवाली इंस्पेक्टर (मुख्य विवेचक) संतोष शुक्ला ने पावर ऑफ अटार्नी के गवाह मनोज कुमार और आशीष कुमार मिश्रा के अलावा एडवोकेट अजय शर्मा के मुंशी संजय कुमार के बयान दर्ज किए हैं। इन्होंने जमीन और पॉवर ऑफ अटार्नी को लेकर पुलिस को तमाम जानकारियां दी है। सूत्र बताते हैं दो तीन लोग सरकारी गवाह बनने के लिए तैयार भी हो गए हैं। अब जल्द ही उनका मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराने के बाद सरकारी गवाह बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## औद्योगिक इकाइयों में कम हो वेस्टेज

**कानपुर।** कोआपरेटिव इस्टेट दादा नगर के सभागार में शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में उद्यमियों को 'एमएसएमई कम्पिटीटिव लीन स्कीम के बारे में बताया गया। औद्योगिक इकाइयों में कम वेस्टेज को जरूरी बताया गया।

कार्यशाला में डीएफओ कानपुर, मिनिस्ट्री आफ एमएसएमई वीके वर्मा, रीजनल डायरेक्टर-पीएचडी चैम्बर आफ कामर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज अतुल श्रीवास्तव, डिप्टी डायरेक्टर-नेशनल प्रोडक्टिविटी काउंसिल, कानपुर , प्रीति गंगवार असिस्टेंट कमिश्नर-जिला उद्योग केन्द्र अजय यादव ने विचार व्यक्त किए। कोपे स्टेट चेयरमैन विजय कपूर को सम्मानित भी किया गया। प्रीति गंगवार ने लीन स्कीम के विषय में विस्तार से बताते हुए उद्योगों में वेस्टेज को कम किये जाने, उत्पादकता बढ़ाने एवं कर्मकारों को कार्य करने का सही माहौल दिये जाने का महत्व बताया।

# रीढ़ की हड्डी टूटी, उर्सला में हुआ ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ऑपरेशन के दौरान टीम के साथ मौजूद डॉ.आशीष मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उर्सला अस्पताल में महिला की टूटी रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन कर न सिर्फ उसे चलने के काबिल बनाया गया, बल्कि लकवा ग्रस्त होने से भी बचाया गया।

गोविंद नगर की 52 वर्षीय एक महिला करीब पांच दिन पहले रिक्शे से गिर गई थी। उनके कमर, पीठ व पैर में दर्द होने लगा। परिजन तीन दिन पहले उर्सला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉ.आशीष मिश्रा के अंडर में भर्ती किया गया। डॉ.आशीष ने जांचें कराईं, जिसमें पता चला कि रीढ़ की एल-1 और एल-2 हड्डी में फ्रेक्चर है। शुक्रवार को डॉ.आशीष ने एनेस्थिसिया के डॉ.आरके सचान, जेआर डॉ.हिमांशु, ओटी इंचार्ज मधु मिश्रा और अभिनव के साथ ऑपरेशन किया। डॉ.आशीष मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन में महिला को इंपोर्टेड टाइटेनियम के इंप्लांट लगाए गए हैं, जिसकी कीमत करीब 35 से 40 हजार रुपये है। आयुष्मान कार्ड धारक होने की वजह से महिला के रुपये नहीं लगे। बताया कि महिला का समय पर ऑपरेशन न किया जाता तो वह पैरों से लकवा ग्रस्त हो सकती थी।

## हमीरपुर हाईवे पर मौरंग ढुलाई बंद हो

**कानपुर।** नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर अवैध मौरंग ढुलाई के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। मौरंग ढुलाई पूरी तरह बंद करने के लिए भूगर्भ विभाग लगातार निगरानी करे।

जाजमऊ से भौंती तक एलिवेटेड मार्ग पर जगह-जगह दिशा सूचक बोर्ड लगाए लाए जाएं। शुक्रवार को नवीन सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में आरटीओ, सचिव जलकल, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, एडीसीपी यातायात, एनएचएआई अधिकारी आदि रहे।

# कानपुर से कोलकाता, पटना और चंडीगढ़ फ्लाइट का सर्वे

**कानपुर।** शहरवासियों के लिए खुशखबरी है कि कानपुर से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु के बाद 27 सितंबर से हैदराबाद की फ्लाइट शुरू हो जायेगी। उसके बाद कोलकाता, पटना और चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट कानपुर से उड़ान भरने लगेगी। इसके लिए सर्वे हो रहा है।

इंडिगो एयरलाइंस सर्वे में देख रहा है कि कौन यात्री अधिक हैं। योजना के मुताबिक दिल्ली से कानपुर से पटना, दूसरी फ्लाइट दिल्ली से कानपुर, कोलकाता, तीसरी फ्लाइट दिल्ली से कानपुर, पटना, कानपुर, चंड़ीगढ़ की तैयारी है। सर्वे में पता चला कि यहां से हजारों सिख समुदाय के लोग पटना साहिब और अमृतसर जाते हैं।

> हैदराबाद की फ्लाइट 27 सितंबर से उड़ान भरेगी। चंडीगढ़, पटना, कोलकाता के लिए उड़ान प्रस्तावित है। अधिकतर एयरलाइंस दिल्ली नागरिक उड्डयन मंत्रालय में ही संपर्क करती हैं। कई एयरलाइंस कानपुर से आने की बात कर रही हैं।
>
> -संजय कुमार, निदेशक, कानपुर एयरपोर्ट

# राणी सती दादी ओढ़ेंगी चुनरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



वार्ता करते भरत कुमार व आलोक अग्रवाल।

**अमृत विचार।** श्री दादी राणी सती जी व शिव जी महाराज ट्रस्ट अपना 104 वें वार्षिक उत्सव दादी राणी सती को छप्पन भोग अर्पित करेगा। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दादी को चुनरी अर्पित की जाएगी और विविध तरह के फूलों से दादी का मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। यह जानकारी मैनेजिंग ट्रस्टी भरत कुमार भगत और आलोक अग्रवाल ने राणी सती दादी मंदिर गुटैया में पत्रकारों को दी।

उन्होंने बताया कि मंदिर को भव्य स्वरूप दिया जाएगा। दो व तीन सितंबर को आयोजित उत्सव में जात पूजन, भंडारा, छप्पन भोग, चुनरी उत्सव का आयोजन होगा। भजन गायक जितेन्द्र जैन एवं कोलकाता की सुप्रसिद्ध भजन गायिका रुपाली सरकार भजनों की प्रस्तुति करेंगी। उत्सव के लिए भव्य पंडाल सजेगा। श्री दादी राणी सती व शिव जी महाराज ट्रस्ट के ट्रस्टीगण 50 वर्षों से अनवरत सेवा का कार्य कर रहे हैं, जिसमें सभी ट्रस्टीगणों के सहयोग से पदाधिकारीगण समय-समय पर अनेकों सेवा कार्य करते आ रहे हैं। बताया कि यहां पर सुन्दर वाटिका, भव्य मंदिर, झुनझुनु के बाद पहला मंदिर कानपुर में है। यहां सुन्दर धर्मशाला भी स्थापित है। तीन सितंबर की रात सात बजे से भक्तों के लिए श्रृंगार दर्शन, छप्पन भोग का कार्यक्रम होगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | मुख्य चिकित्सा अधिकारी समिति के अध्यक्ष, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सह अध्यक्ष

# टीकाकरण केंद्रों की समीक्षा करेगी नौ सदस्यीय समिति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण का प्रतिशत कम है। इसलिए राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। अब हर माह टीकाकरण केंद्रों की समीक्षा होगी, जिसके लिए शासन स्तर से स्वास्थ्य विभाग की नौ सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

शहर के डफरिन अस्पताल, ग्वालटोली पीएचसी व कल्यानपुर बैरी में संचालित टीकाकरण केंद्र को स्वास्थ्य विभाग द्वारा मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया जाना है। मॉडल इसलिए क्योंकि लोग अधिक से अधिक टीकाकरण के लिए जगरूक हो और केंद्र में स्टाफ के साथ ही अपने वाले लाभार्थियों के लिए बैठने, पानी आदि की व्यवस्था हो। इसके साथ ही प्राथमिक उपचार के रूप में स्वास्थ्य सुविधा हो। वर्तमान में यह व्यवस्था जिले में बनाए गए सभी टीकाकरण केंद्रों में पूर्ण रूप से नहीं है। यहां तक केंद्र में तैनात स्टाफ को पानी और शौचालय के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यवस्था ठीक नहीं होने की वजह से केंद्रों पर टीकाकरण के लिए गर्भवती महिलाएं और बच्चे भी टीकाकरण के लिए नहीं जा पाते हैं। इसलिए इन केंद्रों की समीक्षा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक समिति का गठन किया है, जिनमे नौ सदस्य है। समिति के अध्यक्ष सीएमओ डॉ. आलोक रंजन, सह अध्यक्ष जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एसीएमओ डॉ.यूबी सिंह, डफरिन अस्पताल के नोडल, मॉडल केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, शहरी आरआई नोडल, जिला क्वालिटी सलाहकार, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में बाल रोग व स्त्री रोग विभाग के विभागाध्यक्ष और सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, यूएनडीपी, यूनिसेफ व यूपीटीएसयू के प्रतिनिधि शामिल है। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि समिति प्रतिमाह केंद्रों की समीक्षा करेगी, जिसमे केंद्र के रख-रखाव, शिकायत, उनके समाधान, मानव संसाधन एवं प्रशिक्षण, टीकाकरण कवरेज आदि बिंदुओं पर जानकारी ली जाएगी।

### ये होंगे मानक

- सभी केंद्रों की दीवार रोबिन ब्लू रंग से रंगी जाएगी।
- कमरे में फाल्स सीलिंगव एलइडी लाइट लगाई जाएगी।
- वायरिंग छुपी हुई और मॉडउलर स्विच व बोर्ड लगेगा।
- कमरे में एसी लगाया जाएगा।
- टीकाकरण की जानकारियों वाले विनायल बोर्ड लगेंगे।
- कक्ष के बाहर केंद्र का नाम, स्थान आदि जानकारी युक्त बोर्ड लगेगा।

# पांच हजार रुपये रिश्वत लेते प्रिंसपल गिरफ्तार

## सजेती क्षेत्र के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज भदवारा का मामला

संवाददाता, घाटमपुर

**छापेमारी**

- चतुर्थ श्रेणी में नौकरी देने के लिए मांगे थे 15 हजार रुपये
- महोबा के युवक ने एंटी करप्शन से की थी शिकायत
- एंटी करप्शन टीम ने ऑफिस में रिश्वत लेते हुए पकड़ा


पकड़े गए प्रधानाचार्य रामप्रकाश वर्मा।

**अमृत विचार:** सजेती क्षेत्र के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज भदवारा में शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए कार्यवाहक प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। प्रधानाचार्य पर चतुर्थ श्रेणी में संविदा पर नौकरी देने के नाम पर 15 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है।

कानपुर से पहुंचे एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर सुशील पाराशर के नेतृत्व में टीम ने महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज भदवारा में छापेमारी कर कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामप्रकाश वर्मा को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। प्रधानाचार्य कानपुर देहात के सिकंदरा क्षेत्र के बुढ़ेड़ा गांव के रहने वाले हैं। उन्हें प्रधानाचार्य कक्ष से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया और गिरफ्तार कर घाटमपुर थाने लाया गया।

पुलिस के मुताबिक प्रधानाचार्य के खिलाफ घाटमपुर थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोप है कि कार्यवाहक प्रधानचार्य ने महोबा जिले के रहने वाले धीरज खटीक से चतुर्थ श्रेणी में संविदा पर नियुक्ति के लिए 15 हजार रुपये की मांग की थी। धीरज के अनुरोध पर 10 हजार रुपये में ज्वाइनिंग कराने को तैयार हो गए। इसके बाद धीरज ने दो दिन पहले एंटी करप्शन कानपुर यूनिट में शिकायत की। शिकायत के आधार पर टीम ने जाल बुना और प्रधानाचार्य को ट्रैप कर गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को लखनऊ कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## मंदिर में पीतल का घंटा चोरी करने वाले शातिर हत्थे चढ़े

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के मऊनखत गांव के ककऊ बाबा मंदिर से पिछले दिनों पीतल के घंटे चोरी हुए थे, जिसका खुलासा करते हुए सजेती पुलिस ने तीन घंटा चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 23 के घंटे बरामद किए हैं। तीनों चोरों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

सजेती क्षेत्र के मऊनखत और टिकामापुर के मध्य स्थित ककऊ देव बाबा मंदिर से पीतल के घंटे चोरी हुए थे। पुजारी के साथ मारपीट भी की गई थी। सजेती पुलिस के मुताबिक घाटमपुर थाना क्षेत्र के रंजीतपुर निवासी विमल कुमार पुत्र रायबहादुर, सलामतपुर के आनंद कुमार पुत्र राजकिशोर और सेवड़ी गांव के रहने वाले पुष्पेंद्र कुमार पुत्र करण सिंह को गिरफ्तार किया गया है। सजेती एसओ बृजमोहन सिंह ने बताया कि तीनों चोरों के कब्जे से करीब 91 किलोग्राम वजन के 23 पीतल के घंटे बरामद किए गए हैं। तीनों चोरों को जेल भेजा गया है।


उधर, रेवना क्षेत्र के कटरी ग्राम पंचायत घर के 27 अगस्त को पंचायत भवन में लगे सोलर पैनल चोरी हो गए थे। जिसकी तहरीर ग्राम प्रधान प्रहलाद सिंह के द्वारा रेवना थाने में दी गई थी। इसके बाद रेवना पुलिस ने शुक्रवार को रामजस पुत्र भगवान दास निवासी कटरी, पप्पू उर्फ राम भरोसे पुत्र कुंवर पति निषाद, शिवकुमार निषाद पुत्र राम निषाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पंचायत घर में लगे सोलर पैनल बरामद किए हैं। चोरों को जेल भेजा है।

## घाटमपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ के कोषाध्यक्ष का निधन

संवाददाता, घाटमपुर


रमेश चंद्र यादव।

**अमृत विचार।** मवई भक्षन निवासी रमेशचंद्र यादव का शुक्रवार भोर पहर कैंसर के चलते निधन हो गया। रमेशचंद्र 19 वर्ष से क्षेत्र के 13 गांवों में समाचार पत्र पहुंचाते रहे और संघ के कोषाध्यक्ष थे। उनका अंतिम संस्कार मूसानगर हालिया घाट पर किया गया। अंतिम संस्कार में उनके छोटे भाई सुरेश, शिवसिंह, रामस्वरूप, अरविंद व परिवार के वीरसिंह, जय सिंह, गजराज, रोहित, काजू आदि रहे। समाचार पत्र विक्रेता संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष टिंकू बाजपेई, उपाध्यक्ष जयनारायण दीक्षित, आनंद यादव, पवन यादव, राजेश शुक्ला, हरीशचंद अवस्थी, मदन गोपाल गुप्ता, अशोक दीक्षित, राजू अवस्थी, बृजेश अवस्थी, विवेक कुमार, सतीश वाजपेई, श्रीराम, छोटेलाल आदि ने घाट पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। समाचार पत्र विक्रेता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव और घाटमपुर अध्यक्ष मोनू पंडित ने भी शोक व्यक्त किया।

www.up-rera.in/projects
IS 15700:2018 सेवोत्तम प्रमाणित
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
की ओर से अन्य शहरों के साथ, अब आपके शहर झांसी में भी रिक्त फ्री-होल्ड आवासीय और व्यावसायिक भूखंड नीलामी के माध्यम से प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर।
पंजीकरण जारी

रिक्त आवासीय सम्पतियों के निस्तारण हेतु
पंजीकरण व टोकन धनराशि जमा करने की अंतिम तिथि
दिनांक:- 05.09.2024 तक
ई-नीलामी की तिथि
दिनांक :- 06.09.2024
रिक्त अनावासीय/ प्रीमियम भूखण्ड सम्पतियों के निस्तारण हेतु
पंजीकरण व टोकन धनराशि जमा करने की अंतिम तिथि
दिनांक:- 06.09.2024 तक
ई-नीलामी की तिथि
दिनांक :- 07.09.2024
तो देर किस बात की ? आज ही बुक करें...
ई-नीलामी पोर्टल
https://upavpauction.procure247.com
ग्रीन फील्ड टाउनशिप, अयोध्या में भी होटल, ग्रुप हाउसिंग, संस्थागत व नर्सिंग होम भूखण्ड उपलब्ध
अधिक जानकारी के लिए लॉग-इन करें:
परिषद की वेबसाईट: www.upavp.in
अन्य शहरों में भी रिक्त फ्री-होल्ड आवासीय और अनावासीय भूखण्ड नीलामी हेतु उपलब्ध हैं।
ई-नीलामी हेतु सम्पर्क करें: +918866287104, +919574524058
नियम व शर्ते : (1) मा० न्यायालय में विचारित प्रकरण तथा अन्य अपरिहार्य कारणों से प्रस्तावित सम्पत्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है। (2) आरक्षित श्रेणी की सम्पत्तियों हेतु आवेदकों द्वारा आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र भी ई-नीलामी पोर्टल पर "Other Document" में अपलोड किया जाना होगा। (3) यदि किसी आवेदक द्वारा आरक्षित श्रेणी की सम्पत्ति के विरुद्ध बोली में प्रतिभाग किया जाता है और बाद में यह पाया जाता है कि सम्बन्धित बोलीदाता उस आरक्षण श्रेणी का नहीं है तो अपूर्ण / अवैध आवेदन मानते हुए समस्त टोकन धनराशि जब्त कर ली जाएगी, बाद में कोई दावा मान्य नहीं होगा। (4) ई-नीलामी में प्रस्तावित सम्पत्तियों का विवरण परिषद की वेबसाइट एवं ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध है। रेरा में पंजीकृत प्रोजेक्ट्स से सम्बन्धित सम्पत्तियों के सम्मुख रेरा पंजीकरण संख्या का उल्लेख किया गया है। (5) परिषद की समस्त प्रकार की सम्पत्तियां ''जहां है जैसे है'' के आधार पर निस्तारित की जायेंगी। (6) समस्त प्रकार की आवासीय/अनावासीय भूखण्डों पर भौतिक कब्जा प्राप्ति के 5 वर्षों के अन्दर मानचित्र स्वीकृत कराते हुये निर्माण कार्य पूर्ण करना होगा। ससमय निर्माण पूर्ण न किये जाने की दशा में नियमानुसार अनिर्माण शुल्क/ समय वृद्धि शुल्क देय होगा। (7) परिषद की समस्त प्रकार की आवासीय / अनावासीय सम्पत्तियां परिषद की सम्पत्ति निस्तारण की विनियमावली में प्राविधानित व्यवस्था के अधीन की जाएंगी।
संपत्तियों एवं पंजीकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए डायल करें : (टोल फ्री नंबर) 1800-180-5333,0522-2236803
Website : https://www.upavp.in, E-mail.: info@upavp.com UPHousingBoard

### एक नजर

**दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज**

**घाटमपुर।** कस्बे के आछी मोहाल पश्चिमी की महिला ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि उसकी शादी आयुष दीक्षित से हुई थी। बाइक न देने पर पति आयुष, ससुर शैलेंद्र दीक्षित, सास मुन्नी उर्फ मोहिनी दीक्षित और ननद लक्ष्मी मारपीट कर भूखा रख प्रताड़ित करने लगे। गर्भवती होने पर गालियां दी और मारपीट की, जिससे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

**कार्य से विरत रहे अधिवक्ता**

**घाटमपुर।** बार एसोसिएशन के आह्वान पर वकीलों ने शुक्रवार को काम नहीं किया और आदेश को वापस लेने की मांग की। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप तिवारी, महामंत्री नवीन कमल, सत्यनारायण शर्मा, लवलेश संखवार, सूर्यप्रताप भान सिंह, मंत्री पंकज सचान, संयुक्त मंत्री शरद सिंह बघेल, अवनीश बाजपेई, मनोज द्विवेदी, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# फंदे पर लटका मिला बहू का शव

संवाददाता, शिवराजपुर


दिव्या सिंह।

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के राधन गांव में शुक्रवार को नव विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ने ससुराल वालों के खिलाफ हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

शिवराजपुर थाना क्षेत्र के देवीपुर सराय गांव के देवेंद्र सिंह की बेटी दिव्या सिंह (21) की शादी 9 जुलाई को राधन निवासी महेश के पुत्र अभिषेक के साथ हुई थी। दिव्या के पिता देवेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 2 बजे दामाद अभिषेक सिंह ने फोन कर बताया कि दिव्या ने फांसी लगा ली है। वह परिवार सहित बेटी की ससुराल पहुंचे तो ससुराल वाले मौके से फरार हो चुके थे।


मायके से राधन गांव पहुंचीं महिलाएं गम में डूबी रहीं। अमृत विचार

**हत्या का आरोप**

- मायके वालों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप
- 9 जुलाई को हुई थी शादी, घटना के बाद ससुराल वाले भागे

सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिव्या के पिता देवेंद्र सिंह ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करके शव को फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# दरिंदों को मांगी मौत की सजा

संवाददाता, सरसौल

- बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए उठाई आवाज
- पूर्व एमएलसी लाल सिंह तोमर के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन



शुक्रवार को नर्वल में जुलूस के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोलकाता में महिला डाक्टर के साथ हुई दरिंदगी और बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ नर्वल में शुक्रवार को लोग सड़क पर उतरे। पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया और एसडीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर बांग्लादेश के पीड़ितों की सुरक्षा और कोलकाता के दरिंदे को मौत की सजा देने की मांग की गई।

नर्वल में झंडा गीत के रचयिता श्यामलाल गुप्त पार्षद की प्रतिमा स्थल से शुक्रवार दोपहर विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। सबसे पहले पूर्व एमएलसी एवं भाजपा नेता लाल सिंह तोमर ने पार्षद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दोनों ही घटनाओं को बेहद निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि महिला डाक्टर के साथ दरिंदगी करने वाले दरिंदे को मृत्युदंड की सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू सहमा हुआ है। हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

दोपहर बाद सैकड़ों की संख्या में लोग पूर्व एमएलसी लाल सिंह तोमर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़े। पार्षद प्रतिमा स्थल से पैदल मार्च निकालते हुए सभी लोग तहसील मुख्यालय पहुंचे। रास्ते भर जोरदार नारेबाजी करते हुए लोग स्लोगन लिखी तख्तियां लहरा रहे थे। तहसील पहुंचकर एसडीएम ऋषभ वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि महिला डाक्टर के हत्यारों को फांसी हो और बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो। उनके धार्मिक स्थलों को संरक्षण दिया जाए। इस मौके पर पूर्व विधायक अरुणा तोमर, सरसौल ब्लाक प्रमुख डॉ. विजयरत्ना सिंह तोमर, अरुण तोमर, जागेंद्र प्रताप, कमलेश द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, बउवा सिंह, दीपू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## चादर फेंकने वालों पर की गई कार्रवाई

**सरसौल।** जाजमऊ की मजार पर चढ़ी चादरों को लाकर महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक मंदिर के बगल में स्थित कुएं में फेंकने वालों के खिलाफ पुलिस ने शांति भंग की कार्रवाई की है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर शांति भंग में चालान किया है।

महराजपुर क्षेत्र के शेखपुर गांव में गुरुवार दोपहर काली मंदिर के कुएं में तीन युवक मजार पर चढ़ी पुरानी चादरों को फेंक रहे थे। तीनों ई-रिक्शा से तीन गट्ठरों में चादरें लेकर आए थे। आरोपियों के कृत्य से ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे।

गांव वालों ने दौड़ाकर तीनों युवकों को दबोच लिया था। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया था। महाराजपुर थानाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि तीनों आरोपियों चांदबाबू, मोहम्मद अरमान और दीपांशु के खिलाफ शेखपुर के मोनू निषाद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। तीनों का शांतिभंग करने के आरोप में चालान किया गया है।

**दमखम दिखाया** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिता

# वेबिनार और बॉक्सिंग में झटके स्वर्ण पदक

संवाददाता, घाटमपुर



बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढ़ाया गया। अमृत विचार

- बच्चों ने 8 स्वर्ण, 7 रजत और एक कांस्य पदक जीता
- बॉक्सिंग कोच अमनप्रीत कौर ने बच्चों को खास टिप्स दिए

**अमृत विचार:** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर ऑनलाइन वेबिनार 'चैंपियन माइंडसेट' का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में भारतीय युवा महिला बॉक्सिंग टीम, जूनियर राष्ट्रीय महिला बॉक्सिंग टीम की मुख्य कोच एवं बॉक्सिंग स्पोर्ट्स अथारिटी आफ इंडिया की कोच अमनप्रीत कौर ने छात्रों को टिप्स दिए।

उन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण को सफलता का मूलमंत्र बताया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या प्रियंका गौर ने अमनप्रीत कौर का आभार जताया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से छात्रों को बॉक्सिंग के क्षेत्र में नई दिशा मिलेगी। ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित जिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कोच अभिषेक द्विवेदी के निर्देशन में डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल के बॉक्सरों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 7 रजत और 1 कांस्य पदक जीता।

इस प्रतियोगिता में सात टीमों के 300 से अधिक बॉक्सरों ने भाग लिया। डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्वर्ण पदक विजेताओं में दिव्यांश कुमार सिंह, प्रथमेश सिंह, आशुतोष कुमार सिंह (कक्षा 9), ईशान तिवारी, यति द्विवेदी, अवनी कुशवाहा (कक्षा 7), सात्विक पांडेय (कक्षा 4), यश यादव (कक्षा 5), दीप सचान (कक्षा 1) शामिल हैं। रजत पदक विजेताओं में तन्मय शुक्ला (कक्षा 9), वैदेही (कक्षा 7), नव्या राठौर (कक्षा 3), अर्णव कुशवाहा (कक्षा 2), लक्ष्मी, वाशु सचान (कक्षा 1) शामिल रहे। कांस्य पदक विजेताओं में वर्णित द्विवेदी (कक्षा 6) रहे। कानपुर बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष संकल्प दीक्षित और उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ युवा आयोग के सचिव दिवाकर राजपूत ने विजेता छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in
CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION
https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404


# अवैध अस्पतालों की जांच कर ठोस कार्रवाई के सख्त निर्देश

## जिलाधिकारी ने जनपदीय स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपदीय स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक शुक्रवार को मां मुक्तेश्वरी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। बैठक मे जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव बढ़ाने, मातृत्व मृत्यु दर में कमीं, जेएसवाई के तहत समय पर भुगतान के निर्देश दिए।

शुक्रवार को समीक्षा के दौरान डीएम आलोक सिंह ने संस्थागत प्रसव में कमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित एमओआईसी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही नई आशाओं का प्रशिक्षण कराकर शीघ्र तैनाती व कार्यरत आशाओं के मानदेय का समय से भुगतान कराने को कहा। डीएम ने अभियान चलाकर अस्पतालों के लाइसेंस जांचने के निर्देश दिए। कहा कि जो हॉस्पिटल व नर्सिंग होम बिना सक्षम लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं। उनका प्रभावी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने आरबीएसके के तहत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। कहा कि आरबीएसके टीम कमजोर बच्चों का चिंहांकन कर प्रभावी कार्रवाई करें। बारिश में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने को लेकर विभिन्न बीमारियों के संबंध में विशेष सर्तकता बरती जाए। आने वाले सभी मरीजों की जांच होनी चाहिए। बैठक में टीकाकरण, आभा आईडी, टीवी, तंबाकू उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन समेत अन्य की समीक्षा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन., सीएमओ डॉ. एके सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान, महिला सीएमएस डॉ. वंदना सिंह समेत अन्य एमओआईसी मौजूद रहे।



शुक्रवार को जनपदीय स्वास्थ्य समिति की बैठक करते जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने गोवंशों की डेली रिपोर्ट मांगी

- **कानपुर देहात।** निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान एवं गौआश्रय स्थल संचालन के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। डीएम आलोक सिंह ने पशु चिकित्साधिकारी व सभी बीडीओ को अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रतिदिन संरक्षित किए गए गोवंशों की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही संरक्षित गोवंशों की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग की जाए। डीएम ने कहा कि ब्लाक व तहसील स्तर पर गौशाला के संबंध में नियमित बैठक करें। हाईवे पर रात के समय अभियान चलाकर गौवंशों को संरक्षित करें।

## सड़क हादसे में ट्रक चालक की चली गई जान

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के मुक्ता देवी गेट के पास मुगल रोड पर देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की फौती सूचना पर छानबीन की।



जनपद फतेहपुर के थाना जहानाबाद क्षेत्र के 140 काजी टोला कोड़ा निवासी मोहम्मद असलम ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र मोहम्मद अकरम (33) ट्रक चालक था। वह मूसानगर थाना क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी जुनैद का ट्रक चलाता था। गुरुवार शाम फोन पर मूसानगर जाने की जानकारी दी थी। शुक्रवार को वहां पर बाबा ढाबा के बगल में रोड पार करते समय किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मोहम्मद अकरम की मौत हो गई।

उसके पास से मिले ड्राइविंग लाइसेंस के पते पर परिजनों को पुलिस ने सूचना दी। जानकारी पर उसकी मां मुन्नी, बहन सोनी, भाई मोहम्मद अकबर समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्मार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## एक नजर

### पीआरवी में तैनात सिपाही की बिगड़ी हालत, मौत

**शिवली।** इटावा जनपद के बसरेहर थाना क्षेत्र के खरगपुर निवासी रामसिंह यादव का 38 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार 22 अप्रैल से शिवली कोतवाली में पीआरवी 5746 पर तैनात था। शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान दोपहर बाद अचानक हालत बिगड़ गई। सहकर्मियों ने कोतवाल केएन राय को सूचना देने के बाद सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ. सुमित कुमार ने प्राथमिक उपचार कर हैलट रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### जहर खाने से वृद्धा की बिगड़ी हालत

**राजपुर।** जहरीला पदार्थ खाने से गंभीर वृद्धा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कन्हैया नगर निवासी विमला देवी (58) ने शुक्रवार को घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर बेटे संजय ने उन्हें राजपुर पीएचसी ले गए। जहां डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक इलाज के बाद महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने कुछ भी बताने से इंकार किया है।

### बुजुर्ग की हालत बिगड़ने के बाद थम गईं सांसें

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के बुजुर्ग की अचानक हालत बिगड़ने से मौत हो गई। छतेनी गांव के जब्बार ने बताया कि उसके भाई शब्बीर खां (65) की शुक्रवार को अचानक हालत बिगड़ गई। जिसपर परिजन शब्बीर को सीएचसी पुखरायां ले गए। जहां डॉ. आरती सिंह ने जांच के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया गया। परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए शव घर ले गए। और अंतिम संस्कार कर दिया।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जलपुरा गांव के समीप किसी वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि मृतक करीब 20 दिन से क्षेत्र में अर्द्धनग्न घूम रहा था और मांगकर खाता था। वह विक्षिप्त लग रहा था। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव को मोर्च्युरी में रखवाकर शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### शिक्षामित्र करेंगे प्रदर्शन

**रूरा।** करिंगापुर प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षामित्र संघ के अरविंद कुमार शुक्ला ने बताया कि 5 सितंबर को लखनऊ में सभी शिक्षामित्र एकत्र होकर हक की लड़ाई में शामिल होंगे। उन्होंने जिले के सभी शिक्षामित्रों को हक की लड़ाई में शामिल होने की अपील की। इस दौरान संघ के संजय तिवारी, दीपक द्विवेदी, मुकेश शुक्ला, ऋषि मिश्रा, दलवीर कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने घर में पकड़ा पोषाहार

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** अकबरपुर-रनिया विधानसभा के सरवनखेड़ा ब्लाक अंतर्गत करबक गांव में राज्यमंत्री ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया।

राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला को करबक की मनोरमा, रामआसरे ने बताया कि 55 दिन का उन्हें मनरेगा में कार्य करने का भुगतान नहीं मिला है। राज्यमंत्री ने प्रभारी बीडीओ को शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका शुक्ला से कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को ग्राम पंचायत सचिवालय में ग्राम प्रधान व पंचायत सहायक के साथ बैठकर लोगों की समस्याएं सुनें।

ग्रामीणों की शिकायत पर राज्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिवकांती, लक्ष्मी को हिदायत दी कि पोषाहार वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष निशा देवी के घर पर पोषाहार मिलने पर संचालिका को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया। यहां ग्राम प्रधान ओमप्रकाश पांडेय, प्रभारी बीडीओ विमल सचान, लेखपाल विकास मिश्रा, वीडीओ प्रियंका शुक्ला, रोजगार सेवक विमल यादव, कोटेदार हरिगोविंद सिंह, रामबाबू सैनी, समूह सखी शिव देवी, निशा कमल, शिवकेश तिवारी, शिवम तिवारी, गजराज प्रजापति, रामभजन, मोहम्मद शरीफ, विजय कुशवाहा, रामबालक, श्रीराम कमल, रामबाबू कमल आदि रहे।



करबक गांव में जन चौपाल लगाकर समस्या सुनतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।

- प्रतिभा शुक्ला ने करबक गांव में चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र में 7 साल पहले हुई थी वारदात

**अमृत विचार।** करीब सात साल पहले घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव की युवती को आरोपी बहला कर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। अर्थदंड भी लगाया है।

घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव की महिला ने 11 जून 2017 को पुत्री के 35 हजार रुपये व जेवर लेकर बिधनू क्षेत्र के धरमपुर के शादीशुदा रजनीकांत के साथ जाने की रिपोर्ट लिखाई थी। तीन दिन बाद वापस आने के बाद 27 जून को रजनीकांत, उसकी मां रानी व पिता गोधन फिर अपने साथ ले गए। विरोध पर रजनीकांत ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता के बयान, चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर आरोपी रजनीकांत के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में आरोप पत्र पेश किया। अन्य के खिलाफ साक्ष्य न मिलने पर नाम हटा दिया था। सहायक शासकीय अधिवक्ता धनंजय पांडेय व प्रदीप पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह ने रजनीकांत को दोषसिद्ध करते हुए 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को दी जाएगी।

## सार-संक्षेप



जलसा आयोजन को लेकर बैठक करते मुफ़्ती मुजीबुर्रहमान क़ासमी।

### मस्जिदों में जलसा की सौंपी गई जिम्मेदारी

**राजपुर।** जमीअत उलमाए हिंद की जानिब से मदरसा फैज़ाने मुहम्मद भोगनीपुर में कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुफ़्ती मुजीबुर्रहमान क़ासमी ने की। जमीअत उलमाए हिंद के जिलाध्यक्ष मौलाना इज़हार क़ासमी ने कहा कि इस्लामी महीने का तीसरा महीना रबीउल अव्वल आने वाला है। इस महीने में हज़रत मोहम्मद साहब की पैदाइश हुई थी। इसलिए इस महीने में ज़िले के अलग-अलग क्षेत्रों में जलसे का आयोजन किया जाएगा। एक रबीउल अव्वल से 12 रबीउल अव्वल तक अलग-अलग जगहों पर मस्जिदों में हज़रत मोहम्मद साहब की जीवनी, जीवन दर्शन और मानव जीवन के लिए किए गए कार्यों को बताते हुए उस पर अमल किया जाए। मुफ़्ती मुजीबुर्रहमान क़ासमी ने कमेटी बना कर अपने क्षेत्र की मस्जिदों में जलसे का आयोजन करने की योजना बनाई और सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर हाफ़िज़ मुहम्मद हसीब मदनी, हाजी अकील अमीन कुरैशी, मौलाना फैज़ अहमद, लुकमान खरादी, मुफ़्ती अज़ीज़ुर्रहमान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



धरना के लिए कालेज में शिक्षकों से संपर्क करते संगठन के पदाधिकारी।

### धरना सफल बनाने के लिए कॉलेजों का किया भ्रमण

**कानपुर देहात।** आगामी चार सितंबर को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक दीक्षित, जिला मंत्री शिवकुमार गौतम व जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सविता ने ग्राम विकास इंटर कॉलेज बुधौली, नेहरू इंटर कालेज शाहजहांपुर ताराचंद इंटर कॉलेज शिवली, हनुमानगढ़ी हाई सेकेंडरी स्कूल शोभन, बाघपुर इंटर कॉलेज समेत कई कालेजों में भ्रमण किया। उन्होंने शिक्षकों से धरने में मुख्यालय माती पहुंचने की अपील की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शासन स्तर पर लंबित मांगों के शासनादेश निर्गत न होने के कारण डीआईओएस कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, माध्यमिक शिक्षा मंत्री, निदेशक व महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा को संबोधित बीस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके पर संघर्ष समिति अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, अमरीष मिश्रा, वंदना कुशवाहा, किरन देवी, रुक्मणी रावत, रश्मि कटियार, धर्मेंद्र कुमार, अंनत प्रताप सिंह, देवेंद्र चंदेल, शिवओम मिश्रा, पुष्कर अवस्थी, विजय सिंह, रामबाबू आदि मौजूद रहे।



सहायक विकास अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक।

### शिक्षक संघ ने स्कूलों में सफाई कराने की मांग उठाई

**संदलपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संदलपुर की ओर से बीडीओ कार्यालय में विद्यालयों की साफ-सफाई के संबंध में ज्ञापन दिया गया। शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षक संघ संदलपुर के अध्यक्ष दीपक कटियार ने सहायक विकास अधिकारी अशवनी कुमार को बताया कि विद्यालयों में साफ-सफाई की गंभीर समस्या है। सफाई कर्मचारी महीनों सफाई करने नहीं आते हैं। प्रधानाध्यापकों द्वारा फोन करने पर कार्यालय संबद्धता या ग्राम प्रधान का हवाला देकर सफाई करने की बात को टाल दिया जाता है। शिक्षकों ने विद्यालयों में साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों का साप्ताहिक रोस्टर बनाने की मांग की है। साथ ही उनकी उपस्थिति प्रधानाध्यापक द्वारा प्रमाणित करने की बात कही। ज्ञापन देने में शिक्षक महेंद्र वर्मा, देवेश कुमार, रोहित तिवारी, राम जीवन, निर्मल शर्मा, अनंत स्वरूप, प्रदीप तिवारी, मनीष चौधरी, योगेश कुमार, विवेक कटियार, मधुकर कटियार, गोविंद सिंह, राहुल कटियार, मनोज गुप्ता, अक्षय कटियार आदि मौजूद रहे।

### बिजली की चिंगारी से दुकान में लगी आग

**सिकंदरा।** क्षेत्र के बुधेड़ा डेरापुर गांव में 11 हजार विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट से जनरल स्टोर दुकान में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। ग्राम पंचायत गौरी हसनपुर गांव के मजरा बुधेड़ा डेरापुर निवासी हरनाम सिंह की गांव में ही जनरल स्टोर की दुकान है। जिसके ऊपर से 11 हजार की विद्युत लाइन निकली है। गुरुवार रात अचानक लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से दुकान में आग लग गई। वहां से गुजर रहे पड़ोसी भीखम सिंह ने दुकान मालिक को आग लगने की जानकारी दी। दुकानदार ने पड़ोसियों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वहां रखा हजारों रुपये का सामान जल गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश गुप्ता ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी है।

### फीस वापसी के नाम 5 हजार रुपये की ठगी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के चिचौली गांव निवासी युवक के साथ पांच हजार की रुपये की ऑनलाइन ठगी हो गई। जिसकी शिकायत उसने थाने के साइबर डेस्क में की है। चिलौली गांव निवासी संजय कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने बीते मई में अपनी बिटिया का जेएनएम में एडमीशन कराया था। जिसकी फीस वापसी होनी थी। शुक्रवार की सुबह एक अनजान नंबर से फोन कॉल आई और फीस वापसी की बात की। उससे एक मोबाइल एप इंस्टाल करने को कहा गया। ऐसा करने पर उसके बैंक खाते से पांच हजार रुपये कटने का मैसेज आया। जिसपर उसने एप हटा दिया, लेकिन तब तक पैसे कट चुके थे। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

### जहरीला कीड़ा काटने से किशोर और बुजुर्ग गंभीर

**पुखरायां।** अलग-अलग गांवों में किशोर व बुजुर्ग महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया। सीएचसी से उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इमिलिया गांव के राहुल ने बताया कि उसकी दादी रामसखी (65) मवेशियों के लिए अपने खेत में चारा लेने के लिए गई थी। जहां उनके पैर में जहरीले कीड़े ने काट लिया। इससे उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। वहीं नोनापुर गांव की रीता देवी ने बताया कि उनका पुत्र प्रिंस बाबू (12) घर से दुकान पर सामान लेने के लिए जा रहा था। रास्ते में जहरीले कीड़े ने पैर में काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां डॉ. आरती सिंह ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कोर्ट के आदेश पर शिवली कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**शिवली।** कोतवाली क्षेत्र के झम्मानिवादा गांव निवासी विश्वनाथ ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसका एकलौता पुत्र मनीष दादा नगर कानपुर में मजदूरी का काम करता था। उसके पुत्र ने गांव के ही रहने वाले सुनील को कुछ रुपए उधार दिए थे। जिसे सुनील वापस नहीं कर रहा था। इसी बात को लेकर सुनील का उसके पुत्र के साथ विवाद भी हुआ था। 19 जून को उसका पुत्र घर पर था। तभी दोपहर को सुनील का दोस्त बउवन उससे मिलने घर पर आया और सुनील से मिलवाने की बात कहकर खेत पर ले गया। कुछ देर बाद पड़ोसी रेशमा ने बताया कि खेत पर मनीष फंदे पर लटक रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जब उसने सुनील व बउवन के खिलाफ हत्या का प्रार्थना पत्र दिया तो उसे टरका दिया गया। कोतवाल कृष्णानंद राय ने बताया न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# एसओ पर गाली देकर भगाने का लगा आरोप

संवाददाता, रूरा

- रूरा थानाध्यक्ष ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने मुख्यमंत्री व आयोग में शिकायत भेजकर बताया कि उसने गांव के ही भजन लाल सविता से एक जमीन का सौदा किया था। जिसे गांव के अभिषेक मिश्रा ने गलत बताकर एसडीएम से शिकायत की।

गुरुवार को टीम जांच करने आई और शिकायत गलत पाई गई। अधिकारियों के जाने बाद गांव के ही चार नामजद व एक अज्ञात पर आरोप है कि वह लोग महिला के घर आए और गालियां देने लगे। मना करने पर पीड़िता व उसकी देवरानी को घसीटकर बेपर्दा कर दिया। परिजनों के आने पर आरोपियों ने उनसे भी मारपीट कर दी और धमकी देते हुए भाग गए। जब पीड़िता गुरुवार की शाम रूरा थाने में शिकायत करने पहुंची। आरोप है कि थाना प्रभारी ने गाली देकर भगा दिया और दूसरे पक्ष का मुकदमा लिखा दिया। पीड़िता ने शुक्रवार को एसपी से न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष रामगोविंद मिश्रा ने कहा कि महिला का आरोप निराधार है। जमीन के विवाद में दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। थाने में आने वाले फरियादियों को बैठाकर उनकी समस्या सुनी जाती है।

# अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अधिवक्ताओं की हड़ताल को कोर्ट की अवमानना माने जाने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ कचहरी के अधिवक्ताओं ने बार संगठनों के नेतृत्व में शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

विगत दिनों हाईकोर्ट ने अधिवक्ताओं की हड़ताल से न्यायिक कार्य प्रभावित होने को गंभीरता से लेते हुए अधिवक्ताओं की हड़ताल को कोर्ट की अवमानना की श्रेणी में माने जाने का आदेश पारित किया था। इसके विरोध में कचहरी के अधिवक्ता संगठनों के नेतृत्व में शुक्रवार को कचहरी के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। साथ ही कचहरी परिसर में घूम घूमकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इससे दूर दराज से आए वादकारियों को अपने मुकदमों में तारीख लेकर वापस जाना पड़ा।

एकीकृत बार के महामंत्री संजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि अधिवक्ता अपने विरोध को न्यायिक कार्य से विरत रह प्रकट करते है। इसे किसी भी तरह कोर्ट की अवमानना नहीं माना जा सकता है। जिला बार एसोसिएशन माती मुख्यालय के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि हाईकोर्ट का आदेश अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता का हनन है।

इस आदेश पर पुनर्विचार कर निरस्त करना चाहिए। इस मौके पर एकीकृत बार अध्यक्ष राधेश्याम कटियार, जिला बार महामंत्री अरविंद सिंह कुशवाहा, लोकेंद्र सिंह, केके पांडेय, ज्योति सिंह, सरोज दीक्षित, गौरव कटियार सहित कई अधिवक्ता रहे।



माती कचहरी में शुक्रवार को प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

## सांप के डसने से महिला की मौत

**मंगलपुर।** क्षेत्र के जोगी डेरा गांव में सोते समय महिला को सांप ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

जोगीडेरा निवासी विजय नाथ की आरती देवी (25) को गुरुवार रात घर में सोते समय सांप ने डस लिया। दर्द होने पर उसकी नींद खुल गई और शोर मचाया। जिसपर परिजन जाग गए और महिला को लेकर झाड़ फूंक कराते रहे। शुक्रवार सुबह महिला ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि मृतका के दो बच्चे कपिल और रितिका हैं। वहीं सांप काटने से महिला की मौत की सूचना थाना प्रभारी संजय गुप्ता को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल रितेश कटियार ने परिजनों को दैवीय आपदा के तहत मदद का आश्वासन दिया है।

**मौसम की मार** कम प्रतिरोधक क्षमता वाले मरीजों को दोबारा हो रहा वायरल

# अस्पताल में बुखार-खुजली के बढ़े मरीज

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** लगातार बदल रहे मौसम के कारण लोग वायरल संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। हाल यह है कि मरीज दस से पंद्रह दिन में फिर से वायरल के शिकार हो रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में बार-बार बदलाव की वजह से नजला, खांसी और बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। जिन मरीजों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, उन्हें वायरल दोबारा हो रहा है। इसलिए सावधानी बरतने की जरूरत है।

मौसम में बदलाव से लगातार बुखार व बारिश में संक्रमण के चलते खुजली की समस्या को लेकर राजपुर पीएचसी की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई हैं। प्रतिदिन 70-80 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को पीएचसी में बुखार, खांसी और खुजली के मरीजों की भरमार रही। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी बुखार की समस्या का इलाज कराने अस्पताल पहुंचे। पीएचसी के डाक्टरों ने उनका चेकअप कर दवाइयां दी। साथ ही संक्रमण से बचाव के उपाय बताए। पीएचसी की ओपीडी में दोपहर दो बजे तक 180 मरीजों का इलाज किया गया। जिनमें सर्वाधिक बुखार के 85, खांसी 30, खुजली के 55, दस्त के 10 के अलावा अन्य रोग से पीड़ित मरीज पहुंचे। ओपीडी में डा. शिव विनायक त्रिपाठी, डा. अरुणेंद्र प्रताप सिंह, फार्मासिस्ट अजीत कटियार, शिवम यादव, ज़रीन, साधना, अंकित मौजूद रहे।



राजपुर पीएचसी में मरीज देखते डॉक्टर। अमृत विचार

### गंदगी से फैल रहीं बीमारियां

- बारिश में गंदगी और जलभराव के चलते संक्रमण से संक्रामक बीमारियां बढ़ रही हैं। ऐसे में उल्टी-दस्त के मरीजों की भी भरमार है। बुधौली गांव के रामदास की पत्नी भगवती (55) को चार दिनों से खूनी दस्त की समस्या थी। शुक्रवार को परिजनों ने उन्हें राजपुर की ओपीडी में दिखाया। चिकित्सक डॉ शिवकुमार ने भगवती को भर्ती कर इलाज किया। इसके अलावा अन्य गांवों से भी उल्टी दस्त की समस्या से ग्रस्त मरीज पहुंचे।



यमुना में अवैध रूप से मछली का शिकार करते शिकारी। अमृत विचार

# यमुना नदी में मछलियों का अवैध शिकार

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव के पास यमुना नदी में अवैध रूप से मछलियों का शिकार किया जा रहा हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी न होने से शिकारी राजस्व का चूना लगा रहे हैं। वहीं जिम्मेदार भी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। अमराहट थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव के कई लोग यमुना नदी की बीच जलधारा के बीच जाकर मछलियों का अवैध शिकार कर रहे हैं।

## एक नजर

### योगी 3 सितंबर को लेंगे पार्टी की सदस्यता

**अमृत विचार, लखनऊ :** 2 सितंबर से शुरू हो रहे भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 सितंबर को पार्टी की सदस्यता लेंगे। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी पार्टी का सदस्य बनाएंगे। सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा शनिवार 31 अगस्त को प्रदेश के सभी बूथों पर कार्यशाला भी आयोजित करेगी। पहले दिन 2 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदस्य बनाएंगे। पार्टी सदस्यता अभियान के जरिए शिक्षक, व्यापारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, साहित्यकार, चित्रकार, सीए, कलाकार, खिलाड़ी, पूर्व सैनिक सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचेगी।

### पेरिस पैरालंपिक के शूटिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 की शूटिंग में महिला शक्ति ने ताकत दिखाते हुए पदक तालिका में देश का खाता खोल दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि पैरालिंपिक 2024 में आर 2 महिलाओं की 10एम एयर राइफल एसएच1 प्रतियोगिता में प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीतने पर अवनि लेखरा पर बहुत गर्व है। उन्होंने 3 पैरालंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला एथलीट बनकर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। उनका समर्पण और उत्कृष्टता को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास की भावना राष्ट्र को प्रेरित करती रहती है। वहीं, अगली टिप्पणी में उन्होंने लिखा कि पैरालिंपिक 2024 में आर2 महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर मोना अग्रवाल को हार्दिक बधाई। उन्होंने हैशटैग चियर फॉर भारत का उपयोग करते हुए आगे लिखा, ऐसे ही चमकते रहो और युवा पीढ़ी को प्रेरित करते रहो।

# उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर माहौल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- औद्योगिक समूहों के दिग्गज बोले, किसी अन्य प्रदेश सरकार से नहीं हो सकती योगी की सोच, जुनून, रफ्तार और लक्ष्य के प्रति समर्पण की तुलना
- सैमसंग, जेके ग्रुप, बिरला कॉर्पोरेशन, गैलंट, एचसीएल व हिंदुजा समूह ने प्रदेश में अपनी निवेश परियोजनाओं को लेकर किया खुलासा

**अमृत विचार :** 7 वर्ष पहले और आज का जो माहौल है, उसमें जमीन-आसमान का अंतर है। आज का उत्तर प्रदेश निवेश के सर्वश्रेष्ठ स्थल के रूप में नए आयाम गढ़ रहा है। यहां उद्योगों के अनुकूल वातावरण स्थापित किया गया है, नीतियां बनाई गई हैं। कानून व्यवस्था में भी सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री योगी की सोच, जुनून, रफ्तार व लक्ष्य के प्रति समर्पण की तुलना किसी अन्य प्रदेश सरकार से नहीं हो सकती।

ये बातें लोकभवन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन राशि और लेटर ऑफ कंफर्ट देते समय मंच से देश और दुनिया के बड़े औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधियों की ओर से कही गईं। सैमसंग, जेके ग्रुप, बिरला कॉर्पोरेशन, गैलंट, एचसीएल और हिंदुजा ग्रुप के सीनियर ऑफिशियल्स ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी को धन्यवाद कहा और यूपी में भविष्य की अपनी योजनाओं का भी खुलासा किया।

कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के राज्य मंत्री अजीत पाल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल सागर, निवेशक एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

**प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाले प्रतिष्ठान**

ओमेक्स ऑटोज लि., अम्बुजा सीमेंट लि., जिंदल सॉल्यूशन लि., विसाका इंडस्ट्रीज लि., यूएएल उत्तर प्रदेश स्पर्श इंडस्ट्रीज प्रा. लि., सुयश पेपर मिल, मंगलम सीमेंट लि., पार्ले एग्रो प्रा. लि., वृंदावन एग्रो इंडस प्रा. लि., सीपी मिल्क प्रोडक्ट्स प्रा. लि., आरएलजे कॉनकास्ट प्रा. लि., बिरला कॉरपर्पोरेशन लि., अल्फा मिल्क फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि., महान मिल्क फूड प्रोडक्ट्स लि., वरुण बेवरेजेज लि., ईकोप्लस स्टील्स प्रा. लि., सैमसंग नोएडा, वरुण बेवरेजेज- हरदोई, श्री सीमेंट-बुलंदशहर, गैलेंट इस्पात लि.-गोरखपुर, आरसीसीपीएल-रायबरेली, पसवारा पेपर्स, स्पर्श इंडस्ट्रियल प्रा. लि.-कानपुर देहात, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स-नोएडा, श्री गंग इण्डस्ट्रीज एंड एलायड प्रोडक्ट्स, जेके सीमेंट, सैमक्वांग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक प्रा. लि., लावा इंटरनेशनल लि., के. एच. वाटेक इंडिया प्रा. लि., सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्रा. लि., एचसीएल आईटी सिटी, लखनऊ प्रा. लि.।

**लेटर ऑफ कम्फर्ट प्राप्त करने वाले 11 औद्योगिक समूह**

श्री सीमेंट नॉर्थ प्रा. लि., बालाजी वेफर्स प्रा. लि., बनासकांठा डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स लि., आरएसीएल गेयरटेक लि., आईटीसी लि., एबी मौरी इंडिया प्रा. लि., सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. प्लांट-3, गोरखपुर एशियन पेंट्स लि., अशोक लीलैंड, कजारिया सेरेमिक्स लि. और क्रीमीफूड्सलि.।


लोकभवन में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी के साथ उपस्थित मंत्री व औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधि।

### योगी ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस क्या होता है करके दिखाया : राघवपति



जेके सीमेंट के एमडी राघवपति सिंहानिया ने कहा कि जेके सीमेंट ने पिछले 6 वर्षों में 3 सीमेंट यूनिट लगाई हैं। जो लास्ट सीमेंट यूनिट है, वो 2024 में प्रयागराज में स्थापित हुई है, जो सिर्फ 9 महीने और 28 दिन में लगायी गयी है। जेके सीमेंट ने 1500 करोड़ रुपये का निवेश किया है और 1500 करोड़ का निवेश और किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस क्या होता है, ये करके दिखा दिया है।

### प्रदेश सरकार ने जो वादा किया, वह निभाया भी : संदीप घोष



बिरला कॉर्पोरेशन के एमडी और सीईओ संदीप घोष ने कहा कि 5 वर्ष में 600 करोड़ का इंसेंटिव मिला है, जो दूसरे राज्यों की तुलना में बहुत ज्यादा है। निवेश में दो-तीन चीजें बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। प्रदेश में गवर्नेंस का माहौल अच्छा है, बड़ी बात यह है, सरकार ने जो वादा किया, उसे निभाया। इससे दोबारा निवेश के लिए विश्वास पैदा होता है।

### सरकार जितना पैसा देगी, उसका 10 गुना करेंगे निवेश : सीपी अग्रवाल



गैलंट इस्पात के चेयरमैन सीपी अग्रवाल ने कहा कि गैलेंट ने गोरखपुर में 2006 से 1500 करोड़ से ज्यादा का निवेश किया है और इसमें आधे से भी ज्यादा निवेश उप्र में किया गया है। शासन और प्रशासन में ईमानदारी और पारदर्शिता का जो वातावरण संभव हो सका है, वह मुख्यमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। प्रदेश सरकार जितना भी पैसा देगी उसका 10 गुना निवेश करेंगे।

### युवाओं की क्षमता को निखारेंगे : जेबी पार्क



सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि सैमसंग का उप्र से बहुत गहरा नाता है। सैमसंग यहां निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। नोएडा में हमारी मोबाइल फैक्ट्रियां 'मेक इन इंडिया' का एक प्रतीक हैं और हम भारत से 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएसआर पहलों के तहत कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की क्षमता को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

### प्रो एक्टिवनेस से बन रहा है बेहतर प्रदेश : पवन के दनकर



एचसीएल के सीएफओ और प्रेसीडेंट पवन के दनकर ने कहा कि 800 करोड़ रुपये लखनऊ में निवेश किया है। इसमें लगभग 85 प्रतिशत कर्मचारी यूपी से और 70 प्रतिशत सिर्फ लखनऊ से हैं। अगले तीन वर्षों में यहां 4200 करोड़ रुपये का निवेश होगा। यमुना एक्सप्रेस-वे में भी एक प्रोजेक्ट है, जिसमें 3700 करोड़ का निवेश होगा। यहां समस्याएं बताने में संकोच नहीं होता और अधिकारी भी प्रो एक्टिव होकर समाधान कर देते हैं।

### देश में सबसे प्रगतिशील है उप्र. : शेनू अग्रवाल



अशोक लीलेंड के एमडी शेनू अग्रवाल ने कहा कि शायद ही देश का कोई कोना होगा, जहां अशोक लीलेंड और हिंदुजा ग्रुप का व्यवसाय न फैला हो, लेकिन पिछले कुछ महीनों में जो सहयोग, मार्गदर्शन, प्रेरणा और प्रोत्साहन उप्र सरकार से मिला वो किसी सरकार से नहीं मिला। 5 महीने में अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक बस और ट्रक बनाने की फैक्ट्री का शिलान्यास हो गया। यह सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही संभव है।

## पंचायत पुरस्कार में रुचि नहीं, सत्यापन धीमा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2022-23 के लिए जिलों पर बेहतर कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों का सत्यापन नहीं हो पाया है। सत्यापन की धीमी प्रगति पर पंचायती राज निदेशालय ने नाराजगी जताते हुए जल्द नाम भेजने के निर्देश दिए हैं।

जिलों से राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार योजना के लिए नौ थीमों पर विकास करने वाली 27 ग्राम पंचायतों के नाम राज्य सरकार को नाम भेजने हैं। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर 27-27 ग्राम पंचायत व इन्हीं में जनपद पंचायत परफारमेंस असेसमेंट कमेटी द्वारा 27 का सत्यापन करके राज्य सरकार को उपलब्ध कराना है। इन्हें में राज्य स्तर से सत्यापित होकर 27 नाम केंद्र को भेजे जाएंगे। ब्लॉक स्तर पर सत्यापन का काम 30 अगस्त तक पूर्ण होना था। जनपद स्तर पर 10 सितंबर तक करना है। सत्यापन की प्रगति धीमी है। गुरुवार तक जिला स्तर पर 84 फीसद ग्राम पंचायतों का ही सत्यापन हो सका।

826 ब्लॉक से 756 ग्राम पंचायतों के नाम भेजे गए। उप निदेशक पंचायती राज निदेशालय अभय कुमार शाही ने बताया कि जिलों से जल्द नाम मांगे हैं। इस योजना में चयनित ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन के तौर पर विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त धनराशि मिलेगी।

# कानपुर के मुरलीधर ज्ञानचंदानी उप्र. में सबसे अमीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अंतरराष्ट्रीय पत्रिका हुरुन ग्लोबल रिच ने देश के रईस 1000 अरबपतियों की सूची जारी की
- करोड़पतियों की सूची में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, प्रयागराज, आगरा, नोएडा, अलीगढ़ के उद्यमी शामिल

**अमृत विचार :** हुरुन इंडिया ने देश के धनकुबेरों की सूची जारी की है। इस सूची में उत्तर प्रदेश के भी अमीरों के नाम शामिल हैं। उप्र. में सबसे धनवान कानपुर के घड़ी ब्रांड के मालिक मुरलीधर ज्ञानचंदानी हैं। हालांकि देश में सबसे रईस 1000 अरबपतियों में उन्हें 174वें नंबर पर रखा गया है। उनके छोटे भाई विमल ज्ञानचंदानी 275वें नंबर पर हैं। मुरलीधर की संपत्ति 15,800 करोड़ और विमल की 10,500 करोड़ आंकी गई है। 26,300 करोड़ की संपत्ति के साथ ज्ञानचंदानी बंधुओं के राज्य में सबसे ज्यादा धनवान होने का रिकॉर्ड कायम है।

सूची में लखनऊ के संजय कपूर 12300 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ यूपी में दूसरे स्थान पर हैं। देश के अमीरों वाली सूची में उनका स्थान 235वां है। वह सोना बीएलडब्ल्यू के संचालक हैं। इनके अलावा लखनऊ से पीटीसी इंडस्ट्रीज के मालिक सचिन अग्रवाल (287) का नाम है जिनकी कुल संपत्ति 9800 करोड़ रुपये आंकी गई है। लखनऊ के ही एप्को इन्फ्राटेक के मालिक अनिल सिंह (617) हैं, जिनकर संपत्ति 4100 करोड़ है। लखनऊ से ही ईएमएस के मालिक रामवीर सिंह (714), संपत्ति-3400 करोड़, का भी नाम है। जबकि, फैजाबाद से अम्रत बॉटलर्स के कर्ताधर्ता लछमन दास (360) 7700 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ इस लिस्ट में शामिल हैं।

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में कानपुर के ही मिर्जा ग्रुप के तसनीफ अहमद 2400 करोड़ की संपत्ति के साथ देश में 929वें स्थान पर हैं। वहीं, व्यक्तिगत तौर पर आगरा के सबसे अमीर मयंक अग्रवाल (909) हैं, इनकी कंपनी वैकमेट इंडिया है और 2500 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

सूची में हितेश ओबराय (स्थान-363) एज इंडिया नोयडा, संपत्ति-7600 करोड़, दिनेश अग्रवाल (498) इंडिया मार्ट नोयडा, यशीश दहिया (608) एफबी फिनटेक नोयडा संपत्ति-4100, विष्णु आर. (854), न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर नोयडा, संपत्ति-2700, अलख पांडेय (571) फिजिक्स वाला प्रयागराज, संपत्ति 4500 और मो. जहीर अल हमद (970) एग्रो अलीगढ़, संपत्ति-2300 करोड़ है, के नाम भी हैं।


मुरलीधर ज्ञानचंदानी

### सूची में इस वर्ष 220 नए दौलतमंद जुड़े

हुरुन इंडिया की सूची में उन भारतीयों को शामिल किया गया है, जिनकी संपत्ति 1000 करोड़ से ज्यादा है। सूची में इस साल 220 नए दौलतमंदों के शामिल होने से देश में 1 हजार करोड़ से ज्यादा संपत्ति रखने वालों की संख्या 1539 पहुंच गई है। पिछले वर्ष अरबपतियों की सूची में उत्तर प्रदेश से 34 उद्योगपतियों को स्थान मिला था, जबकि इससे पहले साल 2022 में प्रदेश के 21 अरबपति ही सूची में शामिल हो सके थे। इस बार उत्तर प्रदेश से सूची में शामिल अरबपतियों की संख्या 45 बताई जा रही है।

### देश में मुंबई तो उप्र. में नोएडा है नंबर वन

हुरुन की सूची के मुताबिक 386 अरबपतियों की संख्या के साथ मुंबई देश में नंबर वन है। दूसरे नंबर पर नई दिल्ली है, जहां 217 अरबपति रहते हैं। हैदराबाद 104 अरबपतियों के साथ तीसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश की बात करें तो सर्वाधिक अरबपतियों के मामले में नोएडा, कानपुर, आगरा, लखनऊ और गाजियाबाद शहर सबसे आगे हैं। नोएडा प्रदेश में नंबर वन है।

## 1 से 7 सितंबर तक 20 जिलों में पकड़े जाएंगे गोवंश

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 1 से 7 सितंबर तक 20 जिलों में विशेष अभियान चलाकर सड़कों पर घूम रहे गोवंश पकड़कर संरक्षित किए जाएंगे। इन जिलों में सबसे ज्यादा शिकायत मिलने पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के संज्ञान लेने पर प्रमुख सचिव ने शुक्रवार को यह निर्देश जारी किए हैं।

मैनपुरी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, मुरादाबाद, अलीगढ़, गाजियाबाद, मुज्जफरनगर, प्रयागराज, मिर्जापुर, कानपुर नगर, बरेली, सुल्तानपुर, कन्नौज, गोंडा, बदायूं, अमरोहा, बिजनौर, प्रतापगढ़, वाराणसी व उन्नाव में रोजाना हाईवे व सड़कों पर घूम रहे गोवंशों के झुंड से हादसे की सबसे ज्यादा शिकायतें हैं। इसमें गोवंशों के साथ लोग भी घायल हो रहे हैं। इसका पशुपालन मंत्री ने संज्ञान लेकर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में शुक्रवार को प्रमुख सचिव रवींद्र नायक ने संबंधित जिलाधिकारी को एक सप्ताह विशेष अभियान चलाकर गोवंशों को गोशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश जारी किए हैं।

### विपक्ष के फैलाए हर झूठ व भ्रम को उजागर करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सदस्यता अभियान की प्रदेश कार्यशाला शुक्रवार को भागीदारी भवन, लखनऊ में संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सदस्यता अभियान में जनसंपर्क के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए अनुसूचित वर्ग के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण को भी अनुसूचित जाति वर्ग के बीच पहुंचाना है। विपक्ष द्वारा फैलाए गए प्रत्येक झूठ व भ्रम को उजागर करने का भी काम करना है। कार्यशाला को प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र कन्नौजिया ने सम्बोधित किया। कार्यशाला में प्रदेश सरकार के मंत्री बेबी रानी मौर्य, असीम अरुण, गुलाब देवी, विजय लक्ष्मी गौतम, दिनेश खटीक, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत, प्रदेश मंत्री डीपी भारती, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर, प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री, पूर्व सांसद विनोद सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में बदली देश व प्रदेश की तस्वीर : भूपेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर विभाग और प्रकोष्ठों की हुई कार्यशाला

**अमृत विचार :** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा की सरकार में देश व प्रदेश की तस्वीर बदली है। सशक्त भाजपा-विकसित भारत के संकल्प के साथ सदस्यता अभियान में केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व नीतियों को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे और विपक्ष द्वारा फैलाये गई नकारात्मकता, झूठ, भ्रम व देश व समाज को तोड़ने की राजनीति को बेनकाब करने का काम करेंगे।

वह शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय पर विभाग एवं प्रकोष्ठों की सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित प्रदेश कार्यशाला में बोल रहे थे। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। सदस्यता अभियान के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क करते हुए जनमानस को भाजपा परिवार से जोड़ने का काम करना है। उन्होंने कहा कि 2014 में सदस्यता अभियान से भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के परिश्रम से संभव हुआ। हम सब फिर एक बार सदस्यता अभियान के माध्यम से हर व्यक्ति व हर वर्ग तक पहुंचकर लोगों को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे।

चौधरी ने कहा कि शनिवार को प्रदेश के सभी बूथों पर बैठकें आयोजित कर सदस्यता अभियान की योजना व रचना को बूथ समितियों के साथ ही बूथ पर रहने वाले पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच साझा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग व प्रकोष्ठ को संबंधित वर्ग के बीच पहुंचकर उनको भाजपा सदस्य के रूप में जोड़ने का काम करना है।

कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, संजय राय, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने किया।



कार्यशाला में आए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष।


## वर्ग पहेली-177

**बाएं से दाएं**

1. स्वामित्व, वह हक या धन जो किसी चीज़ के मालिक को उसके स्वामित्व के बदले में मिलता हो।
5. 1. भांजने की क्रिया या भाव 2. भांजने का पारिश्रमिक 3. रुपयों या सिक्कों आदि को भुनाने के लिए दी जाने वाली राशि, भुनाई 4. कागज़ को परतों में मोड़ने की क्रिया।
6. वाक्य में पदों (शब्दों) को जोड़ने या बिठाने की क्रिया या भाव।
8. 1. निराहार 2. भोजनार्थी 3. जिसको भोजन न मिला हो 4. किसी चीज़ की चाह रखने वाला।
9. सप्ताह का एक दिन, इतवार, आदित्यवार।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो धनवान के साथ-साथ कंजूस भी हो 2. मुसलमानी कथाओं में एक धनवान और कंजूस मिथकीय चरित्र जो हजरत मूसा का चचेरा भाई था।
3. 1. शर्म में पड़ना, लज्जित होना 2. सकुचाना, संकोच करना, लाज या शर्म से सिर नीचा करना।
4. ईसवी कैलेंडर का वह वर्ष जिसमें 366 दिन होते हैं, वह ईसवी सन जिसमें फ़रवरी का महीना 29 दिन का हो; अधिवर्ष।
5. भग्न होना, टूटना, टुकड़े-टुकड़े होना।
7. एक पौधा जिसके बीज के अंदर का सफ़ेद हिस्सा खाने में उपयोग होता है, एक प्रसिद्ध मेवा, तालमखाना।




### वर्ग पहेली -176 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रि | स | मा | प | 2 न |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | की |
| ■ | 3 म | ■ | 4 ले | ■ | ब |
| 5 का | ट | 6 क | प | ट | ■ |
| ■ | 7 र | ला | ना | ■ | 8 सु |
| 9 गं | ■ | वा | ■ | ■ | दू |
| 10 धा | ता | ■ | 11 ज | वा | र |

## सुडोकू-90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 3 | 1 | | |
| | | 3 | | | | | 4 | |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | 9 |
| | | | 9 | 1 | | 3 | | 2 |
| 9 | 4 | | | | | | 5 | 7 |
| 3 | | 8 | | 5 | 6 | | | |
| 2 | | 5 | | 7 | | 4 | | |
| | 1 | | | | | 8 | | |
| | | 9 | 4 | | | 2 | | 1 |

### सुडोकू -89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 1 | 7 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 अगस्त शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 1 सितंबर 03 .40 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष :** आज कारोबार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रशासन से संबंधित जातकों को व्यावसायिक सफलता मिल सकती है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना कीमती समय बर्बाद न करें।

**वृष :** आज लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनाएंगे। मनोवांछित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। कार्यक्षमता के अनुसार काम करने से लाभ प्राप्त होगा। कला, साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे।

**मिथुन :** आज संतान के व्यवहार से बहुत खुश होंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्कों का लाभ उठाएंगे। शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क :** आज व्यापार में जबरदस्त लाभ मिल सकता है। पद और अधिकार की आकांक्षा बढ़ेगी। बिना कहे लोगों की सहायता करेंगे, जिससे आपका यश बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। प्रत्येक कार्य को सलीके से करने का प्रयास करें।

**सिंह :** आज विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। कारोबार को लेकर किसी विशेषज्ञ की सलाह ले सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है।

**कन्या :** आज मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। रोजमर्रा के कार्यों में आपका मन लगेगा। नई स्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी। धन की स्थिति काफी मजबूत होगी। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है।

**तुला :** आज दोस्तों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग से आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का माहौल काफी शांत रहेगा। धार्मिक स्थल पर एकांत में समय बिताएंगे।

**वृश्चिक :** आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। कहीं बाहर खाने का विचार बना सकते हैं। अपने सिद्धांतों के साथ समझौता न करें। गृहस्थ जीवन में सुख और संतोष की अनुभूति होगी। विदेश से जॉब के प्रस्ताव आपको मिलेंगे।


**धनु :** आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। व्यस्तता के बावजूद परिवार को समय देंगे। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है। आपके स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। प्रबंधन क्षेत्र से जुड़े लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे।

**मकर :** आज पुराने अटके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। अपने काम को अन्य लोगों के बीच बांट दें। लवमेट के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। नौकरी-व्यवसाय से जुड़े मुद्दे हल हो जाएंगे।

**कुंभ :** आज कार्यशैली में समय के अनुसार परिवर्तन लाना उचित होगा। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों को शानदार सफलता मिल सकती है। जॉब संबंधित इंटरव्यू के लिए जा सकते हैं। आपकी परिस्थितियां अनुकूल रहने वाली है।

**मीन :** आज किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 19 .39 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
शान — सुबह : 10 .35
लश्कर — रात : 07 .50

**&pictures**
भोला — सुबह : 11 .15
कार्तिक कालिंग कार्तिक — रात : 08 .00

**Sony Pix**
सैन एंड्रियास — सुबह : 10 .03
एंजेल हैज फॉलेन — रात : 09 .00

**Zee Action**
रावण राज — सुबह : 10 .54
दबंग 3 — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
पावर अनलिमिटेड — सुबह : 09 .41
भोला शंकर — रात : 08 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी एक्शन पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

दुर्जन :स्वस्वभावेन परकार्ये विनश्यति।
नोदर तृप्तिमायाती मूषक :वस्त्रभक्षक : ॥

दुष्ट व्यक्ति का स्वभाव ही दूसरे के कार्य बिगाड़ने का होता है। वस्त्रों को काटने वाला चूहा पेट भरने के लिए कपड़े नहीं कटता।

## संपादकीय

# अंगदान के लिए जागरूकता

देश में अंगों के प्रत्यारोपण से अनेक जिंदगियों को बचाया जा रहा है। इसलिए अंगदान का महत्व बहुत बढ़ गया है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि मृत्यु के बाद अंगदान करने वाला एक व्यक्ति आठ ऐसे रोगियों को नया जीवन दे सकता है जो अलग-अलग प्रकार की अंग विफलताओं से पीड़ित हैं। वास्तव में अंगदान को हमें जीवन जीने का तरीका बनाना होगा। ताकि हम ऐसे मरीजों को नया जीवन दे सकें जिनके किन्हीं अंगों ने काम करना बंद कर दिया है, लेकिन भारत में अंगदान करने वालों की संख्या बहुत कम है। प्रति दस लाख जनसंख्या पर अंगदान की दर बहुत ही निराशाजनक 0.65 है जबकि अन्य देशों में यह दर प्रति दस लाख आबादी पर 30 या उससे ज्यादा है। पारिवारिक आशंकाएं, भय, अंगों के सही इस्तेमाल पर संदेह, धार्मिक और सामाजिक परंपराएं आदि कुछ ऐसे कारण है, जिनके कारण लोग अंगदान करने से बचना चाहते हैं। गौरतलब है कि समाज को दान किया गया अंग मुफ्त मिलता है लेकिन इसके प्रत्यारोपण की लागत लाखों रुपये होती है। अंगों की अनुपलब्धता के कारण भारत में प्रतिवर्ष लगभग पांच लाख लोग मर जाते हैं। एक अध्ययन में पाया गया है कि भारत में अगर घातक दुर्घटनाओं के शिकार लोगों में से 5-10 प्रतिशत भी अंगदान का निर्णय ले लें, तो इस कमी को पूरा किया जा सकता है।

सरकार को अंगदान से जुड़े नियमों में कुछ परिवर्तन करने चाहिए। अंगदाताओं में वृद्धि के बिना बढ़ी हुई मांग से अंगों के अवैध व्यापार को बढ़ावा मिलता है। सरकार को चाहिए कि व्यवस्था में फैली इन कमियों का दूर करने के लिए एक सार्थक योजना बनाएं। मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 में पारित किया गया था। यह मानव अंगों के निष्कासन और उसके भंडारण के लिए विभिन्न नियम प्रदान करता है। यह चिकित्सीय प्रयोजनों के लिए मानव अंगों के प्रत्यारोपण और मानव अंगों के वाणिज्यिक लेन-देन की रोकथाम को भी नियंत्रित करता है। अब केंद्र सरकार ने अंगदान के लिए डोमिसाइल प्रतिबंध को हटा दिया है। देश के किसी भी राज्य में ऑर्गन लेने के लिए रजिस्टर किया जा सकता है और ट्रांसप्लांट कराया जा सकता है। अंगदान के बारे में गलत धारणाओं और मिथकों को दूर करना देश में अंग की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अंगदान को बढ़ाने के लिए समाज में जागरूकता की जरूरत है। इसके लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाना चाहिए।

# बुलडोजर संस्कृति उचित या अनुचित



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

मेरा ऐसा मानना है कि बुलडोजर संस्कृति का सहारा लेने से पहले कानूनी प्रक्रिया, पारदर्शिता और न्याय का पालन करना चाहिए। साथ ही समानता और मानवाधिकारों का सम्मान भी हो ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए।

पिछले कुछ वर्षों से भारत में "बुलडोजर संस्कृति" की चर्चा जोरों पर है। उत्तर प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री को तो कुछ लोगों ने बुलडोजर बाबा की संज्ञा दे रखी है,जबकि उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में भी इस संस्कृति का उपयोग होता रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को यह संज्ञा देना कितना सही है और कितना गलत है यह कहना मुश्किल है। किंतु इतना जरूर दिखाई देता है कि हालिया माहौल में यह राजनीतिक शब्द ज्यादा और सामाजिक/प्रशासनिक शब्द कम नजर आता है। जहां तक मैं समझ सका हूं बुलडोजर शब्द का उपयोग अवैध निर्माण के विरुद्ध सरकारी कार्रवाइयों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है अर्थात सरकारी बुलडोजर का उपयोग अवैध निर्माण, अतिक्रमण या अनधिकृत संरचनाओं को गिराने के लिए किया जाता है।

इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य सरकारी संपत्ति को सुरक्षित रखना,निर्माण कार्य को नियमों के दायरे में लाना अर्थात शहरी विकास आदि का नियमन करना है। कुछ राजनैतिक दल इसे कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम के रूप में देखते हैं,जबकि कुछ राजनैतिक दल इसे राजनीतिक प्रतिशोध और विशेष समुदायों को लक्षित करने का तरीका मानते हैं। बुलडोजर के उपयोग को लेकर राजनैतिक दलों में मतभेद दिखाई देते हैं। विपक्षी/आलोचक दलों का ऐसा मानना है कि बुलडोजर की कार्यवाही कई बार बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी प्रक्रिया के की जाती है, जिससे प्रभावित लोगों के अधिकारों का हनन होता है वहीं इस कार्रवाई से इंफ्रास्ट्रक्चर में लगने वाली सामग्री, श्रम और धन का अपव्यय होता है। जबकि सरकार में बैठे दलों का पक्ष है कि इस तरह की कार्रवाई से कानून के शासन को लागू करने में मदद मिलती है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में भय पैदा होता, सरकारी संपत्ति को अतिक्रमण से मुक्ति मिलती है। "बुलडोजर संस्कृति" का उपयोग कब होगा?, किस पर होगा?, कैसे होगा?, यह राज्य और स्थानीय सरकार की नीतियों और नियत पर निर्भर करता है। आजकल बुलडोजर संस्कृति का सहारा लेना एक जटिल और विवादास्पद विषय बनता जा रहा है। अतः इसका उपयोग करने से पूर्व कई पहलुओं पर विचार आवश्यक है। जैसे- कानूनी प्रक्रिया, निष्पक्षता, पारदर्शिता, समाज पर प्रभाव और विकासात्मक पहलू आदि। अर्थात यदि अतिक्रमण या अवैध निर्माण सार्वजनिक सुरक्षा, यातायात या नागरिकों के अधिकारों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं तो इन्हें बिना किसी भेदभाव के हटाना ही चाहिए।




कई बार अवैध संरचनाओं को हटाने के निर्देश न्यायालय से प्राप्त होते हैं। किंतु जब बुलडोजर संस्कृति का उपयोग विशेष व्यक्तियों को चिन्हित या लक्षित करके किया जाता है तो विवाद का विषय बन जाता है, सामाजिक तनाव और असमानता को जन्म दे सकता है। वैसे भी बुलडोजर संस्कृति अतिक्रमण और अवैध निर्माण की समस्याओं के समाधान की दिशा में केवल अस्थाई और तात्कालिक उपाय हो सकता है,किंतु कभी भी स्थायी समाधान नहीं हो सकता है। अत : स्थाई समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से सभी सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को लोभ, लालच, भयमुक्त होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

कई बार अवैध संरचनाओं को हटाने के निर्देश न्यायालय से प्राप्त होते हैं। किंतु जब बुलडोजर संस्कृति का उपयोग विशेष व्यक्तियों को चिन्हित या लक्षित करके किया जाता है तो विवाद का विषय बन जाता है, सामाजिक तनाव और असमानता को जन्म दे सकता है। वैसे भी बुलडोजर संस्कृति अतिक्रमण और अवैध निर्माण की समस्याओं के समाधान की दिशा में केवल अस्थाई और तात्कालिक उपाय हो सकता है,किंतु कभी भी स्थायी समाधान नहीं हो सकता है। अतः स्थाई समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से सभी सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को लोभ, लालच, भयमुक्त होकर कार्य करने की आवश्यकता है। नियोजित तरीके से शहरीकरण हो,वैधानिक तरीके से शासकीय नियमों तथा प्रक्रिया का पालन हो,ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए ताकि बुलडोजर संस्कृति का उपयोग ही न करना पड़े। एक प्रश्न हमेशा सबके मन में उठता है कि अवैध कब्जा/ निर्माण हो कैसे जाते हैं? निमार्णाधीन अवधि में जांच और निगरानी करने वाली एजेंसियां क्या करती रहती हैं? इन्हें अवैध कब्जा और निर्माण दिखाई क्यों नहीं देता है? इस तरह के निमार्ण कौन कराता है? अधिकतर जघन्य अपराध करने के बाद ही अपराधी की संपत्ति पर बुलडोजर क्यों चलता है? क्या इस तरह की समस्या को जनसुनवाई और सामुदायिक संवाद जैसे अन्य उपायों से हल नहीं किया जा सकता? क्या उन लोगों पर कठोर कार्यवाही होती है,जो इस तरह के कब्जे/निर्माण होने देने के लिए जिम्मेदार है? क्या सरकारों को अतिक्रमण/ अवैध निर्माण को रोकने के लिए और अधिक प्रभावी नियम-कानून-योजनाएं बनाने पर, नियामक तंत्र विकसित करने पर विचार करने की आवश्यकता है?

मेरा ऐसा मानना है कि बुलडोजर संस्कृति का सहारा लेने से पहले कानूनी प्रक्रिया, पारदर्शिता और न्याय का पालन करना चाहिए। साथ ही समानता और मानवाधिकारों का सम्मान भी हो ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए। यदि ऐसी व्यवस्था बन सके कि न तो कोई अतिक्रमण करने की सोच सके और न ही कोई अवैध निर्माण कर सके तो बहुत ही अच्छी बात है। बुलडोजर का उपयोग केवल अंतिम उपाय के रूप में किया जाना उचित होगा। ऐसा देखने और सुनने में आता है कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण का सहारा वे लोग ही लेते हैं,जो या तो रसूखदार होते हैं या अपराधी प्रवृत्ति के होते हैं या जिन्हें राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होता है।

अतः जनता से लेकर जन प्रतिनिधियों तक सरकारी कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक को अतिक्रमण/अवैध निर्माण का विरोध करना चाहिए। वास्तव में इस तरह का तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है, जिससे गैर-कानूनी कृत्य की सूचना अविलंब प्राप्त हो सकें,उस पर कानून सम्मत कार्यवाही निष्पक्ष और बिना भेदभाव के अविलंब हो सके। यदि ऐसा हो जाता है तो बुलडोजर संस्कृति की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

## प्रसंगवश

# मनुष्य की आत्मा का भोजन

हिन्दुत्व के प्रबल समर्थक होने पर भी स्वामी विवेकानंद में इस्लाम के प्रति कोई द्वेष नहीं था। उनके गुरु परमहंस रामकृष्ण ने तो छह महीनों तक विधिवत मुसलमान होकर इस्लाम की साधना भी की थी। इस संस्कार के कारण इस्लाम के प्रति उनका दृष्टिकोण यथेष्ट रूप से उदार था।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिन्दू नास्तिक भी रहा है और आस्तिक भी, साकारवादी भी रहा है और निराकारवादी भी, उसने महावीर का भी आदर किया है और बुद्ध का भी। उसने वेदों को अपौरुषेय भी माना है और पौरुषय भी। विश्वासों में यह जो प्रचंड भिन्नता है,उससे हिन्दू का हिन्दुत्व दूषित नहीं होता। हिन्दू जन्म से ही उदार होता है एवं किसी एक विचार पर सभी को लाठी से हांककर पहुंचाने में वह विश्वास नहीं करता। जब थियोसोफिस्ट लोग हिन्दुत्व का प्रचार करने लगे, तब हिन्दुत्व का यह सार्वभौम पक्ष कुछ और विकसित हो गया और रामकृष्ण ने तो बारी-बारी से मुसलमान और क्रिस्तान होकर इस सत्य पर अपनी अनुभूति की मुहर ही लगा दी कि संसार के सभी धर्म एक हैं,उनके बीच किसी प्रकार का भेद-भाव मानना नितांत अज्ञानता की बात है। स्वामी जी के अनुसार धर्म मनुष्य की आत्मा का भोजन है एवं देश-देश में उसके भी अनेक रूप हैं।

भारत में जितने भी धर्म प्रचलित हैं,ये सभी धर्म हमारे अपने धर्म हैं, इस भाव से, उन सब को हमें अपना लेना है। शिकागो में जो विश्व धर्म सम्मेलन हुआ था, उसका एक आशय यह था कि संसार में सर्वोत्तम धर्म कौन-सा है, इसका निर्णय कर लिया जाए। उस सम्मेलन में स्वामीजी ने कहा कि " यदि कोई व्यक्ति यह समझता है कि धार्मिक एकता का मार्ग एक धर्म को विजय और बाकी धर्मों का विनाश है तो मैं उससे निवेदन करूंगा कि ईसाई को हिन्दू बौद्ध अथवा हिन्दू और बौद्ध को ईसाई नहीं होना है, किंतु इनमें से प्रत्येक का कर्तव्य है कि वह अन्य धर्मों का सार अपने भीतर पचा ले। उन्होंने कहा है, "आत्मा की भाषा एक है,किंतु जातियों की भाषाएं अनेक होती हैं। धर्म आत्मा की वाणी है। वही वाणी अनेक जातियों की विविध भाषाओं और रीति-रिवाजों में अभिव्यक्ति हो रही है।"

# हिकमत अमली अर्थात टेक्टफुलनेस



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

हिकमत अमली और टेक्टफुलनेस में एक सूक्ष्म अंतर भी है,जिसे समझने के लिए एक घटना का उल्लेख प्रासंगिक होगा। वर्ष 1971 में मैं जब पीलीभीत का एसपी था तब संयुक्त विधायक दल की सरकार थी।

यद्यपि हिकमत अमली का अर्थ ऐसे बुद्धिचातुर्य से है,जिससे दुरूह समस्या का समाधान निकलता है। प्रशासन में प्रायः हिकमत अमली का अर्थ होता है, झूठ-सच बोलकर और सिद्धांत अथवा स्वाभिमान को ताक पर रखकर किसी विकट स्थिति को ऐसे निपटा देना कि सबल संतुष्ट हो जाए और निर्बल चुप हो जाए। जब से प्रशासन में उर्दूदां की जगह अंग्रेजीदां व्यक्ति अधिक आने लगे हैं। इसकी जगह टैक्टफुलनेस शब्द का प्रयोग होने लगा है। भारतीय परिस्थितियों में प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को सफलतापूर्वक प्रशासन चलाने के लिए इस गुण में पारंगत होना अपरिहार्य होता है। शासन एवं जनता दोनों उन अधिकारियों को तरजीह देते हैं,जो टैक्टफुल होते हैं और किसी का काम चाहे करें या न करें, पर बातों की मीठी चाशनी सबके सामने परोस देते हैं। इसका कारण यह है कि अधिकतर भारतवासियों का असत्य और छल-कपट को पचाने का हाजमा बड़ा तगड़ा है,परंतु जरा से अप्रिय सत्य को भी हम पचा नहीं पाते हैं।

हिकमत अमली और टेक्टफुलनेस में एक सूक्ष्म अंतर भी है,जिसे समझने के लिए एक घटना का उल्लेख प्रासंगिक होगा। वर्ष 1971 में मैं जब पीलीभीत का एसपी था तब संयुक्त विधायक दल की सरकार थी। वहां स्वास्थ्य मंत्री,जो बीकेडी के थे,आने वाले थे। उनकी पार्टी के नेता मुझसे यह कहने आए थे कि आयुर्वेद कॉलेज के छात्र हड़ताल पर हैं और पब्लिक मीटिंग में मंत्री जी को काले झंडे दिखा सकते हैं या अन्य कोई बखेड़ा खड़ा कर सकते हैं। मैं जब उन्हें आवश्यक प्रबंध किए जाने हेतु आश्वस्त कर रहा था,तभी उनमें से एक नेता बोल पड़ा था," मंत्री जी के प्रथम आगमन पर हम उनका अच्छा स्वागत करना चाहते हैं और यह सुनिश्चित होना चाहिए कि मंत्री जी को काले झंडे न दिखाए जाएं।" उसके आदेशात्मक स्वर पर मैं अपने को जप्त न कर सका था और बोल पड़ा,"अगर कोई छात्र जेब में काला झंडा लेकर आ जाता है और निकाल कर दिखा देता है तो क्या हर्ज है? यह तो डेमोक्रेसी है।"

यद्यपि मेरी बात नियमतः सही थी, परंतु स्पष्टतः टेक्टलेस थी और मेरे टेक्टलेस कमेंट पर नेतागण उखड़ कर चले गए थे। मंत्री जी के आने पर उन्होंने उनको यह कहकर मेरे खिलाफ खूब भर दिया था कि मैं कांग्रेसी हूं। मंत्री जी की पब्लिक मीटिंग तो शांतिपूर्वक गुजर गई,परंतु रात में जब वह एक मकान पर अपने खास लोगों से मिल रहे थे, तब आयुर्वेद कॉलेज के लड़कों ने उस मकान के बाहर धावा बोलकर हंगामा प्रारंभ कर दिया और कुछ पत्थर भी मकान की ओर फेंक दिए।

मुझे सूचना मिलने पर मैं अपने घर पर लगी गार्ड में तीन सिपाहियों को जीप पर बिठाकर तुरंत वहां के लिए चल दिया। वहां कुछ दूर से मैंने देखा कि लड़के बहुत थे और पुलिस जन बहुत कम। तभी मेरी समझ में एक योजना आई और मैंने ड्राइवर से कहा की जीप को कुछ पहले ही अंधेरे में खड़ी कर लो और उसकी लाइट जलाकर लड़कों की भीड़ पर फोकस करो। फिर मैं और तीनों सिपाही जीप से उतरकर बड़े जोर से 'मारो-मारो' चिल्लाते हुए लड़कों की तरफ दौड़े। लड़के समझे की बहुत फोर्स आ गया है और घबराकर जिधर सींग समाया, उधर भाग लिए। जब तक लड़के वास्तविकता समझ पाते मैंने उपलब्ध फोर्स को उस मकान की तरफ आने वाली सभी गलियों पर लगा दिया और तब तक पुलिस लाइन से अतिरिक्त फोर्स आ गई,जिससे स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया। परंतु मंत्री जी संतुष्ट न हुए और मेरे द्वारा पहले दिन किया गया टेक्टलेस कमेंट मेरी इस हिकमत अमली पर भारी पड़ा और मुझे शीघ्र ही जनपद के चार्ज से हटा दिया गया।

अपराधियों से अपना जुर्म कबूलवा लेने में हिकमत अमली की बड़ी आवश्यकता होती है। संभवतः इतना तो मानवाधिकार आयोग वाले भी जानते होंगे कि कोई अपराधी यदि इमोशनली एब्नॉरमल नहीं है तो साधारण पूछताछ पर अपना जुर्म कबूल नहीं करता है। असाधारण पूछताछ का एक तरीका मारपीट और भूखा-प्यासा रखना है और एक वह जिसके द्वारा संदिग्ध को इमोशनली एब्नॉरमल कर दिया जाए, जैसे पियक्कड़ हो तो अद्धा पिलाकर या झुठी सहानुभूति से प्लावितकर। प्रायः पहला तरीका कम समय में कारगर हो जाता है और दूसरा तरीका लंबा समय लेता है।

पुलिस को किसी संदिग्ध अपराधी को 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना होता है, अतः अपराध कबुलवाने और लूटी संपत्ति अथवा अपहृत व्यक्ति को बरामद करने की जल्दी रहती है। इस कारण पुलिस वाले अधिकतर पहला तरीका अपनाते हैं और कभी-कभी मानवाधिकार हनन के आरोप में फंस जाते हैं। ऐसे पुलिस वाले जो अपराधी को बिना कोई प्रत्यक्ष चोट पहुंचाए जुर्म को जल्दी कबूल करवा लेते हैं,की हिकमत अमली काबिलेतारीफ होती है।

## सोशल फोरम

# संघर्ष

जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है। संघर्ष जीवन का आधार है। संघर्ष के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। संघर्ष अनिवार्य है। किसी के जीवन में कम, किसी के जीवन में अधिक,लेकिन इससे पिंड नहीं छुड़ाया जा सकता। क्योंकि संघर्ष विकास की बुनियाद है। जितना संघर्ष,उतना विकास। मगर अगर संघर्ष करना न आया तो जीवन बर्बाद ही समझिए।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संघर्ष करते हुए अक्सर हम तनाव में चले जाते हैं। तनाव संघर्ष का दूसरा नाम हो जाता है। संघर्ष यानी, पीड़ा, संघर्ष यानी दुख, संघर्ष यानी अग्नि-स्नान। ऐसा हो जाए तो समझना चाहिए कि हमें कुशलता से जीना नहीं आया। ढंग से संघर्ष करना नहीं आया। संघर्ष से दूर भागने में जीवन नहीं है, साक्षी भाव से संघर्ष करने में जीवन है। मोहासक्त होकर संघर्ष केवल दुख को जन्म देता है। मोह दुख का मूल कारण है। बाबा तुलसीदास भी लिखते हैं- मोह सकल ब्याधिन्ह कर मूला।/ तिन्ह ते पुनि उपजहिं बहु सूला।। मोह संपूर्ण मानसिक बीमारियों की जड़ है। मोह यानी अज्ञान। अज्ञान का मतलब है कि जो है,वह नहीं दिखाई पड़ता है और जो नहीं है,वही सत्य मालूम पड़ता है। संसार में कोई ऐसी वस्तु नहीं है,जिसे पाकर चैन आ जाए,लेकिन प्रेमी कहता है, "जरा पास आओ तो चैन आ जाए।" निश्चित ही प्रेमिका के जरा पास आने से जरा चैन आ जाता है, परंतु जल्द ही नई मांग जन्म ले लेती है। फिर उसके पीछे दौड़िए और यह सिलसिला कभी खत्म नहीं होता है। नई-नई मन की मांगों की पूर्ति के लिए संघर्ष करते रहिए। यह चीज ठीक से दिखाई पड़ जाए तो मांग के प्रति अरुचि पैदा होने लगती है। यहीं पर बहुत लोग हताश हो जाते हैं। डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं। पागल जैसा करने लगते हैं। भाई,जरा संतों की वाणी पर भी प्रयोग करके देखो न! कौन जाने असली आनंद उधर ही हो। शायद चाह से मुक्ति में ही आनंद का राज छिपा हो। चाहकर हमने बहुत देख लिया। अचाह होकर भी देख लेते हैं। दौड़कर बहुत देखा,अब थोड़ा स्थिर होकर देख लेते हैं। भोक्ता होकर बहुत देखा अब द्रष्टा होकर देख लेते हैं। जिस दिन समझ में आ जायेगा न कि जीवन में कुछ भी अपना नहीं है,उसी दिन उसके पाने की बेचैनी कम हो जाएगी। पाने की बेचैनी कम हुई कि दुख कम हुआ। इसका मतलब यह नहीं कि संघर्ष खत्म हो जाएगा। वह रहेगा,सिर्फ बेचैनी नहीं रहेगी।

-फेसबुक वॉल से

# ओरछा कैसे पहुंचे राम



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

राजा इस शुभ समाचार से सूचित हुए। पूरा राज्य गद्‌गद हुआ और फिर तत्काल ओरछा में राम जी के लिए एक भव्य मंदिर का निर्माण होना प्रारंभ हुआ। चूंकि यात्रा पुष्य नक्षत्र में ही होनी थी,इसलिए अयोध्या से ओरछा पहुंचने में महीनों लगे।

अयोध्या में राम,रामलला हैं। वो यहां नन्हें बच्चे के रूप में पूजे जाते हैं। ओरछा में राम राजा हैं। राजकाज चलाने के लिए राम दिन भर ओरछा में रहते हैं। सोने भर के लिए देर रात अयोध्या पहुंचते हैं और अगले दिन सुबह फिर ओरछा चले आते हैं। जनश्रुति है कि हनुमानजी अपने कंधे पर बिठाकर लाते ले जाते हैं उन्हें। ओरछा रोज सुबह अपने राजा का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत करता है। रामराजा नित्य ही अपने भव्य दरबार में सम्मान सहित विराजते हैं। याचकों का मान रखते हैं। फरियादियों की गुहार सुनते हैं और यथेष्ट न्याय करते हैं।

रामजी ओरछा कैसे पहुंचे? कैसे राजा हुए उसके? संवत सौलह सौ के आसपास का समय की बात है। ओरछा के राजा मधुकर शाह थे कृष्णभक्त और उनकी रानी गनेशी कुंवर थी राम की पुजारिन। एक बार देवदर्शन का विचार बना तो राजा ने वृंदावन जाने की बात कही तो रानी ने अयोध्या जाने की इच्छा जताई। बात बढ़ी,दोनों अपनी-अपनी पर अड़े रहे तो अनमने राजा ने कहा रानी से कि जाओ अकेली अयोध्या,पर अपने आराध्य के साथ ही लौटना। रानी अयोध्या पहुंची। महीनों मनाती रही रामलला को, जब एक दिन निराश हो शरीर त्यागने के विचार से सरयू में कूद पड़ी तो प्रेमबद्ध रामलला गोद में चले आए। रानी को मां कहकर आंसू पोंछें उनके। राम ठहरे अंतर्यामी। रानी के मन की बात जानते थे। लिहाजा ओरछा चलने के लिए नन्हें रामलला ने अपनी शर्तें बताईं। पहली,पुष्य नक्षत्र में ही यात्रा हों। दूसरी ,ओरछा का राजा बनकर रहूंगा मैं और तीसरी यह कि आप मुझे जहां सर्वप्रथम स्थापित कर देंगीं, वहीं बना रहूंगा। भावविभोर रानी को हां कहना ही था। वे मानी तो रामलला भी मानें।

राजा इस शुभ समाचार से सूचित हुए। पूरा राज्य गद्‌गद हुआ और फिर तत्काल ओरछा में राम जी के लिए एक भव्य मंदिर का निर्माण होना प्रारंभ हुआ। चूंकि यात्रा पुष्य नक्षत्र में ही होनी थी,इसलिए अयोध्या से ओरछा पहुंचने में महीनों लगे। इस पूरी अवधि में रानी ने रामलला को गोदी से नहीं उतारा और जब वे ओरछा पहुंची तो ओरछा के नतमस्तक राजा ने आनंदित प्रजा सहित उनका पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत किया। पर होनी ने अपनी चलाई। रानी प्रसन्नता के आवेग मे रामलला की आखरी शर्त विस्मृत कर बैठी। रामलला उनकी गोद से उतरे राजमहल के रनिवास में। रानी के कमरे में और जब उनके लिए प्रतीक्षारत मंदिर में उनकी प्राण प्रतिष्ठा का अवसर आया तब वे अपनी मां का कक्ष छोड़कर,मंदिर जाने के लिए राजी ही नहीं हुए। तब से लेकर अब तक उनके लिए बना विशाल और सुंदर चतुर्भुज मंदिर खाली पड़ा है और ओरछा के राजा बनकर राम अब भी राजमहल में ही विराजित हैं।

अब एक म्यान में दो तलवारें कैसे रहें? एक राज में दो राजा तो हो नहीं सकते,इस बात पर सोच-विचार कर बुंदेली राजाओं ने ओरछा छोड़ा और टीकमगढ़ से राजकाज चलाना शुरू किया। इस तरह ओरछा राम का हुआ। ओरछा वासी उन्हें रामजी नहीं कहते। वे उन्हें आदरपूर्वक रामराजा संबोधित करते हैं। ओरछा ही क्यों? राम से प्रेम करने वाले हजारों, लाखों श्रद्धालु देश भर से निरंतर ओरछा आते हैं और इस विश्वास के साथ आते हैं कि रामलला की मूल मूर्ति अयोध्या में न होकर ओरछा में ही है। यह कथा बताती है कि आदमी चाह लें तो क्या नहीं कर सकता। यह मनुष्य के सामर्थ्य का गान है यह प्रेम की प्रशस्ति है। बताती है कि प्रेम वह ताकत, जो भगवान को भी बस में कर लेती है। इसलिए यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि राम ओरछा में रहते हैं और राम राजा सरकार हैं।

# अंतरिक्ष अभियानों पर शामत

लगता है कि इन दिनों अंतरिक्ष अभियानों पर शामत आई हुई है। अभी बोईंग स्टारलाइनर से अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर गए और वहां से नियत दिनों में वापस न आ पाने का अंतरिक्ष यात्रियों का मामला चल ही रहा था कि एलन मस्क का एक फाल्कन 9 पुनरुपयोगी राकेट वापसी में अटलांटिक के ड्रोनशिप लैंडिंग साईट पर क्रैश हो गया। यह घटना 28 अगस्त 2024 को घटी है। यह स्पेस एक्स राकेट अंतरिक्ष में इंटरनेट संचार के लिए छोड़े जाने वाले नन्हें स्टारलिंक उपग्रहों जो आसमान में चलती रेल सा नजारा पेश करते हैं,को तेईसवी बार उनकी नियत कक्षा में पहुंचाने गया था। मगर लौटते वक्त वह लैंडिंग साईट पर लड़खड़ाया और इसके स्टेज वन बूस्टर राकेट में विस्फोट हो गया। यह अब बेकार हो गया है,क्योंकि यही पहले स्टेज का बूस्टर राकेट उसे अंतरिक्ष तक पहुंचाता है। यानी इसका आम राकेट जो उड़ान के दौरान ही नष्ट हो जाते हैं के विपरीत कई बार उपयोग किया जा सकता है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

स्पेस एक्स कंपनी ने ऐसे पुनः उपयोग में लाए जाने वाले राकेट का निर्माण कर अंतरिक्ष युग की प्रतिस्पर्धा में अपनी धाक जमा ली है। स्टारलिंक सैटेलाइट लांचिंग के साथ ही यह स्पेस एक्स 9 फाल्कन राकेट दूसरे मिशनों के लिए भी इस्तेमाल होता है। जैसे इससे ही निजी खर्चे पर अंतरिक्ष की सैर पर जाने वाले कुछ सैलानी पोलैरिस डान मिशन पर निकलने वाले थे। दरअसल अभी तक तो इस राकेट को बहुत भरोसेमंद माना जाता रहा है। मगर स्पेस एक्स का ही एक और राकेट विगत 11 जुलाई 2024 को भी दुर्घटनाग्रस्त हुआ था जब वह स्टारलिंक संचार सैटेलाइट की ही एक खेप लेकर उड़ा था। तब राकेट के ऊपरी स्टेज से तरल आक्सीजन का रिसाव शुरू हुआ और वह ले जा रहे स्टारलिंक उपग्रहों को नियत कक्ष तक नहीं पहुंचा पाया। हालांकि अपने 27 जुलाई 2024 की उड़ान को इसने सफलतापूर्वक पूरा किया और 23 स्टारलिंक सैटेलाइट नियत कक्षा में स्थापित कर दिए।

अब चार सैलानियों के अंतरिक्ष सैर सपाटा और चहलकदमी का पोलैरिस डान मिशन भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है और फाल्कन 9 राकेट की असफलता की गहन समीक्षा चल रही है। एक और असहज स्थिति है। इसी प्रकार के रॉकेट, फाल्कन 9 का उपयोग आईएसएस के लिए क्रू रेस्क्यू मिशन के लिए किया जाना है। नासा ने स्पेस एक्स को फाल्कन 9 रॉकेट पर क्रू मिशन लॉन्च करने के लिए अनुबंधित किया है, ताकि आईएसएस पर फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाया जा सके। स्पेस एक्स इस बचाव मिशन को शुरू करने के लिए फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च किए गए क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान को तैयार कर रहा है। हालांकि लैंडिंग दुर्घटना और निष्क्रिय हो गए फाल्कन 9 राकेट के चलते हुए आईएएस रेस्क्यू के महत्वपूर्ण मिशन की समय सीमा भी प्रभावित हो सकती है। बस हम इन असहज करती अंतरिक्ष दुर्घटनाओं के त्वरित समाधान की आशा ही कर सकते हैं,जिससे दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का सुरक्षित बचाव सुनिश्चित हो सके।

# चौथे दिन सिपाही भर्ती परीक्षा में नहीं पहुंचे 1339 अभ्यर्थी

## परीक्षा छूटते ही स्टेशन पर लगी अभ्यर्थियों की जबरदस्त भीड़ , जिले में नौ केंद्रों पर कड़ी निगरानी में चल रही है परीक्षा

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिले के नौ केंद्रों पर चल रही सिपाही भर्ती परीक्षा के चौथे दिन दोनों पालियों में पुलिस व प्रशासन की कड़ी नजर रही। दोनों पालियों में कुल 6048 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 4709 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। जबकि, 1339 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं आये। परीक्षा के दोरान सभी केंद्रों पर बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रहा। इसके अलावा सभी केंद्रों पर सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की टीमें लगी रही। परीक्षा छूटने पर शहर की यातायात व्यवस्था धड़ाम हो गई।

बता दें कि शुक्रवार को सिपाही भर्ती परीक्षा का चौथा दिन था। इस दिन सभी नौ केंद्रों पर सुबह पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक हुई। जिसमें 3024 में 2354 अभ्यर्थी परीक्षा देने आये। वहीं 670 ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि, दूसरी पाली की परीक्षा शाम तीन से पांच बजे तक हुई। इसमें पंजीकृत 3024 अभ्यर्थियों में 2355 अभ्यर्थी ही पहुंचे। 669 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। हर केन्द्र पर नकल विहीन व सकुशल परीक्षा कराने के लिए अधिकारी व पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। जिसमें प्रशासन की टीमें अलर्ट रहीं और हर तरफ परीक्षा के समय दौड़ती रहीं।

वहीं पुलिस लाइन में बने कंटोल रूम में अधिकारी केन्द्रों पर नजर रखे रहे। परीक्षा छूटते ही शहर में अचानक भीड़ बढ़ गई। जिससे जाम की स्थिति बन गई। वहीं रेलवे व बस स्टेशन पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी तैनात रही।




शहर के एक इंटर कॉलेज से निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार



स्टेशन पर अभ्यर्थियों की घर वापसी के लिए उमड़ी भीड़। अमृत विचार

# दहेज हत्या का आरोपी पति भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थाना पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव भटौली निवासी संध्या (24) पत्नी रोहित ने किसी बात से नाराज होकर बीती बुधवार शाम घर की कोठरी में फांसी लगा जान दे दी थी। उसकी दो साल पहले शादी हुई थी। उसके एक छह माह की बेटी है। चर्चा रही कि संध्या ने पारिवारिक कलह से ऊब कर फांसी लगाई थी। घटना की सूचना पर थानाक्षेत्र के मटकुरी गांव निवासी पिता रामकिशन ने तहरीर देकर दामाद व अन्य ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पति रोहित, उसके पिता सरजू प्रसाद, चचिया सास मंजू व उसके पति रामकुमार सहित छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की जांच कर रहे सीओ अरविंद कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी पति को गांव संचान कोट के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी से बीती 13 अगस्त को क्षेत्र के निद्धाखेड़ा निवासी नीरज ने घर जाते समय रास्ते में दुष्कर्म किया था। पुलिस ने इसकी रिपोर्ट भी दर्ज की थी। तभी से आरोपी वांछित चल रहा था। शुक्रवार को दरोगा रमेश यादव ने तारनखेड़ा चौराहा के पास से नीरज को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि नीरज को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# एनक्यूएएस टीम ने किया निरीक्षण

- सीएचसी सफीपुर पहुंची एनक्यूएएस टीम
- सीएचसी में मिलीं कुछ कमियों को सुधारने के लिये कहा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्स) की राष्ट्रीय स्तरीय टीम ने शुक्रवार को अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने ओपीडी, एनबीएसयू (न्यू बॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट), इमरजेंसी, जनरल एडमिन, ऑक्सलेरी और डिलीवरी वार्ड का निरीक्षण किया।

टीम के सदस्य डॉ. भंवर लाल देवना और डॉ. नीलिमा वर्मा ने अस्पताल की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकतर विभागों में संतोषजनक प्रगति देखी। हालांकि कुछ कमियों की ओर भी इशारा किया। जिन्हें सुधारने की आवश्यकता है। चिकित्साधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इस पर ध्यान दिया जाएगा। सहायक चिकित्सक डा. ब्रजेश सिंह, कार्यक्रम प्रभारी सचिन दीक्षित टीम को विस्तार से जानकारी दी। टीम का तीन दिवसीय दौरा शनिवार को समाप्त होगा। यह दौरा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस मानकों के अनुसार बेहतर बनाया जा सके।




निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते टीम के सदस्य। अमृत विचार

# चोरों ने घर से पार की लाखों की नकदी व जेवर

**पुरवा उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पासाखेड़ा की पूर्व प्रधान के घर में अलमारी का लाकर तोड़कर नकदी समेत पांच लाख के जेवरात चोरों ने पार कर दिये।

पासाखेड़ा गांव की पूर्व प्रधान निर्मला शुक्ला अपने बड़े बेटे रोहित के साथ रहती हैं। पुराने घर में राहुल व राजा परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार भोरपहर बेटा रोहित घर से अपने पुराने घर में बधे मवेशियों का चारा देने गया था। पुराने घर का मेन दरवाजा खुला व ऊपर और नीचे क कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा व सामान बिखरा देख उसने आवाज लगाई। इस पर दोनों भाई व अन्य परिजन वहां आए। देखा तो अलमारी से 1.90 लाख नकद व करीब पांच लाख के जेवरात गायब थे।

# जयंती पर याद किये गये बाबू भगवती चरण वर्मा

- कवि गोष्ठी में कवितायें सुन कर मंत्रमुग्ध हुए लोग

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बे में जन्मे पदम विभूषित साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा की 121वीं जयंती पर कवि गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें अर्चना परिषद के पदाधिकारी ने बाबू भगवती वर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। अर्चना परिषद के अध्यक्ष व चेयरमैन पति सौरभ बाजपेई ने उनकी प्रतिमा के लिए बनवाई गई छतरी का भी अनावरण किया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, अवधेश सिंह फौजी, हरिपाल सिंह, शिववक्स सिंह, प्रेमनारायण तिवारी, गिरीश शुक्ला, वीरेंद्र कुमार, राम लोटन लोधी, विनोद मिश्रा, सोनू श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

सफीपुर कस्बा के मोटेश्वर मंदिर के पास बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में अर्चना परिषद के पदाधिकारी पूर्व प्रवक्ता दिवाकर द्विवेदी की अध्यक्षता में बाबू जी की जयंती कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने बाबूजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। दिवाकर द्विवेदी ने कहा कि बाबूजी के पिता देवी चरण वर्मा पेशे से वकील थे। सफीपुर में 30 अगस्त 1903 को बाबू भगवती चरण वर्मा का जन्म हुआ। बाबूजी ने कानपुर विश्व विद्यालय से अपनी शिक्षा पूरी की। इसके बाद वे पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े और एक समाचार पत्र के संपादक भी रहे। इसके बाद उन्होंने साहित्य लिखना शुरू कर दिया। इस अवसर पर हुई कवि गोष्ठी में कवियों ने साहित्यिक रचनाएं सुनाकर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। आफताब हैदर ने कहा कि जिस समय इस प्रांगण को कुछ लोगों द्वारा औद्योगिक कार्य के इस्तेमाल हेतु प्रयास किए जा रहे थे उस समय जगन्नाथ प्रसाद नेता, सुरेंद्र नाथ पाण्डेय व चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई के पिता सुभाष चंद्र बाजपेई के अथक प्रयास से पूर्व कैबिनेट मंत्री जियाउर्रहमान अंसारी ने बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क का शिलान्यास किया था। संचालन वरिष्ठ समाजसेवी नागेंद्र सिंह सेंगर ने किया। गोष्ठी का संचालन कवि विश्वनाथ तिवारी ने किया। इसमें महिला कवियित्री डा. शशि रंजना, विनय दीक्षित, दिनेश उन्नावी, उमाशंकर यादव, प्रमोद कुशवाहा, शिवराज सागर, रियाज सफीपुरी, राहुल शर्मा आदि कवियों ने गीत प्रस्तुत कर शमां बांध दिया।



शिलापट का अनावरण करते चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई।



टैबलेट व स्मार्ट फोन के साथ मौजूद छात्राएं व अध्यापकगण। अमृत विचार

# टैबलेट व स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

संवाददाता,बांगरमऊ

**अमृत विचार।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. सदानंद राय के निर्देश पर डा. अभय राजपूत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में तकनीकी ज्ञान, कौशल विकास, नवाचार विज्ञान व साहित्य में वृद्धि हेतु महाविद्यालय की मुस्कान, रिचा, शिवानी, शिखा यादव, प्रीति यादव, हर्षिता सिंह, शालिनी देवी, शिवानी गुप्ता आदि छात्राओं को टैबलेट बांटे गए। इस दौरान सविता, सविता राजन, किरण, सुनीता निरंकारी, धर्मेंद्र द्विवेदी व शैलजा त्रिपाठी आदि प्राध्यापकों के अलावा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# रात में हो रहा है मिट्टी का खनन

**औरास उन्नाव।** जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्राली से रात में ठेकेदार द्वारा खनन कराया जा रहा था।

औरास थानांतर्गत कस्बा क्षेत्र में कबरोई रोड पर एक ठेकेदार द्वारा रात में जेसीबी व आधा दर्जन ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी खनन शुरू किया गया था। लोगों का कहना है कि खनन स्थानीय पुलिस की साठगांठ से चल रहा था। तभी किसी ने इसका वीडियो एक्स पर पोस्ट कर दिया। पोस्ट देखने के बाद उच्चाधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया। बताया जा रहा है कि तभी पुलिस की सूचना पर ठेकेदार जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्राली के साथ अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। इसे लेकर एसओ अश्वनी मिश्र ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी दोषी होगा उसपर कार्रवाई की जायेगी किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

# विस्फोट में घायल हुई अतिशबाज की पत्नी ने तोड़ा दम, अन्य दो गंभीर

- कानपुर में इलाज के दौरान गुरुवार देररात हुई मौत
- 3 बच्चे स्कूल गये हुए थे, इससे बची उनकी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बारा सगवर थानाक्षेत्र के करनाईपुर गांव में बारूदी विस्फोट में ढही दो मंजिला इमारत के मलबे में दबी महिला की कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कानपुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं हादसे में घायल हुए अतिशबाज व उसके सहयोगी की हालत गंभीर बनी हुई है।

गुरुवार सुबह बारासगवर थानाक्षेत्र के करनाईपुर गांव के बाहर बने एक मकान में एक के बाद एक हुए कई बारूदी विस्फोट से दो मंजिला इमारत देखते ही देखते मलबे में बदल गई थी। हादसे में मकान मालिक सुनील गौतम पुत्र स्व. नन्हे गौतम व सहयोगी महतू उर्फ सर्वेश पुत्र राजकुमार गंभीर रूप से झुलस गए थे।

वहीं सुनील की पत्नी बीना गौतम को रेस्क्यू कर मलबे से निकाला गया था। 100 बेड अस्पताल से जिला अस्पताल फिर वहां से घायलों को कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया था। जहां देररात बीना की मौत हो गई। कानपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

देरशाम उसका शव गांव पहुंचा तो पिता भानू गौतम सहित अन्य परिजन बिलख उठे। जबकि उसके पति व आतिशबाजी बनाने में सहयोग करने वाले महतू की हालत गंभीर बनी हुई है। विस्फोट के समय बीना गौतम के बेटे प्रियांशु, मयंक व बेटी खुशी बीघापुर स्थित लक्ष्मी नारायण पब्लिक इंटर कालेज पढ़ने गए थे। जिसके चलते उनकी जान बच गई।

### रिपोर्ट आने पर पता चलेगा विस्फोट का सही कारण

घटना आतिशबाजी के लिए रखी गयी सामग्री में विस्फोट से हुई या घर में रखे गैस सिलेंडर के फटने से स्थिति और भयावह हो गई। यह तो फोरेंसिक जांच रिपोर्ट आने पर पता चलेगा। लेकिन, अवैध रूप से कई दशकों से आतिशबाजी का काम कर रहे इस परिवार के सदस्यों का विस्फोटों से मरना पुलिस की नाकामी साबित कर रहा है।

# दबंग, पिता-पुत्र को दे रहा जान से मारने की धमकी

- मांस में जहर मिलाकर खिलाने से करीब आधा दर्जन कुत्तों की मौत का मामला

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हैबतपुर में एक हफ्ता पूर्व एक दबंग द्वारा मुर्गियों के मांस में जहर मिलाकर खिलाने से करीब आधा दर्जन कुत्तों की मौत हो गई थी। साथ ही दबंग ने शिकायतकर्ता के बेटे का अपहरण भी कर लिया था। शिकायत पर पुलिस ने अपहृत को बरामद करने व कुत्तों के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद दबंग का शांतिभंग में चालान किया था। अब दबंग शिकायतकर्ता की जायदाद हड़पने के लिए जान से मार डालने की धमकी दे रहा है।

गांव हैबतपुर निवासी विष्णु स्वरूप कटियार ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में बतया कि गांव निवासी राजेश पुत्र मुलई अपराधी है। बीती 20 अगस्त को उसने मुर्गियों के मांस में जहर मिलाकर कुत्तों को खिला दिया था। जिससे एक दर्जन पालतू कुत्ते मर गए थे। शिकायत पर पुलिस ने कुत्तों के शव का पीएम कराया था। इसी रंजिश के चलते राजेश ने बीती 22 अगस्त को उसके बेटे रिकेश उर्फ शीलू का अपहरण कर लिया था। घटना की सूचना पर पुलिस ने उसके बेटे को बरामद कर आरोपी राजेश का शांतिभंग में चालान कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि जमानत पर रिहा होने के बाद राजेश उसकी जमीन हड़पने की नीयत से उसे व उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

**अर्पण** डिप्टी सीएम के अलावा कई अन्य नेताओं ने भी पहुंचकर अर्पित किये श्रद्धासुमन

# भाजपा नेता की मां को डिप्टी सीएम ने दी श्रद्धांजलि



दिवंगत के चित्र पर नमन करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार



हसनगंज प्रावि . में एफटीटीएच कनेक्शन का उद्घाटन करते डिप्टी सीएम व अन्य।

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत कई मंत्री रहे मौजूद

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सीतापुर के भाजपा जिला प्रभारी नीरज सिंह की माताजी गायत्री सिंह का बीती 18 अगस्त को बीमारी के चलते देहांत हो गया था। जिनके त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री उद्यान कृषि विपणन विदेश व्यापार दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सदस्य विधान परिषद डा. महेंद्र सिंह, कारागार राज्यमंत्री सुरेश सिंह ने पहुंचकर दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अपर महाधिवक्ता रमेश सिंह, प्रमोद सिंह, मनोज सिंह, नीरज सिंह, राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में शामिल होकर वापस जाते समय डिप्टी सीएम ने हसनगंज प्राइमरी स्कूल में पद्मिनी सिंह द्वारा एफटीटीएच के पहले कनेक्शन का उद्घाटन फीता काटकर किया। बीएसएनएल द्वारा पीएम वाणी योजना के तहत उत्तर प्रदेश की 16,718 ग्राम पंचायतों को इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़ना है। इस योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों में शुरुआती दौर में पांच स्थानों पर फ्री वाइफाई की सुविधा प्रदान की जाएगी। डिप्टी सीएम ने बताया कि इससे बच्चों को स्मार्ट क्लासेस, टीचरों की ऑनलाइन उपस्थिति सहित अन्य कार्य सरल हो जाएंगे। आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पार्टी 10 की 10 सीटों पर जीत हासिल करेगी। जनता भाजपा के साथ है।

# मानकविहीन अस्पतालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**हसनगंज।** हसनगंज क्षेत्र में संचालित हो रहे दर्जनों अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर व अस्पतालों पर कार्रवाई न होने को लेकर जब अमृत विचार संवाददाता ने डिप्टी सीएम से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि इसकी जांच करवाई जाएगी। अगर यह मानक विहीन मिलते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

कहा कि अगर विभागीय अफसरों की शह पर यह मानक विहीन अस्पताल व डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हैं तो उन पर भी कार्रवाई होगी। वहीं, क्षेत्रीय लोगों ने हसनगंज सीएचसी में एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड मशीन शुरू न होने की शिकायत की तो डिप्टी सीएम ने कहा कि जल्द से जल्द सीएचसी में भी सुविधाएं बहाल होंगी।

सीएचसी की जर्जर इमारत के चलते प्रसुताओं को होने वाली समस्याओं पर कहा की जल्द ही जर्जर इमारत को सही करवाया जाएगा।

# बाइक में टक्कर मारकर दंपति से की लूटपाट

- अजगैन कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर एक सप्ताह में हुई दूसरी लूट
- पुलिस ने दो दिन पहले ही किया था बीते दिनों हुई लूट का खुलासा

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व हुई लूट का खुलासा होने के दो दिन बाद ही चौकी नवाबगंज के सामने बाइक सवार लुटेरों ने दंपती की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार महिला गिर गई। इस पर लुटेरे उसकी पर्स छीनकर भाग गए। पर्स में लाखों के जेवर, मोबाईल और एक हजार रुपये थे।

बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के केवाना निवासी संतोष पुत्र बाबूलाल पत्नी उमा के साथ लखनऊ से बाइक से वापस आ रहा था। रात करीब 11 बजे चौकी नवाबगंज के पास उनकी बाइक में किसी ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक सहित गिर पड़ा। इसमें संतोष व उसकी पत्नी को चोटें आ गईं। इससे पहले की वे संभल पाते बाइक सवार दो लुटेरे उसकी पत्नी का पर्स छीनने लगे। महिला ने पर्स नहीं दिया तो लुटेरों ने उसे धक्का दे दिया और जबरन पर्स छीनकर उन्नाव की ओर भाग गये। महिला शोर मचाती रही। इसके बाद दंपती चौकी पंहुचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। चौकी के पास लूट होने से सिपाही दौड़े और बाइक से लुटेरों का पीछा किया लेकिन, लुटेरे पकड़ में नहीं आए।

पीड़ित संतोष ने बताया कि वो अपने दोस्त लखनऊ के न्यू गौड़ारा निवासी अजय के घर से पार्टी से लौट रहा था। तभी घटना हो गयी। उसके पैर व हाथ में चोटें आयी हैं। उसने चौकी में प्रार्थनापत्र दिया है। चौकी इंचार्ज अरविंद पांडेय ने कहा कि शिकायत मिली है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में गई जान

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतपुर गोटपाली निवासी विवाहिता की बीती गुरुवार देरशाम संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई।

भगवंतपुर गोटपाली निवासी जाकिर की 30 वर्षीय पत्नी रोशनी की बीती गुरुवार देरशाम अचानक मौत हो गई। मौत की खबर पर मायके वालों में चीख-पुकार मच गई। विवाहिता का मायका कस्बा व थाना हाथीपुर जिला कानपुर में है। मृतका के पिता शमीम व अन्य मायके के लोग शुक्रवार सुबह भगवंतपुर गोटपाली पहुंचे और मौत को संदिग्ध बताते हुए घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पति जाकिर ने बताया कि उसकी पत्नी रोशनी काफी समय से टीबी की बीमारी से ग्रसित थी। इसी के कारण उसकी मौत हुई है। वहीं ग्रामीणों में विवाहिता की अचानक मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं रहीं।

## एक नजर

### एचटी लाइन की चपेट में आने से महिला झुलसी, भर्ती

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुम्भी गांव निवासी सोनी पत्नी स्व. देशराज शुक्रवार शाम गांव के बाहर खेतों पर अन्ना जानवरों से फसल बचाने के लिए हरे पेड़ों की टहनियों को खेत किनारे बांध रही थी। टहनी उठाते समय खेत के ऊपर से गुजरी एचटी लाइन में छू गई। जिससे उसे तेज करंट का झटका लगा और वह बेहोश हो गई। पड़ोसियों ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### सपा नेता के निधन पर कार्यकर्ताओं में शोक

**शुक्लागंज उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कल्लू लोधी उर्फ कल्लू नेता का निधन शुक्रवार को उनके आवास पर हो गया। लालता खेड़ा निवासी कल्लू नेता पार्टी में स्व. मनोहरलाल के समय से जुड़े थे। मिलनसार और शांत स्वभाव के कल्लू नेता कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे, और लंबे इलाज के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। पूर्व विधायक राम कुमार, डॉ. अभिनव कुमार, वीरेन्द्र शुक्ला, शुभ गुप्ता, उमालाल यादव, अंकित यादव, अभिषेक द्विवेदी समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता शोक व्यक्त करने और परिजनों को सांत्वना देने के लिए उनके घर पहुंचे। उनकी मृत्यु से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है।

### चोर घर से ले गये 4 बकरी

**औरास।** थानाक्षेत्र के लोधाटीकुर गांव निवासी कल्लू पाल पुत्र सुंदर पाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह रात में 6 बकरियां व तीन बकरों को छप्पर के नीचे बांधकर सोया था। मौका पाकर चोरों ने बकरियों को नशीला दाना खिला दिया और उन्हें लेकर भाग गए। देररात 3 बजे जब उसकी नींद खुली तो बकरियों को बंधी न पाकर वह परेशान हो गया। सुबह पड़ोसियों से बताया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। इसके बाद वह थाने पहुंचा और चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### महिला ने निगला जहरीला पदार्थ, इलाज जारी

**गंजमुरादाबाद।** नगर के मोहल्ला अंसार मैदान निवासी दस्तगीर की 42 वर्षीय पत्नी खुर्शीदा ने शुक्रवार शाम पांच बजे अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। महिला की हालत गंभीर देख परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# सील तोड़कर भवन का प्रयोग करने पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ पुलिस चौकी इलाके के अखलॉक नगर निवासी गैंगस्टर, भूमाफिया की पिछले वर्ष दो अरब से अधिक की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गई थी। इधर जाजमऊ चौकी पुलिस को सूचना मिली कि सरकारी सील तोड़कर भवन का प्रयोग किया जा रहा है। जिसपर जाजमऊ चौकी इंचार्ज ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कटरी पीपरखेड़ा स्थित डॉ. नसीम अहमद द्वारा आवासीय प्लाट संख्या 1649, जिसकी कुल रकबा 55.76 वर्ग मीटर है, पर अवैध रूप से कब्जा किया गया। जिस पर पुलिस को इस मामले की सूचना 28 अगस्त को हुई। जिस पर जाजमऊ चौकी इंचार्ज राजीव भदौरिया पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। जहां सरकारी सील तोड़कर भवन का प्रयोग किया जाना पाया गया। चौकी इंचार्ज की तहरीर पर पुलिस ने डॉ. नसीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कानपुर केडीए कॉलोनी जाजमऊ निवासी डॉ नसीम अहमद पुत्र हाजी अखलॉक अहमद हाल पता अखलॉक नगर थाना गंगाघाट की कि गैंगस्टर के आरोपी पर आर्थिक व भौतिक लाभ हेतु अवैध तरीके से गैंग बनाकर गंगाघाट क्षेत्र के कटरी पीपरखेड़ा व आसपास के इलाकों में गरीब किसानों की जमीन कब्जा कर उसको प्लाटिंग कर अवैध रूप से बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहा है।

डॉ. नसीम अपने भाई व भतीजे के साथ मिलकर संगठित गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहते हुए आपराधिक कृत्य कारित कर कई संपत्तियों का अर्जन किया गया है। पुलिस ने उसी के तहत इस भूमि संख्या को भी सीज किया था। जिसका प्रयोग होने पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

### नसीम पर दर्ज हैं यह मुकदमें

- भू माफिया नसीम अहमद पर गंगाघाट कोतवाली और सदर कोतवाली में कुल 8 मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें दो मुकदमे जान से मारने की धमकी, अन्य मुकदमे फर्जी तरह से दस्तावेजों को तैयार कर जमीनों के खरीद फरोख्त के दर्ज है। इसके साथ ही वर्ष 2022 में गुंडा एक्ट की कार्यवाही हुई। जिसके बाद छह माह के लिये जिला बदर और अब पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति कुर्क की है। शुक्रवार रात एक मुकदमा दर्ज कियागया है।

### प्रशासन ने दो अरब से अधिक की संपत्ति की थी कुर्क

- जिला प्रशासन ने गैंगस्टर और भूमाफिया की पिछले वर्ष अगस्त माह में 90 करोड़ 13 लाख 36 हजार 4 सौ 76 की संपत्ति कुर्क की थी। जिसके बाद 24 सितंबर को 1 अरब 22 करोड़ 65 लाख 26 हजार की संपत्ति कुर्क हुई है। कुल 2 अरब 12 करोड़ 78 लाख 62 हजार 4 सौ 76 रूपये की संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की थी।

- डॉ. नसीम पर अपने भाई व भतीजे के साथ मिलकर संगठित अपराध करने का है आरोप

# भाई की हत्या करने वाले छोटे भाई को 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कब्बा खेड़ा निवासी राज नंदनी ने अपने देवर देवेश शुक्ला उसकी पत्नी सुमन शुक्ला व नीतू पाठक समेत चार से पांच अज्ञात पर छह अगस्त-2022 को हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था छह अगस्त-2022 की शाम उसके पति दिनेश कुमार अपने पुराने घर कब्बा खेड़ा में थे। तभी देवेश शुक्ला उसकी पत्नी सुमन शुक्ला, नीतू पाठक सहित अज्ञात व्यक्तियों के साथ प्लाट देखने के लिए आए थे। पति ने प्लाट बेचने का विरोध करते हुए बंटवारे के लंबित मुकदमे का फैसला आने की बात कही थी। इसी से नाराज देवेश उसकी पत्नी नीतू सहित उनके साथियों ने मिलकर पति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। वह पति को लेकर अस्पताल आई जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। 8 अगस्त-2022 को पुलिस ने आरोपी देवेश शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई जिला जज की कोर्ट में हुई। जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने आरोपी देवेश शुक्ला को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई।

# तेजी से बढ़ रहा गंगा का जलस्तर, प्रशासन बेफिक्र

## तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की बढ़ीं मुसीबतें

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गुरुवार भोर पहर गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया था। जिसके बाद प्रशासन ने खाना पूरी करते हुए सिर्फ मिश्रा कॉलोनी स्थित नवीन बाढ़ केंद्र का ताला खुलवाया था। चेतावनी बिंदु के ऊपर गंगा का पानी बह रहा है। इसके बावजूद अभी तक प्रशासन का कोई भी नुमाइंदा तटवर्ती इलाकों का निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचा। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को भारी मुसीबतें उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं सैकड़ों ऐसे मकान हैं। जिनमें घरों के अंदर कमर तक पानी भरा हुआ है।

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से प्रतिदिन कई हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे शुक्लागंज की ओर चेतावनी बिंदु 112 मीटर पार कर गंगा का जलस्तर गुरुवार शाम 112.040 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद शुक्रवार को भी जलस्तर में बढ़ोत्तरी हुई और शाम पांच बजे 112.070 मीटर मापा गया।

लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर के कारण पश्चिम के कर्बला, हुसैन नगर, शाही नगर, सैयद कंपाउंड, चंपा पुरवा, तेजी पुरवा, मनसुख खेड़ा, गगनी खेड़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बाढ़ का पानी चल रहा है। जिससे यहां के रहने वाले सैकड़ों परिवार ने अपनी गृहस्थी का सामान बटोर कर छतों पर रहने को मजबूर हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि प्रशासन ने बाढ़ से बचाव के लिए कुछ नहीं किया है। वहीं बाढ़ का पानी भरने के कारण तीन सैकड़ा से अधिक घरों की बिजली कटी हुई है। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को मुसीबत उठानी पड़ रही है। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आधा दर्जन नावें लगाई गई हैं।



चंपापुरवा के निचले इलाकों में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

- घरों में भरा हुआ है कमर तक बाढ़ का पानी



पोस्टमार्टम हाउस में बिलखते परिजन। अमृत विचार

# डंपर की टक्कर से ऑटो सवार महिला की मौत, दो हुईं घायल

संवाददाता बिछिया उन्नाव

- दही थानाक्षेत्र में एचपी प्लांट के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** लखनऊ से ऑटो से रिश्तेदार की मौत पर संवेदना प्रकट करने जाते समय डंपर की टक्कर से तीन महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया।



लक्ष्मी।

लखनऊ के बंथरा थानाक्षेत्र के मिर्जापुर बेंती कटी बगिया निवासी लक्ष्मी (42) पत्नी हरिकेश के भांजे संजीत पुत्र मदनलाल की सदर कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर निवासी सास का निधन हो गया था। शुक्रवार सुबह लक्ष्मी अपनी जेठानी विमला पत्नी बुद्धिलाल व देवरानी रेनू पत्नी राजेश के साथ बंथरा से ऑटो बुक कर गांधी नगर आ रही थी। तभी दही थानांतर्गत एचपी गैस गोदाम के पास पीछे से आए डंपर की टक्कर से ऑटो पलट गया और इसमें बैठी तीनों महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। विमला को गंभीर देख लखनऊ रेफर किया गया। रेनू को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### महिला और उसकी बहन को दबंगों ने पीटा, शिकायत

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक महिला और उसकी बहन को दबंगों ने मामूली बात को लेकर मारा पीटा। जिससे उसका सिर फट गया। घायलावस्था में वह इलाज करने के लिये ठाकुर खेड़ा सीएचसी पहुंची। पीड़िता की ओर से कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, शुक्रवार सुबह जब वह अपनी बहन के साथ घर में अकेली थी, तभी पड़ोसी युवक घर में घुस आया और उसकी बहन को दबोच लिया। महिला के विरोध करने पर युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की। इस हमले में महिला का सिर फट गया। घटना के बाद महिला ने आजाद नगर के ठाकुर खेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंची, लेकिन वहां डॉक्टर नदारद थे। महिला ने बताया कि उसने घंटों तक डॉक्टर का इंतजार करना पड़ा, लेकिन इलाज के बिना ही उसे वहां से लौटना पड़ा। इस लापरवाही का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं पुलिस ने पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते नवनिर्वाचित प्रधान व बीडीसी। अमृत विचार

### नवनिर्वाचित प्रधान व बीडीसी को दिलाई गई शपथ

**औरास।** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व सदस्य को पद एवं गोपनीयता की शपथ एडीओ पंचायत की उपस्थिति में दिलाई गई। बीते दिनों औरास ब्लॉक क्षेत्र के बछौली गांव में उपचुनाव हुए थे। जिसमें पूर्व प्रधान धर्मेंद्र उर्फ़ बड़कान ने भारी अन्तर से जीत दर्ज की थी। वहीं, दो क्षेत्र पंचायत सदस्यों व पांच सदस्यों का भी चुनाव हुआ था। ब्लॉक सभागार में एडीओ पंचायत शिवशंकर सिंह ने सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी आशीष यादव, राजेश यादव, प्रतीक कुमार, पूजा यादव व बड़ी संख्या में निर्वाचित सदस्यों के समर्थक मौजूद रहे।

### किसान ने दबंगों पर रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

**सोहरामऊ उन्नाव।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत एक गांवनिवासी किसान ने दबंगों द्वारा जबरन रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगया प्रार्थनापत्र दिया है। इसमें आरोप है कि दबंग जबरन उसके खेत की मिट्टी खनन करना चाह रहे थे। उसने इंकार किया तो उस पर फर्जी तरीके से कोर्ट में मुकदमा डालकर उसे परेशान कर रहे हैं। सोहरामऊ थानांतर्गत कुशहरी गांव निवासी मोतीराम ने शुक्रवार को अजगैन कोतवाली मे प्रार्थना पत्र देकर बताया कि माखी थानाक्षेत्र के परेंदा गांव निवासी तीन दबंग किस्म के लोग उससे उसकी जमीन कम कीमत पर मिट्टी खनन के लिए मांग रहे थे। जब उसने इंकार कर दिया तो वे एकराय होकर उससे जबरन रंगदारी मांग रहे हैं। आरोप है कि एक दबंग के कहने पर एक व्यक्ति ने उसके विरुद्ध झूठा मुकदमा भी कोर्ट मे डाल दिया है। जिसमें उस पर ढाई लाख रुपये लेकर जमीन न देने का आरोप लगाया गया है। अजगैन कोतवाली प्रभारी ने मामले में जांच करने के बाद सख्त कार्रवाई किये जाने की बात कही है।

### राष्ट्रीय कीट निगरानी एप के बारे में दी जानकारी

**उन्नाव।** राष्ट्रीय कीट निगरानी एनपीएसएस एक ऐसी डिजिटल एप है। जिसका कृषि मंत्री भारत सरकार द्वारा 15 अगस्त को उद्घाटन किया गया था। जिसकी जानकारी देते हुए। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया की जिले के किसान इस एप के माध्यम से किसानों को कीट प्रबन्धन से जुड़ी सटीक के साथ ही फसल सम्बन्धित सलाह दी जाती है। यह प्रणाली कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू की गयी है। जिसमें किसान अपनी फसलों या कीटों की फोटो खीच कर अपलोड कर सकते है, इन कीटों का कृषि विशेषज्ञों द्वारा जाच कर समाधान किया जाता है। किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी है। किसान डिजिटल एप से जुड़कर फसलों में लगने वाले कीटों के नियंत्रण हेतु समय से एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान प्राप्त कर सकते है।

### निर्माणाधीन गौशाला की गुणवत्ता बेहद खराब

**उन्नाव।** सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने शुक्रवार को 1 करोड़ 60 लाख 12 हजार से बनी देवमई गौशाला का एक्सईन पीडब्लूडी, एक्सईएन सिंचाई, सीवीओ व ब्लॉक अफसरों के साथ निरीक्षण किया। इसके निर्माण में गुणवत्ता बेहद खराब मिली। इसके हैंडओवर होने से पहले ही वहां लगा खड़ंजा उखड़ा मिला। वहीं, वहां लगी ईंट मानक विहीन थी। इसके अलावा वहां जो उपकरण लगाए गए थे उनकी गुणवत्ता खराब थी। जिस पर एक्सईएन पीडब्लूडी व सिंचाई को सीडीओ ने निर्देश दिए कि तत्कल सभी जगह के सैंपल लिए जाएं। उन्होंने बनाए गए पिलरों की मजबूती, सीमेंट बजरी का मिश्रण, पाइपों की मोटाई, छत, तार व लोहे की गुणवत्ता की भी जांच के निर्देश को दिये। सीडीओ ने कहा कि इसके अलावा पांच और गौशालाओं का निर्माण हो रहा है। उसमें भी अगर ऐसी कमियां मिलीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# फसली जमीन पर बसी आबादी का सर्वे शुरू

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शासन ने फसली जमीन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए भूमि अभिलेखों में दर्ज फसली जमीन पर कितनी आबादी बसी हुई है, इसका सटीक आंकड़ा एकत्र करने के लिए एग्रीकल्चर एप पर अपलोड करने का आदेश है।

जिलाधिकारी गौरांग राठी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राजस्व विभाग ने नगर और ग्रामीण क्षेत्र में खेतिहर जमीनों का सर्वेक्षण शुरू किया है। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि अभिलेखों में दर्ज फसली जमीन पर कितनी आबादी निवास कर रही है और क्या वहां कोई अनियमितताएं हैं। नेतुआ लेखपाल ने इस कार्य की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि इस भूमि में लगभग 3000 गाटा संख्या शामिल हैं। सर्वेक्षण के दौरान राजमार्ग नगर पालिका से लेकर सरस्वती टॉकीज तक के क्षेत्र का विडियोग्राफी और फोटोग्राफी की गई, जिसे एग्रीकल्चर एप पर अपलोड किया जाएगा। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी कि सभी डेटा सही और अद्यतन रहें, भविष्य में फसली जमीन से संबंधित अनियमितताओं को तुरंत ठीक किया जा सके।



सर्वे का कार्य करते क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी। अमृत विचार

# बिना पंजीयन चल रहे जांच केंद्र कराये बंद

**उन्नाव।** एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह शुक्रवार दोपहर चकलवंशी कस्बा स्थित आस्था पैथोलॉजी पहुंचे। यहां उन्होंने संचालक से पंजीकरण संबंधी प्रपत्र दिखाने को कहा लेकिन वह कोई कागज नहीं दिखा सका। इस पर एसीएमओ ने पैथोलॉजी में ताला लगवाकर संचालक को तीन दिन में पंजीयन प्रस्तुत करने के आदेश दिए। इसके बाद वह परियर पहुंचे।

यहां के निवासी बाबूलाल (57) के सीने में दर्द होने पर पत्नी कुसुमा एक क्लीनिक लाए थे। जहां इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई थी। कुसुमा ने क्लीनिक संचालक पर गलत इलाज का आरोप लगाते हुए शिकायत की ही थी। एसीएमओ के आने की भनक लगते ही संचालक क्लीनिक बंद कर भाग गया। एसीएमओ ने नोटिस देने की बात कही है।

# भाला फेंक में युवराज, सत्यम अदिति व रितिमा रहीं अव्वल

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** खेल दिवस पर पं. दीन दयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चौथे दिन एथलेटिक्स बालक और बालिका प्रतितोगिता का हुआ आयोजन। प्रतियोगिता का उद्घाटन रण विजय सिंह जिलाध्यक्ष एथलेटिक्स संघ उन्नाव ने किया। इस प्रतियोगिता में 145 बालक और 104 बालिकाओं ने भाग लिया। इसमें 12 वर्ष के बच्चों में जेबलिन थ्रो में बालक में युवराज शंकर और बालिका में अदिति, 60 मीटर दौड़ में तनिष्क बालक और बालिका में अम्बाली, 400 मीटर दौड़ में नितिन राजपूत बालिका प्रज्ञा कुशवाहा, 50 मीटर दौड़ में बालक आर्यन और बालिका तमन्या, 60 मीटर दौड़ में अनिरुद्ध और बालिकाओं में कनक लता सिंह प्रथम रहीं। वही 18 वर्ष के बच्चों में जेबलिन थ्रो सत्यम में और बालिका रितिमा तिवारी, 200 मीटर दौड़ में बालक मिथुन और बालिका व्रर्तिका, 1500 मीटर दौड़ में बालक सरोज कुमार और बालिका लक्ष्मी, 800 मीटर दौड में बालक आभाष बालिका अनुपमा, लांग जम्प में बालक रत्नेश बालिका प्रशिस्ती, शाटपुट थ्रो में बालक अनिरुद्ध बालिका प्रतिभा तिवारी, डिस कस थ्रो में बालक कार्तिकेय बालिका रिया प्रथम रही। इस मौके पर विकास अवस्थी, कुशमेश, राकेश, निशा, बिट्टो, शिवानी, शशिकांत सहित अन्य लोग रहे मौजूद।



दौड़ में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अभियान** 2 घरों में उपभोक्ता कटिया डालकर बिजली चोरी करते पकड़े गये, दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई

# 99 कनेक्शन काटे व 9 .75 लाख रुपये वसूले

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार को नगर में बिजली विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ एक सख्त अभियान चलाया, जिसमें 99 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए और लगभग 9.75 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई।

एसडीओ के निर्देश पर पिछले दो दिनों से नगर में यह अभियान चल रहा था, जिसमें टीजी 2 के वीरेन्द्र प्रताप और अनुराग पाल के नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों की टीम ने मिश्रा कालोनी, चंपापुरवा, मदनी नगर, गंगा नगर, अहमद नगर और राजमार्ग जैसे विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान, विभाग ने बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काट दिए और बिल न चुकाने वाले 99 उपभोक्ताओं से राजस्व वसूला। विभाग ने बताया कि इस दौरान लगभग पौने दस लाख रुपये की वसूली की गई है। इसके अलावा, बिजली विभाग की टीमें रात के समय भी चेकिंग कर रही हैं वहीं गुरुवार की शाम, जेई विष्णु शुक्ला और अक्षय तिवारी के नेतृत्व में मिश्रा कालोनी में चेकिंग की गई। इस दौरान दो घरों में बिजली चोरी की घटनाएं पकड़ी गईं, जहां उपभोक्ताओं ने कटिया से बिजली का उपयोग किया था। इस पर जेई अक्षय तिवारी ने दोनों के खिलाफ बिजली चोरी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है।



अभियान के दौरान चेकिंग करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

### जंपर टूटने से शुक्लागंज में चार घंटे बिजली गुल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार रात बिजली आपूर्ति के दौरान कुंदन रोड सब स्टेशन के पास 33 केवीए लाइन का जंपर टूट जाने से नगर की बिजली आपूर्ति चार घंटे तक ठप रही। रात करीब साढ़े नौ बजे, बिजली चालू होने के बाद जंपर के टूटने से नगर के सभी फीडर बंद हो गए, जिससे शुक्लागंज के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई पूरी तरह से प्रभावित हो गई। फाल्ट का पता लगाने के लिए पैट्रोलिंग की गई और दो स्थानों पर टूटे हुए जंपर पाए गए। मरम्मत का काम तुरंत शुरू किया गया और रात लगभग एक बजे के बाद बिजली व्यवस्था को बहाल किया जा सका। इस चार घंटे की बिजली कटौती के दौरान नगर के पचास हजार से अधिक उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, कंचन नगर और आदर्श नगर में फेस की समस्या के कारण लगभग 100 घरों की बिजली पांच घंटे तक बाधित रही। इस दिक्कत के कारण हजारों परिवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय अधिकारियों ने स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य बनाने का प्रयास किया और फिलहाल विद्युत आपूर्ति सामान्य स्थिति में आ गई है।

# अराजकतत्वों ने तोड़ा विद्युत पोल, पुलिस से की शिकायत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के न्यू आजादपुरम मोहल्ले में हाल ही में बिजली विभाग द्वारा लगाए गए पोल अराजकतत्वों द्वारा तोड़ दिए गए हैं।

न्यू आजाद पुरम निवासी राम सेवक यादव ने गंगाघाट कोतवाली में पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुये बताया कि पड़ोसी गांव के अराजकतत्वों ने रंजिश के चलते पोल को नुकसान पहुंचाया। इस घटना के बाद क्षेत्र के संतोष यादव, फूलचंद्र, प्रवेश तिवारी, उमाशंकर, आलोक और जयचंद्र ने बताया कि बिजली की कमी के कारण सैकड़ों छात्र अपनी पढ़ाई ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। वहीं क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पिछले सप्ताह बिजली विभाग की ओर से विद्युतीकरण कराने के साथ ही ट्रांसफार्मर लगवाया जा रहा था, उस दौरान भी कुछ लोगों ने काम करने वाले ठेकेदार को डरा धमका कर भगा दिया था। विद्युतीकरण न होने से यहां के रहने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



न्यू आजाद पुरम में टूटा पड़ा विद्युत पोल। अमृत विचार

# गैंगरेप के 2 दोषियों को 25 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- 7 साल पहले हुई थी घटना विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा

**अमृत विचार।** गैंगरेप के सात साल पुराने मामले में विशेष न्यायादीश पॉक्सो कोर्ट ने दो अभियुक्तों को दोष सिद्ध ठहराया है। दोनों को 25 साल की जेल तथा 34500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दोनों को दो साल के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतने के आदेश दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे तथा विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी किशोरी घर से लापता हो गई थी। जब उसे पुलिस ने ढूंढ लिया तो बयान में उसने बताया कि वह हाईस्कूल की छात्रा है। सात अप्रैल 2017 को शाम चार बजे वह बाजार जा रही थी। काली नदी के पास रंजीत यादव पुत्र प्रेम सिंह यादव कार से आया तथा उसे पकड़कर कार में डाल दिया। इसके बाद कुछ सुंघा दिया जिससे उसे होश नहीं रहा। दूसरे दिन होश आया तो वह कमरे में थी। वहां पर रंजीत यादव व तीन अन्य लोग थे। तीनों के नाम चंदन यादव, देव यादव व धीरू यादव था। उसे डराया, धमकाया और कमरे में बंद कर दिया। आठ अप्रैल 2017 की रात को चारों ने उसके साथ बारी-बीरी से जबरदस्ती की। आरोप लगाया कि सभी ने बार-बार उसके साथ जबरदस्ती की। इसके बाद चंदन को छोड़कर सभी गायब हो गए।

चंदन यादव उसे कई और जगह ले गया। उसके पापा व भाई ने उसे मारा पीटा और उसका पैसा छीन लिया। उसने किसी तरह से अपने पापा को फोन किया तो पापा थाने ले आए। रंजीत यादव गांव का ही रहने वाला है। मामले की विवेचना थानाध्यक्ष अमर पाल सिंह ने की। सुनवाई के बाद अभियुक्त रंजीत व चंदन पर दोष सिद्ध पाया गया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने दोनों को धारा 363 आईपीसी के तहत पांच साल के कठोर कारावास व 5000 रुपये जुर्माना, धारा 366 आईपीसी के तहत दोनों को सात-सात साल की जेल व 7000-7000 रुपये जुर्माना, धारा 376 के तहत 25-25 साल की जेल व प्रत्येक को 20000 रुपये जुर्माना, धारा 342 के तहत छह माह की सजा व 500-500 रुपये जुर्माना, धारा 506 के अंतर्गत दो-दो साल की जेल व 2000-2000 रुपये जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है। जुर्माना अदा न करने पर दोनों को दो-दो साल की जेल अतिरिक्त भुगतनी होगी और सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

### हत्या के मामले में आरोपी को उम्रकैद

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मवई गांव के रामनरेश सिंह की हत्या में 28 साल बाद इकलौते बचे हत्यारे को विशेष न्यायाधीश अविजीत भूषण की अदालत में सजा सुनाई गई। कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। हुसेनगंज मवई गांव के रामनरेश सिंह की 29 जून 1996 की सुबह छह बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दिवंगत के भई विजय बहादुर की ओर से गांव के वीरेंद्र उर्फ पट्टू सिंह, उदयभान सिंह, रामसनेही उर्फ पुजारी, अनूप सिंह व अनिल सिंह के खिलाफ चुनावी रंजिश में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने 1999 में वीरेंद्र उर्फ पट्टू सिंह, उदयभान सिंह, रामसनेही उर्फ पुजारी, अनूप सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हत्यारोपी अनिल सिंह 1998 से फरार चल रहा था। वह कोर्ट में 2022 को हाजिर हुआ। ट्रायल के दौरान जमानत मिलने पर फिर भाग निकला था। उसे 2023 में पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में हाजिर किया था। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रघुराज सिंह ने बताया कि कोर्ट ने मामले की गुरुवार को अंतिम सुनवाई की। बहस के बाद अनिल सिंह को आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# कार ने 6 छात्रों समेत 12 को रौंदा, जाम

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बेकाबू कार ने 6 छात्रों समेत 12 लोगों को रौंद दिया। इसमें दो छात्रों को गंभीर चोटे आईं। बाकी घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से आक्रोशित छात्रों और ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करवाया। और जाम खुलवाकर रास्ता बहाल कराया।

शुक्रवार की दोपहर ओरन कस्बे में स्थित इंटर कालेज की छुटटी हुई थी। सभी छात्र स्कूल से निकल कर सड़क पर आ गए। इसी बीच अतर्रा की तरफ से आ रही बेकाबू कार ने छात्रो, आटो रिक्शा,बाइक चालको को टक्कर मारते हुए कालका शिवहरे की मिठाई की दुकान में जा घुसी। हादसे में राहगीर और छात्रो समेत 12 लोग घायल हो गए।



दुर्घटनाग्रस्त कार को घेरकर जाम लगाए कस्बावासी। अमृत विचार

- बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन कस्बे में हुई घटना

घायलों में छात्र बुद्ध विलास यादव पुत्र रामनिहोर निवासी उतरवां, रोहित, प्रशांत, ओमकार, अमर कुशवाहा, लवकुश कुशवाहा , के अलावा अन्य राहगीर राजेश उतरवां, विनोद तेंदुरा, निर्मला बिसंडी, लवकुश चुहका पुरवा भी घायल हो गए। सभी घायलो को नजदीक स्थित अस्पताल में इलाज कराया गया। जहां डॉक्टरो ने गंभीर रूप से घायल छात्र बुद्घविलास, और रोहित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे से आक्रोशित छात्रो और ग्रामीणो ने जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। सूचना पाकर बिसंडा, कमासिन,थाने समेत ओरन चैकी का फोर्स मौके पर पहुंच गया। सूचना पर सीओ अतर्रा गवेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंच गए। एसडीएम अतर्रा रविंद्र कुमार भी पहुंच गए।

# हार के सदमे से लाल रंग को नहीं भुला पा रहे मुख्यमंत्री : अखिलेश यादव

## सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार पर कसे तंज, कहा-लाल रंग से डर रहे मुख्यमंत्री योगी

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने शुक्रवार को यहां भाजपा सरकार पर तंज कसे। उन्होंने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री हार के सदमे अभी नहीं उबर पाए हैं, इसलिए अब उन्हें लाल रंग से डर लगने लगा है, वह लाल रंग को भूल नहीं पा रहे हैं। वह पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे की माता के शांतिपाठ कार्यक्रम में शुक्रवार की दोपहर उनके पैतृक ग्राम गौरियापुर पहुंचे। कन्नौज सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक की दिवंगत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

यहां पत्रकारों से बातचीत में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के लाल टोपी वालों के कारनामे काले, वाले बयान पर कहा कि मौजूदा मुख्यमंत्री हार के सदमे से उबर नहीं पाए हैं। इसीलिए उन्हें अब लाल रंग से भी डर लगने लगा है। लाल रंग क्रांति और भावनाओं का प्रतीक है। धार्मिक व पारिवारिक कार्यों में भी इसी रंग का प्रयोग होता है। मुख्यमंत्री भावनाओं को भी नहीं समझ पाते है। काले रंग की टोपी पहनने वालों का सब कुछ काला होता है। कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल हो गई है। अपराध चरम पर है।

फर्रुखाबाद में दो बेटियों को लटका दिया गया, जबकि सुल्तानपुर में व्यापारी के साथ लाखों की लूट हो गई। गरीबों की मांग पर सरकार ने सर्किल रेट नहीं बढ़ाया। अपने लोगों को जमीने खरीदवाने के बाद अपने लोगों को फायदा दिलाने के लिए सर्किल रेट बढ़ा रही है। इस दौरान पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, अरशद जमाल सिद्दीकी, जयकुमार तिवारी, इंजीनियर अनिल पाल, राज सिंह उर्फ छोटे ठाकुर, डीएम यादव, इंद्रेश यादव, बजरंग सिंह चौहान, कलीम खान, हसीब हसन, मुकीम खान, शाहनिगार सिद्दीकी, रामसेवक बाथम, मयंक दीक्षित आदि मौजूद रहे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अपने सांसद को पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा।

**गाड़ी में लगाना पड़ा धक्का: गुरसहायगंज।** गांव की बदहाल व्यवस्था और बरसात के कारण जगह-जगह हुए जलभराव से कार्यक्रम में आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन निकालने और खुद निकलने के दौरान लोगों के कपड़े भी खराब हो गए। एक गाड़ी को धक्का लगाते बच्चे भी देखे गए।



जनता से मुलाकात करते अखिलेश यादव। अमृत विचार

### बरसात के बीच डटे रहे कार्यकर्ता

- **गुरसहायगंज।** ग्राम गौरियापुर में अखिलेश के आगमन से पहले ही मूसलाधार बरसात शुरू हो गई, लेकिन अपने नेता से मिलने और उन्हे देखने के लिए पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनता बरसात में भी डटी रही। अखिलेश भी बरसात के बीच ही लोगों के बीच पहुंचे। गाड़ी में बैठने की बजाय भैया, भैया की आवाज लगा रही जनता के बीच पहुंच गए। यह देख सुरक्षा कर्मियों के हाथ पांव फूल गए। अखिलेश ने जनता के बीच पहुंच कर हाथ मिलाया और हाल जाना।

### नवाब सिंह मामले में साधी चुप्पी

- **गुरसहायगंज।** अखिलेश ने फंदे से लटकी मिली दो युवतियों के मामले में तो टिप्पणी की लेकिन किशोरी से दुष्कर्म में फंसे नवाब सिंह यादव को लेकर मुंह नहीं खोला। प्रदेश की कानून व्यवस्था और महिला अपराध पर जमकर बरसते रहे पर कन्नौज मामले में चुप्पी साधे रहे।

# मदरसा में नकली नोट छापने वालों पर लगेगा रासुका

**प्रयागराज।** तरसुइया स्थित जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम मदरसा में नकली नोट छापने के मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपी मोहम्मद तफसीरूल आरिफीन, जाहिर खान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद अफजल को गिरफ्तार किया था। उनके पास नोट बनाने की सामग्री मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपियों पर रासुका लगाने की तैयारी कर रही है।

जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम मदरसा में नकली नोट छापने वाले आरोपियों पर पुलिस रासुका लगाने की तैयारी कर रही है। आरोपी नकली नोट छापकर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपियों के बैंक खाते, आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट का विवरण खंगाल रही है। पुलिस को शक है कि आरोपियों के तार विदेश तक हो सकते हैं। इसके अलावा खातों में लेनदेन करने वालों की कुंडली भी निकाली जा रही है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुलिस से मदरसे और नकली नोट के बारे में जानकारियां मांगी हैं। मदरसे में इस तरह का खेल चलने पर एनआईए आगे की जांच कर सकती है। इसके अलावा आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) ने भी रिपोर्ट मांगी है।

# उपचुनाव में भाजपा की पूरी तैयारी, सभी सीटें जीतेंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया दावा
- कहा, सत्ता में 4 बार आने के बाद भी सपा को याद नहीं आया आरक्षण और संविधान का मुद्दा

**अमृत विचार।** पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की सीट पर तीन-तीन मंत्रियों की टीम बना दी गई है। जनता के सहयोग से सभी सीटों पर पार्टी जीत दर्ज कराएगी। ये बातें उन्होंने शुक्रवार को सर्किट हाउस में विभागीय मंडलीय समीक्षा बैठक के बाद प्रेसवार्ता में कहीं।

मंत्री ने जातिगत जनगणना को लेकर सपा, कांग्रेस पर भी निशाना साधा। कहा कि सत्ता में चार बार आने के बाद भी समाजवादी पार्टी को आरक्षण और संविधान का मुद्दा कभी याद नहीं आया, लेकिन विपक्ष में आने पर राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। योगी सरकार के सात साल के कार्यकाल में कई बदलाव देखने को मिले हैं।

उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगों के लिए उनकी सरकार लगातार बेहतर काम कर रही है। पीएसयूएस केंद्रीय विश्व विद्यालय, सैनिक स्कूल, जेएनवीएस के साथ कानूनी विश्व विद्यालयों में भी मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग समाज को 27 फीसदी आरक्षण घोषित कर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) में ओबीसी छात्रों को भी 27 प्रतिशत आरक्षण को सरकार का ऐतिहासिक फैसला बताया। बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत ओबीसी की 18 जातियों को रोजगार देने के लिए केंद्र सरकार ने बजट की बड़ी धनराशि दी है। मंत्री ने योजनाओं को लेकर कहा कि पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के छात्रावास, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत बड़ी संख्या में युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार के साधन मुहैया कराए गए हैं।



नरेंद्र कश्यप।

# व्यापारी पर हमला कर बाइक लूट ले गए बदमाश

**कन्नौज।** छिबरामऊ कोतवाली के कसाबा जा रहे हसेरन गांव निवासी ब्रेड व्यापारी पर देर शाम घात लगाकर बैठे बदमाशों ने टकोरा से हमला कर दिया। वे उसकी बाइक लूटकर फरार हो गए। घटना आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे सर्विस रोड नगला बीरभान गांव के पास हुई। हमले में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सीएचसी भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही आलाधिकारी व कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हसेरन गांव निवासी विमल कुमार पुत्र रामेंद्र सिंह बेकरी की फैक्ट्री लगाकर क्षेत्र के दुकानदारों को ब्रेड सप्लाई करता है। इसी संबंध में शुक्रवार की देर शाम करीब सात बजे बाइक से छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के कसावा गांव में दुकानदारों से मिलने जा रहा था। जैसे ही थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे सर्विस रोड नगला वीरभान गांव के सामने पहुंचा तभी पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार तीन बदमाशों ने बाइक घर ली। एक ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। बाइक एवं पर्स में रखे 200 रुपये लूट कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस एवं प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने पीछा किया लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। पुलिस ने घायल व्यापारी को सीएचसी में भर्ती कराया है। इलाके में सनसनी फैल गई।

# 9 बेटियों के पिता को झाड़ी में मिला नवजात, भर्ती

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के खेड़ापरा गांव के पास नदी के किनारे झाड़ियों में किसी बिन ब्याही मां ने नवजात बच्चे को जन्म देकर झाड़ियों में फेंक दिया। शुक्रवार सुबह नदी की तरफ गए एक अधेड़ को झाड़ियों के बीच से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई पड़ी तो वह मौके पर पहुंचा। उसने नवजात शिशु को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

खेड़ापरा गांव के रहने वाले रामसनेही ने बताया कि शुक्रवार की तड़के वह शौच के लिए गांव के बाहर नदी के किनारे गया हुआ था। तभी उसे वहां झाड़ियों के पास नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई पड़ी। उसने वहां जाकर देखा तो नवजात शिशु झाड़ियां के बीच पड़ा कराह रहा था। नवजात शिशु को रोता देखकर उसने गांव के लोगों को सूचना देकर मौके पर बुलाया। इसके बाद वह नवजात शिशु को लेकर राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अखिलेश कुमार ने बताया कि झाड़ियों के पास मिले नवजात शिशु का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है। नवजात के सिर पर घाव है।

# ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर, एक महिला की मौत

**फर्रुखाबाद।** पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के कलान थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली में ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें पांच श्रद्धालु घायल हो गये। जबकि एक महिला की मौत हो गई। सभी महिलाएं कलान थाना क्षेत्र से मथुरा के वृंदावन से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दर्शन कर घर लौट रहीं थीं, बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। हादसे में मोहनपुर कलुआ निवासी चिरैया देवी (45) पत्नी रामखेरे की मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों को राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया।

# सामूहिक दुष्कर्म के 2 आरोपी पकड़े

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

**अमृत विचार :** सामूहिक दुष्कर्म से आहत छात्रा के आत्मदाह के मामले में पुलिस ने दोनों किशोरों को गिरफ्तार कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया। पुलिस का दावा है कि दोनों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया है। आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में विसरा रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

26 अगस्त को कक्षा नौ की छात्रा के साथ गांव के ही दो किशोरों ने दुष्कर्म किया था। 27 अगस्त को किशोरी ने आग लगाकर आत्मदाह कर लिया था। इस मामले में छात्रा के पिता ने गांव के ही दो किशोरों के खिलाफ थाना भोजीपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना भोजीपुरा पुलिस ने दोनों किशोरों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में एक आरोपी ने बताया कि किशोरी और उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। दूसरे दिन किशोरी ने क्यों आत्महत्या की, इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा है।

### विसरा रिपोर्ट आने के बाद आत्महत्या के मामले में होगी कार्रवाई

किशोरी के आत्महत्या प्रकरण में विसरा रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि किशोरी ने आत्महत्या की या उसकी हत्या हुई। रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा को हटाने या न हटाने पर निर्णय लिया जाएगा, क्योंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी की मौत का कारण आग से जलना नहीं माना गया है। वहीं उसके गले में भी धुएं के कण नहीं मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि किशोरी की मौत जलने से पहले ही हो चुकी होगी।

आरोपी किशोरों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। पुलिस विसरा रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की जांच पूरी हो सकेगी।

– मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी उत्तरी

# पूर्व सांसद वर्मा बने पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2 उपाध्यक्ष और 24 सदस्यों को भी 1 साल के लिए राज्यपाल ने नामित करने की दी स्वीकृति

**अमृत विचार।** राज्य सरकार की अनुशंसा के बाद राज्यपाल ने उप्र पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग में करीब ढाई साल से खाली पड़ी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को नामित करने की स्वीकृति दे दी है। लखनऊ निवासी पूर्व सांसद राजेश वर्मा को अध्यक्ष और मीरजापुर के सोहनलाल श्रीमाली और रामपुर के सूर्य प्रकाश पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि चंदौली के सत्येंद्र कुमार बारी, सहारनपुर के मेलाराम पवार, अयोध्या के वासुदेव मौर्य, कुशीनगर के फुल बदन कुशवाहा, कानपुर के अशोक सिंह, गोरखपुर के चिरंजीवी चौरसिया, झांसी के कुलदीप विश्वकर्मा, लखनऊ के लक्ष्मण सिंह, गाजीपुर के डॉ मुरहू राजभर, सुल्तानपुर के घनश्याम चौहान, गोरखपुर के आरडी सिंह, महराजगंज के जनार्दन गुप्ता, जालौन के बाबा बालक, कानपुर की ऋचा राजपूत और प्रयागराज के रामकृष्ण पटेल आदि को सदस्य बनाया गया है।

**हाईकोर्ट सख्त** | अगर शपथ पत्र नहीं हुआ संतोषजनक तो तलब होंगे मुख्य सचिव

# बच्चों की सुरक्षा के लिए हम चिंतित, सरकार की नहीं टूट रही नींद

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप स्कूलों में सुरक्षा उपाय न करने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। न्यायालय ने कहा है कि हमारे समक्ष भारी मात्रा में दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए लेकिन एक भी दस्तावेज में स्कूली संस्थानों के निरीक्षण की बात नहीं है। न्यायालय ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुपालन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देने के लिए प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को नियुक्त करने व उसे कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने इस सम्बन्ध में शपथ पत्र दाखिल करने का भी आदेश दिया है, साथ ही स्पष्ट किया है कि यदि कोर्ट शपथ पत्र को संतोषजनक नहीं पाती है तो मुख्य सचिव को तलब करेगी। मामले की अगली सुनवाई 5 सितम्बर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाईयों के दौरान न्यायालय ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में 14 अगस्त 2017 को बच्चों की सुरक्षा और स्कूलों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे जिसके तहत डीआईओएस को नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई थी व उसके कार्यों की निगरानी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को करने को कहा गया था जिसका प्रमुख जिलाधिकारी को बनाया गया था। अंत में दोनों के कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी मुख्य सचिव को सौंपी गई थी। न्यायालय ने पाया कि उक्त दिशानिर्देशों के क्रम में आवश्यक कार्यवाही नहीं हुई है।

### स्कूल बच्चों को कैम्पस के भीतर ही पिक-ड्रॉप कराएं

- न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा है कि हजरतगंज व राज भवन के आस-पास के स्कूली संस्थान कक्षा 5 तक के बच्चों को स्कूल परिसर के भीतर से ही पिक-ड्रॉप करने की सुविधा दें। न्यायालय ने कहा कि इसके लिए स्कूल वैन्स को अनुमति दी जाए। कहा कि सड़क के अनियंत्रित ट्रैफिक में बच्चों को खतरा है। इस सम्बन्ध में न्यायालय ने संयुक्त आयुक्त, ट्रैफिक पुलिस लखनऊ को इस आदेश का एक सप्ताह में अनुपालन कराने का आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि इस सम्बन्ध में स्कूलों को यदि कोई समस्या आती है तो वे संयुक्त आयुक्त के समक्ष अपनी बात रखेंगे। इसके साथ ही न्यायालय ने अगली सुनवाई पर संयुक्त आयुक्त को भी हाजिर होने का आदेश दिया है।

# निराश्रितों के संबंध में रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी युवा अधिवक्ताओं को दी

लखनऊ, विधि संवाददाता

- हाईकोर्ट ने सरकार के प्रयासों को बताया नाकाफी
- 30 सितम्बर को होगी मामले की अगली सुनवाई

**अमृत विचार।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शहर में इधर-उधर भटकते और सड़कों के किनारे पड़े हुए निराश्रित लोगों का डाटा एकत्रित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी युवा अधिवक्ताओं की एक टीम गठित करते हुए, दी है।

इस सम्बन्ध में मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से डाटा पेश नहीं किया जा रहा था। सरकार की ओर से कहा गया कि यह डाटा बहुत बड़ा है लिहाजा इसे एकत्रित करने में समय लगेगा। इस पर न्यायालय ने उपरोक्त आदेश पारित करते हुए, युवा अधिवक्ताओं की टीम गठित की। मामले की अगली सुनवायी 30 सितम्बर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता ज्योति राजपूत की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया। न्यायालय ने 11 जुलाई को पिछली सुनवाई के दौरान ही सरकार से उक्त डाटा मांगा था। वहीं सुनवाई के दौरान याची का कहना था कि लखनऊ नगर निगम क्षेत्र में तमाम निराश्रित लोग भटक रहे हैं।

इस पर न्यायालय ने कहा कि सरकार की ओर से कुछ प्रयास जरूर किए गए हैं लेकिन वे नाकाफी हैं। न्यायालय ने कहा कि अधिवक्ताओं की टीम जो डाटा एकत्रित करेगी, उसे देखते हुए सरकार आवश्यक कार्रवाई भी करे।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,365.77 | 25,235.90 |
| बढ़त | 231.16 | 83.95 |
| प्रतिशत में | 0.28 | 0.33 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 31 अगस्त 2024

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2625–2650 आर. आर.21 2725–2750 गेहूँफारम 2850–2900 जौ 2300 –2400 ज्वार 2000 –4000 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200 –2400 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300 –7400 अरहर 9000 –9500 मसूर 5500 –5600 मटर 3600 –3700 उड़दहरा 11000 –11500 उड़दकाला 8000 –9000 मूँग 8000 –8200 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15500–15600 अरहरस्पेशल 12500–12600 चनादाल 9000–9100 मटरदाल 4550–4650 मसूरमलका 6950–7000 मसूरदाल 7150–7200 उड़ददाल 9000– 13300 उड़द धोवा10000– 13000 मूँगदाल 8100 –9700 मूँग धोवा9700–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500 – 11000 सेला 3000 –4000 बासमती न02. 7000 –8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500–1600 मैदा 1600–1630 सूजी 1620–1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500–1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5300–5400 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 11000– 11500 मूँगफलीदानाषिवपुरी 9500– 11000 बटाली 8500 –11000 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि. सरसोंकोल्हू 12700–12800 अलसी 10500–10600 अण्डी 12900–13100 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1585–1596 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 5100–5200 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1610 –1617 मयूर 1610–1617 मंगलौरलडडू 4900–4950 देशीभेली 4600–4700 एम.30. 4150–4180

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 87550 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55000–55200 |

# प्रौद्योगिकी के विकास को कार्यरत है सरकार

## बोले प्रधानमंत्री- एंजल टैक्स को समाप्त करना भी वृद्धि की दिशा में उठाया गया एक कदम

मुंबई, एजेंसी



- ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में साइबर धोखाधड़ी रोकने तथा डिजिटल समझ बढ़ाने का किया आह्वान

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत स्तर पर विभिन्न कदम उठा रही है। मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्षों में 31 अरब डॉलर से अधिक का निवेश हुआ है। एंजल टैक्स को समाप्त करना भी इस क्षेत्र की वृद्धि की दिशा में एक कदम है। उन्होंने नियामकों से साइबर धोखाधड़ी की जांच के लिए अतिरिक्त उपाय करने को कहा, जिसका स्टार्टअप पर बुरा असर हो सकता है।

प्रधानमंत्री पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2024 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नियामकों से साइबर धोखाधड़ी रोकने तथा लोगों की डिजिटल समझ बढ़ाने के लिए और कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय सेवाओं के लोकतंत्रीकरण में वित्तीय प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा कि भारत में वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र द्वारा लाया गया बदलाव केवल प्रौद्योगिकी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक प्रभाव दूरगामी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 वर्षों में वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने 31 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित किया है और फिनटेक स्टार्टअप में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मोदी ने कहा कि सरकार फिनटेक क्षेत्र की सहायता के लिए नीतिगत स्तर पर सभी आवश्यक बदलाव कर रही है और उन्होंने एंजेल टैक्स को खत्म करने, देश में शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये आवंटित करने और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम को लागू करने का उदाहरण दिया। साइबर धोखाधड़ी को समाप्त करने की आवश्यकता व्यक्त करते हुए उन्होंने नियामकों से डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए बड़ी पहल करने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि साइबर धोखाधड़ी देश में फिनटेक और स्टार्टअप के विकास के रास्ते में न आए। अपने भाषण में, प्रधानमंत्री ने दुनिया के लिए समानांतर अर्थव्यवस्था के खतरों के बारे में भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि फिनटेक ने ऐसी प्रणाली को खत्म करने में एक प्रभावशाली भूमिका निभाई है और पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में त्योहारों का मौसम है, अर्थव्यवस्था तथा बाजारों में भी उत्सव का माहौल है। उनका स्पष्ट इशारा मजबूत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि तथा पूंजी बाजार के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की ओर था।

### भारत डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता के रूप में खड़ा

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस कार्यक्रम में कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकियां वित्तीय समावेश का विस्तार करने, दक्षता में सुधार लाने और देश भर में वास्तविक समय में सेवाएं सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण रही हैं। दास ने कहा कि आज भारत डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता के रूप में खड़ा है, यह उपलब्धि सक्रिय नीति निर्माण को नवाचार तथा प्रौद्योगिकी प्रगति के साथ जोड़कर हासिल की गई है। नीति निर्माताओं, नियामकों और नवप्रवर्तकों के बीच सहयोग भारत की वित्तीय प्रौद्योगिकी यात्रा को परिभाषित करता है।

# भारतीय कंपनियों को आपस में भी भागीदार बनने की जरूरत : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने देश में स्वीकृत 12 औद्योगिक शहरों में अवसर तलाशने का दिया सुझाव

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को घरेलू कंपनियों से एक-दूसरे का समर्थन करने और सामान खरीदने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे उन्हें दीर्घावधि में लाभ होगा तथा वैश्विक महामारी जैसी किसी भी बाधा से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत को देश में हाल ही में स्वीकृत 12 औद्योगिक शहरों (टाउनशिप) में कारोबारी अवसर तलाशने का सुझाव भी दिया, क्योंकि इससे विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्री ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गोयल ने उद्योग जगत को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि हमें भारत को एक ब्रांड बनाने की जरूरत है। हमें एक-दूसरे का समर्थन करने की जरूरत है। उद्योग जगत को न केवल अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ, बल्कि एक-दूसरे के साथ भी भागीदार बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक भारतीय कंपनी द्वारा किसी अन्य भारतीय कंपनी से उत्पाद खरीदने से वास्तव में ऐसा परिदृश्य बनाने में मदद मिलेगी, जो किसी भी व्यवधान से दीर्घावधि में खुद को सुरक्षित रखने में मदद करेगा।

### बढ़ रही है देश की जीडीपी

मंत्री ने कहा कि देश की जीडीपी तेज गति से बढ़ रही है, लेकिन विनिर्माण की वृद्धि एक स्तर पर ही बनी हुई है। जीडीपी में इस क्षेत्र का योगदान 15–16% है और यह प्रवृत्ति पिछले 20 वर्षों से बनी हुई है, जिसका अर्थ है कि जीडीपी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन विनिर्माण उसी स्तर पर कायम है। एक और अच्छी बात है कि यह स्तर कायम है, लेकिन दूसरी ओर 1.4 अरब की आबादी वाले देश में जहां युवा पुरुष तथा महिलाएं प्रतिभा और कौशल के साथ कॉलेज से निकल रहे हैं, मुझे लगता है कि भारत और भी बेहतर कर सकता है।

# सेबी ने 39 शेयर, सात जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- 22 डिपॉजिटरी प्रतिभागियों का भी पंजीयन हुआ निरस्त

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को 39 शेयर ब्रोकर और 7 जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद्द कर दिया। पंजीकरण अनिवार्यताएं पूरी न करने पर ये कार्रवाई हुई है। नियामक ने उन 22 डिपॉजिटरी प्रतिभागियों का पंजीकरण भी निरस्त कर दिया, जो अब किसी भी डिपॉजिटरी से संबद्ध नहीं हैं।

सेबी ने तीन अलग आदेशों में कहा कि इन इकाइयों के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द करने का कारण उन्हें डिपॉजिटरी का सक्रिय भागीदार या मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज का सदस्य बने बिना अपने सेबी पंजीकरण का दुरुपयोग करने से रोकना है।

### फिनफ्लूएंसर के नियमों में संशोधन

सेबी ने गैर–पंजीकृत फिनफ्लूएंसर को विनियमित करने के लिए मानदंडों में संशोधन किया है। ऐसे व्यक्तियों से जुड़े संभावित जोखिम पर बढ़ती चिंताओं के देखते हुए ऐसा किया गया है। इंटरनेट मीडिया पर वित्तीय जानकारी देने वालों को फिनफ्लूएंसर कहा जाता है।

# शेयर बाजारों में तेजी, मजबूत रुख से सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर

- बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से बाजार को मिला बल

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में मजबूती और विदेशी कोषों की लिवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गए। भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में खरीदारी से बाजार को बल मिला।

9वें कारोबारी सत्र में तेजी से सेंसेक्स 231.16 अंक या 0.28% चढ़कर 82,365.77 अंक के उच्चस्तर पर बंद हुआ। बीएसई पर कुल 2,228 शेयरों में तेजी आई, जबकि 1,701 में गिरावट आई रही। एनएसई का निफ्टी 83.95 अंक या 0.33 % बढ़कर 25,235.90 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक बाजार सितंबर में ब्याज दरों में कटौती के अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आश्वसन से प्रभावित हैं। अमेरिकी और भारतीय बाजारों ने हाल के उच्चस्तर को फिर से हासिल कर लिया है।

# आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटाकर 6.1% पर रही

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोयला, कच्चा तेल, गैस, रिफाइनरी उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र का उत्पादन प्रभावित

कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट से जुलाई में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1% रह गई है। हालांकि, यह मासिक आधार पर जून के 5.1% से ज्यादा रही है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। जुलाई, 2023 में आठ बुनियादी उद्योगों- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र का उत्पादन 8.5% की दर से बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष के पहले चार माह (अप्रैल-जुलाई) में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.1% बढ़ा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.6% की दर से बढ़ा था। आठ बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में भारांश 40.27% का है। आईआईपी समग्र औद्योगिक वृद्धि का मापक है। जुलाई में कच्चे तेल का उत्पादन 2.9% और प्राकृतिक गैस का उत्पादन 1.3% घटा।

# यूको बैंक पर 2.68 करोड़ का आरबीआई ने लगाया जुर्माना

- केवाईसी निर्देशों के अनुपालन न करने पर हुई कार्रवाई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू खाता खोलने, जमा पर ब्याज दर और धोखाधड़ी वर्गीकरण सहित कुछ प्रावधानों के उल्लंघन के लिए यूको बैंक पर 2.68 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि उसने अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) निर्देशों के कुछ प्रावधानों का अनुपालन न करने पर सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड पर भी 2.1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि दोनों मामलों में जुर्माना नियामकीय अनुपालन के लिए लगाया गया है और इसका उद्देश्य इन इकाइयों द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### बिहार के डीजी आलोक को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार

**पटना।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं सतर्कता महानिदेशक आलोक राज को शुक्रवार को बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। भारतीय पुलिस सेवा के 1989 बैच के अधिकारी बिहार के पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी का स्थान लेंगे, जिन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। राज्य के गृह विभाग के अनुसार राज्य सरकार में महानिदेशक (सतर्कता) के पद पर तैनात आलोक राज को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। केंद्र सरकार ने बुधवार को भट्टी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा (सीआईएसएफ) का नया महानिदेशक नियुक्त किया। भट्टी (बिहार कैडर के 1990 बैच के आईपीएस) ने दिसंबर 2022 में बिहार के डीजीपी का पदभार संभाला था।

### थाने में पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मारी, गंभीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पहाड़गंज थाने में शुक्रवार को हेड कांस्टेबल ने कथित तौर पर सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिसकर्मी का उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अपराह्न दो बजे हेड कांस्टेबल सुरेंद्र ने थाने के बैरक में खुद के सिर में गोली मार ली।

### पीएफआई नेता ओएमए सलाम की जमानत रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के नेता ओएमए सलाम को इस प्रतिबंधित संगठन और इसके सदस्यों के खिलाफ आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज मामले में अंतरिम जमानत देने से शुक्रवार को मना कर दिया। न्यायमूर्ति एम प्रतिभा सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने दो हफ्ते की रिहाई देने के अनुरोध वाली सलाम की याचिका पर कहा कि जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता है।

### विहिप नेता हत्या मामले में एनआईए का पंजाब में छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता विकास प्रभाकर की हत्या मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पंजाब में छापेमारी की। प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की 13 अप्रैल को पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल में उनकी दुकान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह विहिप की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे। एनआईए ने नौ मई को राज्य पुलिस से मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। एनआईए ने कहा कि संदिग्धों से जुड़े दो स्थानों पर छापेमारी की गई है।

# ममता बोलीं- दुष्कर्म-हत्या पर बनाएं कड़े कानून

## प्रधानमंत्री को फिर लिखा पत्र, बनर्जी ने देशव्यापी आक्रोश के बाद ही लिखा था पत्र और की थी मांग

कोलकाता, एजेंसी

**कोलकात्ता कांड**

- बोलीं- प्रधानमंत्री से उन्हें नहीं मिला जवाब, लेकिन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से मिला है पत्र



प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को पत्र लिखकर दुष्कर्म-हत्या जैसे अपराधों के लिए कड़े केंद्रीय कानून और कठोर सजा का प्रावधान किए जाने का अनुरोध दोहराया। बनर्जी ने नौ अगस्त को कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना पर देशव्यापी आक्रोश के बाद कुछ दिन पहले भी मोदी को पत्र लिखा था। ममता ने इस मामलों के समयबद्ध निपटारे के लिए अनिवार्य प्रावधान की मांग की।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि उनकी सरकार की नीति दुष्कर्म संबंधी घटनाओं को कतई बर्दाश्त न करने की है और इन मामलों से संबंधित कानूनों में संशोधन के लिए विधानसभा में विधेयक पारित होगा, ताकि अपराधियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित किया जा सके। बनर्जी ने पत्र में लिखा कि उनके द्वारा उठाए मुद्दे पर प्रधानमंत्री से अभी तक उन्हें जवाब नहीं मिला है लेकिन उन्हें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से पत्र मिला है। बनर्जी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्री का पत्र उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे की गंभीरता को बमुश्किल दर्शाता है। उन्होंने लिखा कि इस सामान्य उत्तर को भेजते समय विषय की गंभीरता और समाज के लिए इसकी प्रासंगिकता को पर्याप्त रूप से नहीं समझा गया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि राज्य सरकार ने 10 विशेष पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) अदालतों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि बंगाल में 88 त्वरित विशेष अदालतें और 62 नामित पॉक्सो अदालतें पहले से हैं। राज्य में दो हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं।

### महिलाओं ने महिला आयोग के कार्यालय पर ताला जड़ा

**कोलकाता।** भाजपा की वरिष्ठ महिला नेताओं ने डॉक्टर से हुई दरिंदगी पर बंगाल महिला आयोग की चुप्पी को लेकर शुक्रवार को उसके कार्यालय पर सांकेतिक ताला लगा दिया। पार्टी की वरिष्ठ महिला नेताओं और महिला मोर्चे की सदस्यों ने अलग–अलग रैलियां निकालीं और आयोग पर महिला डॉक्टर के मामले में बयान तक जारी नहीं करने का आरोप लगाया। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और पूर्व केंद्रीय मंत्री देबाश्री चौधरी सहित पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पुलिस के साथ लंबी बहस के बाद आयोग कार्यालय के अंदर गया। पॉल ने बताया कि हम 'करुणामयी' में आयोग भवन के अंदर गए, अध्यक्ष लीना गंगोपाध्याय सहित आयोग के अधिकारियों से मिले और मामले में आयोग की चुप्पी का विरोध किया।

### पूर्व प्राचार्य से लगातार 14वें दिन भी पूछताछ जारी

**कोलकाता।** महिला चिकित्सक से कथित दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शुक्रवार को लगातार 14वें दिन संस्थान के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि घोष से इस जघन्य अपराध के बारे में पूछताछ की जा रही है। वह अस्पताल में कथित वित्तीय कदाचार मामले में भी एजेंसी के रडार पर हैं एवं पहले ही उनके और अन्य संस्थाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पिछले गत रविवार को पूर्व प्रधानाचार्य के आवास की तलाशी ली और उनसे पूछताछ की।

# अकाल तख्त ने बादल को घोषित किया तनखैया

अमृतसर, एजेंसी



- बादल बोले- वह तख्त के आदेश को सिर झुकाकर स्वीकार करते हैं
- सरकार की गलतियों के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी ठहराया

सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को 2007 से 2017 तक उनकी पार्टी की सरकार द्वारा की गई गलतियों के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी- तनखैया करार दिया। घोषणा के तुरंत बाद बादल ने कहा कि वह अकाल तख्त के आदेश को सिर झुकाकर स्वीकार करते हैं।

बादल ने एक्स पर पंजाबी में किए पोस्ट में कहा कि वह जल्द ही माफी मांगने के लिए अकाल तख्त के सामने पेश होंगे। पांच तख्तों के सिंह साहिबान की बैठक के बाद अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि बादल जब उपमुख्यमंत्री और शिअद अध्यक्ष थे, तब उन्होंने ऐसे फैसले किए, जिनसे पार्टी प्रभावित हुई और सिखों के हितों को नुकसान पहुंचा। सिंह ने अकाल तख्त परिसर से फैसला सुनाते हुए कहा कि जब तक बादल अपने पापों के लिए माफी नहीं मांग लेते, तब तक वे तनखैया बने रहेंगे। सिंह ने बादल से 15 दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से पेश होने और माफी मांगने को कहा।

# वक्फ विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधेयक का उद्देश्य केंद्रीकृत पोर्टल से वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण में सुधार लाना

विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक पर मुस्लिम संगठनों के विचार सुनने के लिए संसद की संयुक्त समिति की शुक्रवार को दूसरी बार बैठक हुई। इस विधेयक का उद्देश्य केंद्रीकृत पोर्टल से वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया में सुधार करना है। दिनभर चलने वाली बैठक में भाजपा के जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति मुंबई स्थित ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा और दिल्ली स्थित इंडियन मुस्लिम्स फॉर सिविल राइट्स (आईएमसीआर) सहित अन्य हितधारकों के विचार सुनेगी।

यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य से भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की पहली बड़ी पहल है। यह कई सुधारों का प्रस्ताव करता है, जिसमें मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुस्लिम प्रतिनिधियों के प्रतिनिधित्व के साथ राज्य वक्फ बोर्डों समेत एक केंद्रीय वक्फ परिषद की स्थापना शामिल है। विधेयक का विवादास्पद प्रावधान, जिलाधिकारी को यह निर्धारित करने के लिए प्राथमिक प्राधिकरण के रूप में नामित करने का प्रस्ताव है कि क्या संपत्ति को वक्फ या सरकारी भूमि के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

# खेती के उत्पादों को एमएसपी देने वाला पहला राज्य हिमाचल

- मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने फ्रांस के वैज्ञानिकों को दी जानकारी

**शिमला।** फ्रांस के राष्ट्रीय कृषि, खाद्य एवं पर्यावरण अनुसंधान संस्थान (आईएनआरएई) के चार वैज्ञानिकों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। एलआईएसआईएस के उप निदेशक प्रो. एलिसन मैरी लोकोंटो के नेतृत्व में टीम में शोधकर्ता प्रो. मिरेइल मैट, डॉ. एवलिन लोस्टे और डॉ. रेनी वैन डिस शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी है। हिमाचल प्राकृतिक खेती से उगाए उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य है। प्रदेश में गेहूं 40 रुपये प्रति किलो और मक्का 30 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा जा रहा है। गाय का दूध 45 रुपये और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर खरीदा जा रहा है।

# इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध के लिए विचार करेगी तेलंगाना सरकार

हैदराबाद, एजेंसी

- मुख्यमंत्री रेड्डी ने कार्रवाई किए जाने का सिख समुदाय को दिलाया भरोसा

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सिख समुदाय के नेताओं को भरोसा दिलाया है कि उनकी सरकार कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य में कंगना रनौत अभिनीत फिल्म इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगी। रेड्डी सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर ने यह जानकारी दी।

पूर्व आईपीएस अधिकारी तेजदीप कौर मेनन के नेतृत्व में तेलंगाना सिख सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय में शब्बीर से मुलाकात कर इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया। शब्बीर ने बताया कि 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने फिल्म में सिख समुदाय के चित्रण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि इमरजेंसी में सिखों को आतंकवादी और राष्ट्र-विरोधी तत्व के रूप में दर्शाया गया है, जो अपमानजनक और समुदाय की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है।

**बदलापुर यौन शोषण**

# शिक्षा अधिकारी की याचिका पर सरकार से मांगा जवाब

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को ठाणे के शिक्षा अधिकारी की उस याचिका पर जवाब देने का शुक्रवार को निर्देश दिया जिसमें बदलापुर में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण की घटना के आलोक में उसके निलंबन पर रोक लगाने का अनुरोध है। शिक्षा अधिकारी बालासाहेब रक्षे ने महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एमएटी) के समक्ष उनकी याचिका की अंतिम सुनवाई होने तक निलंबन आदेश पर रोक लगाने का उच्च न्यायालय से आग्रह किया।

# दो महीने में देंगे झामुमो को जवाब : हिमंत

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पर उनकी ही सरकार ने छह महीने तक निगरानी रखी। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले भ्रष्ट गठबंधन को दो महीने बाद करारा जवाब मिलेगा। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के सह-प्रभारी शर्मा ने सोरेन को पार्टी (भाजपा) में शामिल करने से संबंधित समारोह में यह आरोप लगाया। चंपई सोरेन ने 28 अगस्त को झामुमो छोड़ दी थी।

# उत्पाद की गलत ब्रांडिंग संबंधी याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

**पतंजलि विवाद**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पतंजलि के दिव्य दंत मंजन को शाकाहारी ब्रांड के रूप में कथित रूप से पेश करने के खिलाफ कार्रवाई किये जाने के अनुरोध संबंधी याचिका पर शुक्रवार को केंद्र से जवाब मांगा। याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि हालांकि दंत चिकित्सा उत्पाद को हरे रंग के डॉट के साथ बेचा जा रहा है, जो कि यह दर्शाता है कि यह एक शाकाहारी वस्तु है लेकिन इस दंत चिकित्सा उत्पाद में मछली का अर्क है, जो एक मांसाहारी घटक है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने वकील यतिन शर्मा की याचिका पर केंद्र, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के साथ-साथ पतंजलि, दिव्य फार्मेसी, योग गुरु रामदेव और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया।

# मोदी का मणिपुर आना जरूरी नहीं था : बीरेन सिंह

नयी दिल्ली, एजेंसी

- बोले - इस्तीफा क्यों दूं, घोटाला नहीं किया, मणिपुर को तोड़ा नहीं जा सकता
- कुकी समुदाय के लिए अलग प्रशासन की इजाजत नहीं देंगे



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अगले छह महीने में राज्य में शांति बहाल करने का दावा किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा पर कहा कि मैं इस्तीफा क्यों दूं? क्या मैंने कुछ चुराया है? कोई घोटाला किया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मणिपुर नहीं जाने पर कहा कि तनाव के बीच उनका आना जरूरी नहीं था। प्रधानमंत्री दो बार संसद में हिंसा पर बात रख चुके हैं।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कुकी समुदाय की अलग प्रशासन की मांग को खारिज करते हुए खुद को राज्य के हित के पैरोकार के रूप में पेश किया है, जो इसकी पहचान को कमजोर नहीं होने देगा। साक्षात्कार में सिंह ने मणिपुर को छोटा, मेहनती राज्य बताते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों का दो हजार वर्षों का इतिहास है। उन्होंने कहा कि इस राज्य को बनाने के लिए कई कुर्बानियां दी गईं। इसको तोड़ा नहीं जा सकता। हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। कुकी समुदाय की मांग को पहली बार स्पष्ट तौर पर खारिज किया गया है। नयी दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कुकी-जो समुदाय के कुछ प्रतिनिधियों ने पुडुचेरी की तर्ज पर विधानसभा के साथ एक केंद्र-शासित प्रदेश के निर्माण की मांग की। मेइती समुदाय से आने वाले सिंह मणिपुर में पिछले साल मई में भड़की जातीय हिंसा को लेकर विपक्ष के निशाने पर हैं।

कुकी संगठन उन पर जातीय हिंसा में मेइती समुदाय का पक्ष लेने का आरोप लगा रहे हैं। इस हिंसा के कारण मणिपुर के समाज में अभूतपूर्व ध्रुवीकरण देखने को मिल रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री ने राज्य के पहाड़ी क्षेत्र के लिए एक विशेष विकास पैकेज के प्रति समर्थन जताया। सिंह ने जातीय हिंसा से निपटने में मेइती समुदाय का पक्ष लेने के आरोपों को खारिज किया और कहा कि वह हर समुदाय के मुख्यमंत्री हैं, चाहे वह मेइती हो, कुकी हो या नगा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने खुद को पीछे किया और केंद्र को बातचीत तथा सुरक्षा उपायों के माध्यम से शांति बहाल करने संबंधी प्रयासों का नेतृत्व करने दिया। सिंह ने भरोसा जताया कि मणिपुर में पांच-छह महीने में शांति बहाल हो जाएगी।



# पेरिस पैरालंपिक 2024



# निशानेबाजी: अवनि को स्वर्ण और मोना को कांस्य

## मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक जीता, मोना अग्रवाल ने 228.7 का स्कोर किया

पेरिस, एजेंसी

भारतीय महिला निशानेबाज अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग की स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। वहीं मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक अपने नाम किया।

दक्षिण कोरिया की ली युनरी और अवनि के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। अवनि ने आखिरी शॉट पर 10.5 का स्कोर किया। वहीं कोरियाई निशानेबाज का आखिरी शॉट पर 6.8 का स्कोर रहा। इसी के साथ अवनि ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। युनरी को 246.8 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं मोना अग्रवाल ने 228.7 का स्कोर करते हुए कांस्य पदक जीता। हालांकि निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल 561 अंकों के साथ नौवें स्थान रहे।



अवनि लेखरा | मोना अग्रवाल

भारत के मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच 1) स्पर्धा में रजत पदक जीता। 22 वर्ष के नरवाल ने तोक्यो पैरालंपिक में मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच 1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह कुछ समय तक आगे चल रहे थे लेकिन कुछ खराब शॉट के कारण वह दक्षिण कोरिया के जो जियोंगडू से पिछड़ गए। भारत के निशानेबाज शिवा नरवाल के बड़े भाई मनीष ने 234.9 स्कोर किया जबकि जियोंगडू ने 237.4 स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। नरवाल क्वालीफिकेशन दौर में 565 स्कोर करके पांचवें स्थान पर रहे थे।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 6 | 7 | 3 | 16 |
| ब्रिटेन | 6 | 5 | 3 | 14 |
| ब्राजील | 4 | 1 | 4 | 9 |
| नीदरलैंड्स | 4 | 1 | 1 | 6 |
| इटली | 3 | 2 | 6 | 11 |
| आस्ट्रेलिया | 3 | 2 | 2 | 7 |
| फ्रांस | 2 | 4 | 1 | 7 |
| कोलंबिया | 2 | 1 | 0 | 3 |
| भारत | 1 | 1 | 2 | 4 |

### शेख आखिरी स्थान पर रहने के बाद बाहर

**पेरिस।** भारत के अरशद शेख पेरिस पैरालंपिक की ट्रैक साइकिलिंग पुरुष परस्यूट सी2 स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में सबसे आखिरी नौवे स्थान पर रहकर बाहर हो गए। 31 वर्ष के शेख ने 4 : 20 .949 में दौड़ पूरी की। शीर्ष चार ने फाइनल के लिये क्वालीफाई किया। फ्रांस के अलेक्जेंडर ल्यूते शीर्ष पर रहे जबकि बेल्जियम के इवुड व्रोमेंट दूसरे और ब्रिटेन के मैथ्यू रॉबर्टसन तीसरे स्थान पर रहे। शेख अब ट्रैक साइकिलिंग में पुरूषों के 1000 मीटर टाइम ट्रायल सी 1.3 वर्ग में उतरेंगे। वह रोड साइकिलिंग में भी भाग लेंगे।

### रोइंग: स्टार पैरारोवर अनीता और नारायण की जोड़ी ने रेपेचेज रांउड के लिए किया क्वालीफाई

**पेरिस।** भारत की स्टार पैरारोवर अनीता और नारायण कोंगनापल्ले की जोड़ी ने शुक्रवार को पैरा रोइंग पीआर3 मिश्रित युगल स्कल्स हीट्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए रेपेचेज राउंड में जगह बना ली है। यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने .84 का समय लेकर पांचवां स्थान हासिल रही और रेपेचेज राउंड के लिए क्वालीफाई किया। रेपेचेज राउंड शानिवार को दोपहर तीन बजे होगा।

### महिला खिलाड़ी डिस्कस थ्रो स्पर्धा के फाइनल में हारीं

**पेरिस।** भारतीय महिला डिस्कस थ्रो खिलाड़ी साक्षी कसाना और कमरज्योति को शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की डिस्कस थ्रो एफ 55 स्पर्धा के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में साक्षी एवं करमज्योति क्रमश छठें और सातवें स्थान पर रहीं। साक्षी ने 21.49 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका जबकि करमज्योति ने भी इस स्पर्धा में 20 .22 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### सुहास, नितेश और तुलसीमति सेमीफाइनल में, मानसी और मनोज बाहर

**पेरिस।** तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास यथिराज और नितेश कुमार ने शुक्रवार को यहां पैरालंपिक की बैडमिंटन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए क्रमश : पुरुष एकल एसएल4 और एसएल3 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया तुलसीमति मुरूगेसन ने ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर महिला एकल एसयू5 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने पुर्तगाल की बिट्रिज मोंटेरियो को 21-12 21-8 को हराकर ग्रुप में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। 2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास ने एसएल4 वर्ग में कोरिया के शिन क्यूंग हवान को दूसरे मैच में 26-24, 21-14 से शिकस्त देकर तीन खिलाड़ियों के ग्रुप ए में शीर्ष पर रहे। वहीं नितेश ने चीन के यांग जियानयुआन को 21-5, 21-11 से हराया। जिससे वह एसएल3 वर्ग के चार खिलाड़ियों के ग्रुप ए में शीर्ष दो में शामिल रहे। अब वह अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में थाईलैंड की बुनसुन मोंगखोन से भिड़ेंगे। हालांकि मानसी जोशी को महिला एकल एसएल3 ग्रुप ए के दूसरे मैच में यूक्रेन की ओकसाना कोजयाना से 21-10, 15-21, 21-23 से हार मिली। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मनोज को भी ग्रुप ए के दूसरे मैच में बुनसुन से 19-21, 8-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

## दृष्टिबाधित जूडोका कपिल और कोकिला दिखाएंगे दम



खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं देते खेल मंत्री और कारागर मंत्री।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**● पैरालंपिक में जाने वाले जूडोकाओं को खेल मंत्री ने दीं शुभकामनाएं**

**अमृत विचार :** पेरिस पैरालंपिक में प्रतिभाग करने को भारतीय दृष्टिबाधित जूडोका कपिल परमार व कोकिला शनिवार को रवाना होंगे। इन खिलाड़ियों की रवानगी से पूर्व विदाई समारोह इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन द्वारा इंडियन पैरा जूडो अकादमी, हजरतगंज में आयोजित किया गया। भारत के इन खिलाड़ियों को एक समारोह में उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान और खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने दोनों खिलाड़ियों को पदक जीतने की शुभकामनाएं दी।

ये दोनों खिलाड़ी इंडियन पैरा जूडो अकादमी में मुनव्वर अंजार की देख-रेख में अभ्यास कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के कपिल परमार विश्व रैंकिंग में नंबर वन हैं जबकि हरियाणा की कोकिला छठें पायदान पर हैं। पैरालंपिक में कपिल 60 किग्रा से कम जे-1 भारवर्ग में एवं कोकिला 48 किग्रा से कम जे-2 भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह टीम चेयरमैन इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के चेयरमैन अवनीश कुमार अवस्थी के नेतृत्व में पेरिस पैरालंपिक के लिए शनिवार को रवाना होगी। भारतीय टीम के साथ मुख्य कोच मुनव्वर अंजार, महिला कोच कम स्कार्ट आयशा मुनव्वर एवं सुधीर हलवासिया भी रवाना होंगे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम और इंडियन ब्लाइंड एंड पैराजूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

### राकेश और सरिता तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय एथलीट राकेश कुमार और महिला तीरंदाज सरीता ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा में अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में राकेश कुमार ने पैरा तीरंदाजी के पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सेनेगल के अलीउ ड्रेम को 136-131 से हराया। राकेश का अगला मुकाबला एक सितंबर को इंडोनेशिया के केन स्वगुमिलांग से होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में सरिता ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन के प्री क्वार्टर मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई। सरिता ने मलेशिया की नूर जन्नतन को 138-124 से हराया।

## प्रीति को 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में कांस्य

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय धाविका प्रीति पाल ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत लिया। प्रीति ने शुक्रवार को हुए मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर की दौड़ 14.21 सेकंड में पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (2024) की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति पाल ने भारत के लिए तीसरा पदक जीता है। प्रीति ने पहली बार पैरालंपिक में स्पर्धा कर रही थी। उनका पैरालंपिक में यह पहला पदक है। मीडिया से बातचीत में प्रीति ने कहा, मुझे यकीन ही नहीं हो रहा है कि मैंने देश के लिए पदक जीता है। उन्होंने कहा यह मेरा पहला पैरालंपिक था और यह मेरा पहला पदक है। उन्होंने अपने परिवार, साथियों और संबंधियों को समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### भारत का तीसरे दिन का कार्यक्रम

**निशानेबाजी :** पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 (क्वालीफिकेशन) : स्वरूप महावीर उन्हालकर - दोपहर 01 :00 बजे

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 (क्वालीफिकेशन) : रूबीना फ्रांसिस - दोपहर 03 .30 बजे

**ट्रैक साइकिलिंग :** महिलाओं की 500 मीटर टाइम ट्रायल सी1-3 (क्वालीफिकेशन) : ज्योति गडेरिया - दोपहर 01 .30 बजे

पुरुषों की 1,000 मीटर टाइम ट्रायल सी1-3 (क्वालीफिकेशन) : अरशद शेख - दोपहर 01 .49 बजे

**नौकायन :** मिश्रित पीआर3 डबल स्कल्स (रेपेचेज) : भारत (अनीता और नारायण कोंगनापल्ले) - दोपहर 03 .00 बजे

**तीरंदाजी :** महिला कंपाउंड (1/8 एलिमिनेशन 2) : सरिता देवी बनाम एलोनोरा सारती (इटली) - शाम 07 .00 बजे

महिला कंपाउंड (1/8 एलिमिनेशन 8) : सरिता देवी बनाम मारियाना ज़ुनिगा (चिली) - शाम 08 .59 बजे

**एथलेटिक्स :** पुरुष भाला फेंक एफ57 (पदक स्पर्धा) : प्रवीन कुमार - रात 10 .30 बजे

### भाविना और सोनल की जोड़ी टेबल टेनिस क्वार्टर फाइनल में हारी

**पेरिस।** भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल और सोनलबेन पटेल शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में महिला युगल डब्ल्यूडी 10 वर्ग में ए यंग जंग और संध्या मून के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 1-3 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को 39 मिनट तक चले मुकाबले में 5-11 6-11 11-9 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भाविना और तोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता सोनलबेन अब अपने-अपने एकल स्पर्धा में भाग लेंगी। भाविना 2021 में तोक्यो खेलों के दौरान पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं थी। वह 12 महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। भाविना क्लास 4 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। भाविना की तरह सोनल भी छह महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। इससे उनके दोनों पैर और दायें हाथ में विकार हो गया था। वह 90 प्रतिशत दिव्यांगता वाले क्लास तीन वर्ग में खेलती है।

### अफगानिस्तान की जाकिया ने रचा इतिहास

**पेरिस।** अफगानिस्तान की जाकिया खुदादादी ने पेरिस पैरालंपिक में शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। जाकिया ने गुरुवार को ताइक्वांडो में महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में तुर्की की एकिंसी नूरसिहान को हराकर कांस्य पदक जीता। जाकिया इस जीत के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान भावुक हो गयी। उन्होंने कहा, यह एक अविश्वसनीय पल है, जब मुझे एहसास हुआ कि मैंने कांस्य पदक जीत लिया है तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगा। उन्होंने कहा, यहां तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत कुछ करना पड़ा। यह पदक अफगानिस्तान की सभी महिलाओं और दुनिया के सभी शरणार्थियों के लिए है। मुझे उम्मीद है कि एक दिन मेरे देश में शांति होगी।



**● शरणार्थी टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी**

## यानिक सिनर और स्वियातेक तीसरे दौर में

न्यूयॉर्क, एजेंसी

**अमेरिकी ओपन**

**● कैरालिना मुचोवा ने ओसाका और अल्कराज को बोटिक वान ने हराकर किया बाहर**

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और इगा स्वियातेक ने आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका और कार्लोस अल्कराज को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने जापान की क्वालीफायर एना शिबहारा को 6-0, 6-1 से हराया। सिनर ने पुरुष वर्ग के एकल मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-4, 6-0, 6-2 से हराया। उनका अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओ कोनेल से होगा। अल्कराज़ को दूसरे दौर में विश्व के 74वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी बोटिक वान डी ज़ैंडस्चुल्प से 6-1, 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। ओसाका को कैरोलिना मुचोवा ने 6-3, 7-6 (5) से हरा दिया।



बोटिक वान

पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव और दसवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। मिनौर का अगला मुकाबला डैन इवांस से होगा। महिला वर्ग में इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने कारोलिना प्लिस्कोवा के पांव की चोट के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में प्रवेश किया। उनका मुकाबला यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा।



### बोपन्ना-एबडेन दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रॉबिन हास को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एबडेन ने गुरुवार रात को 64 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मुकाबले में 6-3, 7-5 से से जीत दर्ज की। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन दूसरे दौर में स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया की गैरवरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश के दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश से धुला

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गयी थी। तेज बारिश के कारण खिलाड़ी और टीम अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे दिन का खेल रद कर दिया। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में बांग्लादेश सातवें और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है।

## अहलावत संयुक्त 10वें स्थान पर

जकार्ता, एजेंसी

**इंडोनेशिया ओपन**

भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने सप्ताह की अच्छी शुरुआत करते हुए 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार-अंडर 67 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 10वें स्थान पर हैं। अहलावत ने पांच बर्डी और एक बोगी की। वह शीर्ष पर काबिज आरोन विल्किन से छह शॉट पीछे हैं। विल्किन ने 10-अंडर 61 का स्कोर करके यहां नया रिकॉर्ड बनाया। भारतीय खिलाड़ियों में सप्तक तलवार, वरुण चोपड़ा और खलिन जोशी संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। अंगद चीमा (70) संयुक्त 53वें, एस चिक्कारंगप्पा, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान संयुक्त 66वें, युवराज संधू (72) संयुक्त 87वें जबकि गगनजीत भुल्लर (73) और करणदीप कोचर (73) संयुक्त 104वें तथा अजितेश संधू और हनी बैसोया संयुक्त 129वें स्थान पर हैं।



**ब्रिटिश मास्टर्स**

### शर्मा और चौहान संयुक्त 30वें स्थान पर

**विशॉ (इंग्लैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और ओम प्रकाश चौहान ने बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के शुरुआती दौर में एक अंडर 71 का समान स्कोर बनाया, जिससे दोनों संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। शर्मा और चौहान दोनों ने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। इंग्लैंड के पॉल वारिंग ने अंतिम नौ होल में पांच अंडर पार का स्कोर बनाकर फ्रांस के जियोंग वेन के साथ बढ़त हासिल की।

**वुमेन आयरिश ओपन**

### प्रणवी फिसलीं, दीक्षा को 29वां स्थान

**डबलिन।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स पहले नौ होल में शानदार शुरुआत करने के बाद आखिरी नौ होल में तीन बोगी के कारण वुमेन आयरिश ओपन के शुरुआती दौर में संयुक्त 45वें स्थान पर है। हमवतन दीक्षा डागर तीन बर्डी तथा दो बोगी की मदद से संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (76) संयुक्त 93वें और रिद्धिमा दिलावरी (79) संयुक्त 128वें स्थान पर हैं।

## बॉलीवुड हलचल



### आठ लोगों के साथ एक कमरे में रहते थे अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने बताया है कि वह कोलकाता में नौकरी करने के दौरान आठ लोगों के साथ एक कमरे में रहते थे। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के ज्ञान-आधारित गेम शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) सीज़न 16 को होस्ट कर रहे हैं। केबीसी के हालिया एपिसोड में एक प्रतियोगी ने अमिताभ को बताया कि वह पुणे में आठ लोगों के साथ एक सिंगल रूम में रहता है। अमिताभ बच्चन ने बताया कि कि उन्हें यह सुनकर आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि वह खुद भी कभी आठ लोगों के साथ रहा करते थे। अमिताभ बच्चन ने कहा, आठ लोग एक कमरे में? आठ से हमे इतना ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ। हम अपने कॉलेज से पढ़ाई करके नौकरी ढूंढने निकले तो हम कोलकाता गए। वहां किसी तरह से नौकरी मिल गई 400 रुपये महीने के। वहां पर भी सर हम जहां रह रहे थे ना, आठ लोग एक कमरे में थे। बहुत मजा आता था। हम लोग आठ थे और पलंग दो था। जमीन पर सोना पड़ता था। आपस में खुश रहते थे। आपस में झगड़ा होता था कि आज इधर सोएंगे, कौन पलंग पर सोएगा और बिस्तर पर रहेगा।

### सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी की आने वाली फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म युध्रा को लेकर चर्चा में हैं। एक्सल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म युध्रा में सिद्धांत चतुर्वेदी जोरदार एक्शन करते नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन रवि उदयावर ने किया है जबकि कहानी श्रीधर राघवन ने लिखी है। फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत में ही सिद्धांत चतुर्वेदी की आवाज बैकग्राउंड में सुनाई दे रही है। वह कहते हैं, मरने से पहले, महाभारत का एक मशहूर किस्सा मैं आपको सुनाता हूं। अभिमन्यू ने मां के पेट से चक्रव्यूह में घुसने का रास्ता तो सीख लिया लेकिन कभी चक्रव्यूह भेद नहीं भाया। इसी के साथ सिद्धांत को एक खूंखार अवतार में दिखाया जाता है। आपको लगा मैं अभिमन्यु हूं, मैं उसका बाप अर्जुन हूं। एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म युध्रा में सिद्धांत चतुर्वेदी, मालविका मोहनन और राघव जुयाल की अहम भूमिका है। यह फिल्म 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### अक्षरा सिंह ने गाया गाना कब तक चुप रहेंगे

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की प्रशिक्षु डॉक्टर को न्याय दिलाने के उद्देश्य से अपना नया गाना कब तक चुप रहेंगे रिलीज किया है। गाने को अक्षरा सिंह ने अपनी आवाज़ दी है, जबकि गीतकार मनोज मतलबी ने इसे लिखा है। संगीतकार घुंघरू जी द्वारा तैयार किए गए इस गाने का म्यूजिक प्रोग्रामिंग छोटू रावत ने किया है। यह गाना अक्षरा सिंह के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने में समाज में व्याप्त अन्याय और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की है। यह गाना एक ऐसे समय में आया है जब महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की मांग के लिए आवाज़ें उठ रही हैं।

## प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष इंटर जोनल नेशनल चैंपियनशिप कल से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन**

**अमृत विचार :** हॉकी इंडिया की देखरेख में प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर मेंस इंटर जोन नेशनल चैंपियनशिप 1 सितंबर से खेली जायेगी। गोमती नगर के विजयंतखंड स्थित पद्मश्री मो.शाहिद हॉकी स्टेडियम में इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। छह टीमें इस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगी। इनमें नॉर्थ जोन, साउथ जोन, वेस्ट जोन, ईस्ट जोन, साई बाल और साई शक्ति शामिल हैं। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले 6 को और फाइनल मुकाबला 7 सितंबर को खेला जायेगा। पहले दिन दो मुकाबले खेले जायेंगे। पहला मुकाबला साउथ जोन और साई शक्ति के बीच खेला जायेगा। दूसरे मुकाबले में नॉर्थ जोन के सामने साई बाल की चुनौती होगी। यह मैच दर्शकों के लिए पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा।

**नॉर्थ जोन की टीम:** राजवीर सिंह, नीरज, शरणदीप सिंह, अमित, नितिन सिंह, फहद खान, रोहित सिंह, सुखप्रीत सिंह, उज्जवल पाल, विनय, लवनूर सिंह, ललित पटेल, शुभम, प्रिंस सिंह, जोबनप्रीत सिंह, सुखमनप्रीत सिंह, राहुल राजभर, मनप्रीत सिंह राय। **टीम मैनजर :** परमजीत सिंह, **मुख्य कोच :** संजय कुमार।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### इंडिगो चेन्नई-जाफना के बीच शुरू करेगा उड़ान

**जाफना।** भारतीय एयरलाइन इंडिगो एक सितंबर से चेन्नई और श्रीलंका के जाफना के बीच दैनिक उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वर्तमान में भारत की एलायंस एयर जाफना के लिए दैनिक उड़ानें संचालित करती है। एलायंस एयर ने 11 नवंबर 2019 को चेन्नई से जाफना के लिए अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान का संचालन शुरू किया। यह उड़ान भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से वित्तीय सहायता के साथ शुरू हुई है।

### ऑस्ट्रेलिया में नशीली दवा के ओवरडोज़ से दो मौतें

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में 24 घंटे में नशीली दवाओं के ओवरडोज से दो लोगों की मौत के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य चेतावनी जारी की गई है। ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र (एसीटी) पुलिस ने गुरुवार को कैनबरा में दो घातक नशीली दवाओं के ओवरडोज़ के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य अलर्ट जारी किया। पुलिस ने बताया कि कैनबरा के केंद्रीय व्यापार जिले में गुरुवार सुबह एक महिला की मौत हो गई और उसके बाद गुरुवार शाम को दूसरी मौत हो गई।

### जर्मनी ने अफगानिस्तान नागरिकों को वापस भेजा

**बर्लिन।** जर्मनी ने 2021 के बाद पहली बार अफगानिस्तान के नागरिकों को शुक्रवार को उनके देश प्रत्यार्पित कर दिया। एक सरकारी प्रवक्ता ने अफगानिस्तानी नागरिकों को दोष सिद्ध अपराधी बताया, लेकिन उनके अपराधों को स्पष्ट करने के लिए टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। अफगानिस्तान के नागरिकों को उनके देश वापस भेजने का यह कदम सोलिंगन में चाकू से हमले की घटना के एक सप्ताह बाद हुआ।

### दुरोव को नागरिकता देना देश के लिए अच्छा : मैक्रों

**बेलग्राद।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल दुरोव को त्वरित नागरिकता प्रदान करने के अपने फैसले का बचाव किया है। दुरोव से टेलीग्राम का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए किए जाने के आरोपों को लेकर फ्रांस में पूछताछ की जा रही है। मैक्रों ने गुरुवार को यह भी कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी दुरोव फ्रांस आ रहे थे तथा सीईओ से मिलने की उनकी कोई योजना नहीं थी।

### तूफान के असर से तोक्यो के आसपास भारी बारिश

**तोक्यो।** जापान के अधिकतर हिस्सों में धीमी गति से आगे बढ़ रहे ऊष्णकटिबंधीय तूफान का व्यापक असर देखने को मिल रहा है जिसके कारण तोक्यो के आसपास भारी बारिश हुई और दक्षिणी जापान में सड़कें तथा नदी के किनारे के इलाके जलमग्न हो गए। तोक्यो के पश्चिम में कानागावा प्रान्त के कई क्षेत्रों में बाढ़ की सूचना है, जहां सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात बाधित हो गया। तोक्यो, कानागावा और निकटवर्ती शिजुओका प्रान्त में भारी बारिश तथा भूस्खलन के खतरे की चेतावनी जारी की गई है। सरकारी चैनल 'एनएचके' में प्रसारित फुटेज में दिख रहा है कि तोक्यो में चेरी ब्लॉसम देखने के लोकप्रिय स्थलों में से एक मेगुरो नदी में कीचड़ वाला पानी बह रहा है और नदी का जलस्तर सामान्य से काफी ऊपर पहुंच गया है।


### जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र जाएंगे ग्रॉसी

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी अगले सप्ताह जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) का दौरा करेंगे, क्योंकि वहां परमाणु सुरक्षा की स्थिति खतरनाक बनी हुई है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि वह अगले सप्ताह जेडएनपीपी का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि वह अपनी यात्रा के दौरान उच्च स्तरीय वार्ता करेंगे और जेडएनपीपी एवं उसके आसपास हुई हालिया गतिविधियों तथा उनके परिणामों का आकलन करेंगे।

### महिला ने 10 वर्षीया बेटी की हत्या स्वीकार की

**लंदन।** इंग्लैंड में भारतीय मूल की 33 वर्षीय एक महिला ने शुक्रवार को अपनी 10 वर्षीय बेटी की हत्या की बात स्वीकार की। बच्ची का शव इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के ''वेस्ट मिडलैंड्स'' क्षेत्र के एक कस्बे में उनके घर पर मिला था। जसकीरत कौर उर्फ जैस्मीन कांग पर चार मार्च को शे कांग की हत्या का आरोप लगाया गया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा था कि बच्ची राउली रेजिस के एक पते पर घायल अवस्था में मिली और उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था।

# टाइटलर पर अभियोग तय करने के दिए आदेश



- 1984 के सिख विरोधी दंगे में तीन लोगों की हत्या का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की एक अदालत ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से संबंधित एक मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों में अभियोग तय करने का आदेश शुक्रवार को दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश राकेश सियाल ने कहा कि उनके खिलाफ अभियोग चलाने के पर्याप्त सबूत हैं। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं। इससे पहले एक गवाह ने आरोपपत्र में कहा था कि टाइटलर एक नवंबर 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक सफेद एम्बेसडर कार से बाहर निकले और यह कहते हुए भीड़ को उकसाया कि सिखों को मार डालो, उन्होंने हमारी मां को मार डाला। इसके बाद उग्र भीड़ ने तीन लोगों को मार डाला। अदालत ने कई अपराधों के लिए आरोप तय करने का आदेश दिया, जिनमें गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना, दंगा करना, विभिन्न समूहों के बीच द्वेष को बढ़ावा देना, घर में जबरन घुसना और चोरी शामिल हैं। अदालत ने आधिकारिक रूप से आरोप तय करने के लिए मामले को 13 सितंबर को सूचीबद्ध किया है।

# एआई तकनीक : एक टूल्स से अनेक समाधान



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक ऐसी तकनीक है जिसमें कंप्यूटर सिस्टम को मानव जैसी बुद्धिमत्ता प्रदान की जाती है, जिससे वे सीख सकते हैं, निर्णय ले सकते हैं और समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। एआई का उद्देश्य कंप्यूटरों को मानव जैसी क्षमताएं प्रदान करना है, जैसे कि सीखना, तर्क करना, और समस्याओं का समाधान करना। एआई के विभिन्न क्षेत्र हैं, जैसे कि मशीन लर्निंग, नेचरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, और कंप्यूटर विजन। एआई का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है, जैसे कि स्वास्थ्य सेवा, वित्त, शिक्षा, और परिवहन। एआई के लाभों में उत्पादकता में वृद्धि, सटीकता में सुधार, और नई संभावनाएं शामिल हैं।

### एआई के कुछ मुख्य क्षेत्र

- मशीन लर्निंग : डेटा से सीखने की क्षमता।
- नेचरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग : मानव भाषा को समझने और उत्पन्न करने की क्षमता।
- कंप्यूटर विजन : दृश्य डेटा को समझने और पहचानने की क्षमता।
- रोबोटिक्स : शारीरिक रोबोटों को नियंत्रित करने की क्षमता।

### व्यापक क्षेत्रों में उपयोग

स्वास्थ्य सेवा : रोगों का निदान, उपचार योजनाओं का विकास, और मरीजों की देखभाल में सुधार करने के लिए। वित्तीय क्षेत्र : जोखिम प्रबंधन, वित्तीय विश्लेषण, और ग्राहक सेवा में सुधार करने के लिए। शिक्षा क्षेत्र : व्यक्तिगत शिक्षा, छात्रों की प्रगति की निगरानी, और शिक्षकों के काम को स्वचालित करने के लिए। परिवहन : स्वायत्त वाहनों, यातायात प्रबंधन, और मार्ग निर्धारण में सुधार करने के लिए। ग्राहक सेवा : चैटबॉट, वर्चुअल सहायक, और ग्राहक सेवा को स्वचालित करने के लिए। निर्माण-उत्पादन : उत्पादन प्रक्रियाओं को स्वचालित करने, गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार करने, और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सुधार करने के लिए। सुरक्षा-निगरानी : सुरक्षा प्रणालियों में सुधार करने, अपराधों का पता लगाने, और निगरानी करने के लिए। खुदरा व्यापार : ग्राहक व्यवहार का विश्लेषण करने, उत्पाद सिफारिशें करने, और खुदरा व्यापार में सुधार करने के लिए। कृषि क्षेत्र : फसलों की निगरानी, मौसम पूर्वानुमान, और कृषि उत्पादन में सुधार करने के लिए।

### इस तकनीक के कई लाभ

- **उत्पादकता में वृद्धि** : एआई सिस्टम कार्यों को स्वचालित कर सकते हैं, जिससे मानव श्रमिकों को अधिक महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।
- **सटीकता में सुधार** : एआई सिस्टम डेटा का विश्लेषण करने और निर्णय लेने में मानव त्रुटि को कम कर सकते हैं।
- **गति में वृद्धि** : एआई सिस्टम डेटा का विश्लेषण करने और निर्णय लेने में तेजी से काम कर सकते हैं।
- **निर्णय लेने में सुधार** : एआई सिस्टम डेटा का विश्लेषण करने और निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं।
- **ग्राहक सेवा में सुधार** : एआई सिस्टम ग्राहक सेवा में सुधार करने में मदद कर सकते हैं, जैसे कि चैटबॉट।
- **नई संभावनाएं** : एआई सिस्टम नई संभावनाएं पैदा कर सकते हैं, जैसे कि स्वायत्त वाहन।

# शेख हसीना और उनके परिवार की विशेष सुरक्षा ली गई वापस

## कानून में संशोधन करेगी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार


**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को दी गई विशेष सुरक्षा गुरुवार को वापस ले ली। अंतरिम सरकार ने कुछ दिन पहले ही उनके राजनयिक पासपोर्ट भी रद कर दिए थे। बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी की खबर में बताया गया कि मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सलाहकार परिषद ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को दी गई विशेष सुरक्षा को हटाने के लिए विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 में संशोधन करने का फैसला किया है। मुख्य सलाहकार कार्यालय (सीएओ) ने सलाहकार परिषद की बैठक के बाद कहा कि विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 पिछली सरकार के निर्णय के बाद लागू किया गया था। इसके बाद 15 मई 2015 को इस कानून के तहत हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को विशेष सुरक्षा देने के लिए एक राजपत्र जारी किया गया।



**बांग्लादेश पर मोदी-बाइडेन में हुई थी व्यापक चर्चा : नई दिल्ली।** भारत ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बाइडेन के बीच टेलीफोन पर बातचीत में बांग्लादेश के मुद्दे पर काफी चर्चा हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मोदी और बाइडेन के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद अमेरिका की प्रेस विज्ञप्ति में बांग्लादेश का मुद्दा नहीं आने पर उठे विवाद पर विस्तार से स्पष्टीकरण दिया।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने की यूनुस से बात



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से बात की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों ने इस बात पर भी सहमति जताई कि अधिक क्षेत्रीय सहयोग दक्षिण एशिया के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### विद्रोह के दौरान मारे गए थे 1000 से अधिक लोग

**ढाका।** बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व वाले जन विद्रोह के दौरान 1,000 से ज्यादा लोग मारे गए और 400 से अधिक लोग दृष्टिहीन हो गए थे। देश की की स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने राजारबाग में मीडिया से बातचीत के दौरान विरोध प्रदर्शन में हताहतों की संख्या के बारे में बताया।

## 'एक्स' पर ब्राजील में लग सकती है रोक

- मस्क ने कोर्ट के आदेश का पालन करने से किया इंकार

**ब्रासीलिया, एजेंसी।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' ने कहा है कि उसने ब्राजील की एक अदालत के 'अवैध आदेशों' का पालन करने से इनकार कर दिया है और उसे आशंका है कि देश में उसकी सेवा बंद कर दी जाएगी। जी1 न्यूज पोर्टल ने गुरुवार को बताया कि ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ने मस्क को 24 घंटे के भीतर अदालत को सूचित करने का आदेश दिया था कि ब्राजील में एक्स का नया कानूनी प्रतिनिधि कौन होगा, अन्यथा उसकी सेवाओं को निलंबित कर दिया जाएगा। एक्स की ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स टीम ने कहा कि ''जल्द ही, हमें आशंका है कि न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ब्राजील में एक्स को बंद करने का आदेश देंगे - केवल इसलिए क्योंकि हमने उनके राजनीतिक विरोधियों को सेंसर करने के उनके अवैध आदेशों का पालन करने से इनकार कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यायाधीश ने एक्स के ब्राजीलियाई कानूनी प्रतिनिधि को कारावास की धमकी दी। टीम ने कहा कि वह अवैध आदेशों का पालन नहीं करेगी।

# कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के सचिवालय के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- भारत ने हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक चिंताएं सामने रखी

**कोलंबो, एजेंसी**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल तथा मालदीव, मॉरीशस एवं श्रीलंका के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा सदस्य देशों के सामने मौजूद सीमापार खतरों एवं साझा चुनौतियों के समाधान वास्ते कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन सचिवालय स्थापित करने के लिए शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) में भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) एवं उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल हुए। इसका संबंध समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-निरोधक और साइबर सुरक्षा से है, जहां भारत ने हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक चिंताएं सामने रखी हैं।

यहां भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) सचिवालय की स्थापना के लिए मालदीव, मॉरीशस और श्रीलंका के प्रतिनिधियों के साथ चार्टर और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है तथा चार्टर एवं समझौता ज्ञापन पर यह हस्ताक्षर कार्यक्रम सीएससी रोडमैप में एक मील का पत्थर है। कोलंबो में इस हस्ताक्षर समारोह की मेजबानी श्रीलंका सरकार ने की।



श्रीलंका में कोलंबो सुरक्षा कॉन्क्लेव सचिवालय की स्थापना के लिए चार्टर और एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान मालदीव, मॉरीशस और श्रीलंका के प्रतिनिधियों के साथ भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल।

### भारत-श्रीलंका में आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**कोलंबो, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और जारी द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। डोभाल शुक्रवार को होने वाले 'कोलंबो सुरक्षा कॉन्क्लेव' में शामिल होने के लिए गुरुवार को यहां पहुंचे। श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग (पीएमडी) ने कहा कि डोभाल ने आज सुबह राष्ट्रपति सचिवालय में राष्ट्रपति विक्रमसिंघे से मुलाकात की। उन्होंने श्रीलंका और भारत के बीच जारी आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। पीएमडी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर राष्ट्रपति के वरिष्ठ सलाहकार सागला रत्नायके भी बैठक में शामिल हुए। कोलंबो सुरक्षा कॉन्क्लेव भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों तथा उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों को एक मंच पर लाता है। कॉन्क्लेव में बांग्लादेश और सेशेल्स को पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है। इस कॉन्क्लेव में समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद की रोकथाम और साइबर सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होती है तथा भारत हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक चिंताओं से अवगत कराता है।

## पाकिस्तान में भूस्खलन से 12 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शुक्रवार सुबह एक घर के भूस्खलन की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई। सरकारी बचाव संगठन ने यहां एक बयान जारी कर कहा कि यह दुर्घटना अपर दीर जिले में हुई जहां पिछले कुछ दिनों से मानसून के कारण भारी बारिश हो रही है। मृतकों में तीन महिलाएं, छह बच्चे और तीन पुरुष शामिल हैं, जो एक ही परिवार के सदस्य थे और भूस्खलन के समय घर में सो रहे थे। सभी शवों को घर के मलबे से बरामद किया गया और मलबे को हटाने का कार्य अभी तक चल रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हो रही है।




**गणपति बप्पा मोरया...**

भगवान गणेश की पूजा के लिए समर्पित पर्व गणेश चतुर्थी इस साल 6 सितंबर को मनाया जाएगा। महाराष्ट्र समेत देश के अन्य हिस्सों में इस पर्व को मनाने और भगवान की मूर्ति को पूजा पंडालों में स्थापित करने की तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। उत्सव से पूर्व पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में श्री गणेश की मूर्ति को अंतिम रूप देता कारीगर।

# कमला हैरिस ने कहा- अमेरिका ट्रंप मुद्दे से आगे बढ़ने के लिए तैयार

**वाशिंगटन, एजेंसी**





- रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पर लगाया देश विरोधी एजेंडे पर चलने का आरोप

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा है कि अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप से संबंधित मुद्दे को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने को तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी एक ऐसे एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं जो देश को विभाजित करता है और इसके लोगों के चरित्र को कमतर करता है। अपने प्रचार अभियान के तहत पहले प्रमुख टेलीविजन साक्षात्कार में 59 वर्षीय अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिकी लोग आगे बढ़ने की नई राह के लिए तैयार हैं।

राष्ट्रपति पद के लिए पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में उनका मुकाबला ट्रंप से होगा। हैरिस ने अपने सह-उम्मीदवार एवं मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज के साथ एक संयुक्त साक्षात्कार में सीएनएन से कहा कि दुख की बात है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप एक ऐसे एजेंडे और एक ऐसे माहौल को आगे बढ़ा रहा है जो हमारे चरित्र और ताकत को कमतर करता है।

**परमाणु हथियारों का उपयोग रोकना बड़ी चुनौती :** अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती निकट भविष्य में परमाणु युद्ध को रोकना है।

### पॉर्न स्टार मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक 'पॉर्न स्टार' को चुप रहने के लिए पैसे देने से जुड़े आपराधिक मामले में एक संघीय अदालत से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया, ताकि उनकी दोषसिद्धि को पलटा जा सके और अगले महीने निर्धारित सजा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने का रास्ता खोजा जा सके।

# कमजोर हो सकती हैं सुनीता की हड्डियां-आंखें, खून की कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स दो महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी अंतरिक्ष में हैं। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के मुताबिक अब उनकी वापसी फरवरी 2025 में होगी। अध्ययनों के अनुसार लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने की वजह से उनके शरीर, आंख और डीएनए में कई तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। अध्ययनों में साबित हुआ है कि लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने पर मानव शरीर पर विपरीत असर पड़ता है। मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि सुनीता को स्पेस एनीमिया (स्पेस में रहने वाले एस्ट्रोनॉट्स में खून की कमी) के साथ आंखों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहा जाता है कि यह समस्या माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में लंबे समय तक रहने की वजह से होती है।

**371 दिन अंतरिक्ष में रहने वाले फ्रैंक में बदलाव दिखा :** सुनीता से पहले भी कई अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में लम्बा समय बिता चुके हैं। सबसे ज्यादा दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का रिकॉर्ड रूस के वालेरी के नाम है। उन्होंने अंतरिक्ष मे 437 दिन बिताए थे।

बीते वर्ष अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक 371 दिन अंतरिक्ष में रहने के बाद वापस लौटे हैं। फ्रैंक में आंख संबंधी समस्याएं, डीएनए में बदलाव और इम्यून सिस्टम में परिवर्तन देखने को मिला।

**सुनीता की मां बोलीं- बेटी के लिए परेशान नहीं :** सुनीता विलियम्स की मां बोनी पांड्या ने कहा कि वह अपनी बेटी के धरती पर लौटने में हो रही देरी को लेकर चिंतित नहीं हैं। अमेरिकी टीवी नेटवर्क न्यूज नेशन ये बोनी ने कहा कि सुनीता अनुभवी अंतरिक्ष यात्री हैं। वह जानती है कि उसे क्या करना है। वह 400 दिनों तक भी अंतरिक्ष में रह चुकी है। सुनीता और बुच विल्मोर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में हैं और उनके पास वहां बहुत काम हैं।

## अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने पर पड़ सकते हैं शरीर पर विपरीत प्रभाव

### 86 दिन से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसी हैं सुनीता



नासा ने हाल ही में बताया है कि सुनीता विलियम्स और बुच फरवरी 2025 तक धरती पर लौटेंगे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी का कहना है कि इंटरनेशन स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में फंसे दोनों एस्ट्रोनॉट को बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल में लाना खतरनाक हो सकता है। दोनों अंतरिक्ष यात्री 5 जून को इसी स्पेसक्राफ्ट से आईएसएस भेजे गए थे। नासा ने बताया था कि सुनीता और बुच विल्मोर फरवरी में इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से लौटेंगे।

### अंतरिक्ष से लौटने पर हो सकते हैं ये बदलाव

**ढीली पड़ सकती हैं मांसपेशियां :** अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण सुनीता की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। लंबा समय बिताने पर उनकी हड्डियां भी कमजोर हो सकती हैं। हर महीने उनकी हड्डियों का घनत्व 1 प्रतिशत कम हो सकता है।

**कमजोर हो सकती हैं आंखें :** लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने पर सुनीता को स्पेसफ्लाइट एसोसिएटेड न्यूरो ऑक्यूलर सिंड्रोम का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या में आंखों की नसों पर दबाव पड़ता है और नजर कमजोर हो जाती है।

**विकिरण का खतरा भी संभव :** अंतरिक्ष में सुनीता को उच्च स्तर के रेडिएशन (विकिरण) का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में उनमें कैंसर व अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। शरीर की कोशिकाओं, डीएनए में भी परिवर्तन हो सकता है।

# इजरायल ने हमास सेल प्रमुख हाजेम को मारा

- खुफिया जानकारी पर आईडीएफ ने जेनिन में की कार्रवाई

**कीव, एजेंसी**

इजरायली सशस्त्र बलों ने वेस्ट बैंक में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान जेनिन में हमास सेल के प्रमुख वासेम हजेम को मार गिराया। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा कि उत्तरी सामरिया क्षेत्र में आईडीएफ, आईएसए और इजराइल सीमा पुलिस के आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान जेनिन में हमास आतंकवादी संगठन के प्रमुख वासेम हाज़ेम के नेतृत्व में एक वाहन में आतंकवादी सेल की पहचान की गई जिसके बाद इज़राइल सीमा पुलिस बलों ने सटीक खुफिया जानकारी पर हाजेम को मार गिराया।

### गाजा पट्टी में बमबारी में 31 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी पर इजराइली बमबारी में गुरुवार को 31 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि एक इजराइली ड्रोन ने दक्षिणी गाजा पट्टी में रफाह शहर के पूर्व में फिलिस्तीनियों के जमावड़े को एक मिसाइल से निशाना बनाया। चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि इस हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार रफाह शहर के उत्तर में औद्योगिक क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल पर इजरायली ड्रोन हमले में तीन युवक मारे गए। गाजा शहर के पश्चिम में एक घर पर एक इजराइली हमले में आठ फिलिस्तीनी मारे गए।